सूर्योदय 5:53 सूर्यास्त 6:48

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.6 न्यू | 23.4 अधि |
| धर्मशाला | 13.0 न्यू | 25.6 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72943 .68 |
| निफ्टी | 22147 .90 |

सोना 74,130 चांदी 86,035

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 17 अप्रैल, 2024 | 5 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 119, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज के अंक में

- समय पर काम पूरा नहीं हुआ तो करेंगे विभाग का घेराव
- सीएम धर्मशाला से कर रहे सौतेला व्यवहार: संजय

पृष्ठ 4 पर पढ़ें



- देव बेल में देव माहूंनाग मौवीसेरी प्रथम
- बड़ी माली पर धवाल के मुकेश व अमृतसर के अमृतपाल का कब्जा

पृष्ठ 6 पर पढ़ें



- कसोल घाटी में सतलुज पूजा देखने उमड़े श्रद्धालु
- घुमारवीं में खीर खाने से 50 लोग बीमार

पृष्ठ 11 पर पढ़ें



- पूजा हेगड़े ने मुंबई में खरीदा 45 करोड़ का घर
- गुजरात के खिलाफ लय हासिल करने उतरेगी दिल्ली

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## रामनवमी : मां सिद्धिदात्री


**रामनवमी** के दिन कन्या पूजन किया जाता है और मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मां की पूजा से समस्त सिद्धियों का ज्ञान प्राप्त होता है। जीवन से हमेशा के लिए अंधकार का अंत होता है। मां की पूजा बेहद शुभ मानी गई है। इसके अलावा यह दिन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। नवरात्र में व्रत रखने के बाद कन्या पूजन



करने से माता प्रसन्न होती हैं। सुख-समृद्धि, धन-संपदा का आशीर्वाद देती हैं। इसके साथ ही कन्या पूजन करने से कुंडली में नौ ग्रहों की स्थिति मजबूत होती है।

*'सर्वभूता यदा देवी स्वर्गमुक्ति प्रदायिनी।
त्वं स्तुता स्तुतये का वा भवन्तु परमोक्तयः ।।'*

## आज का मैच




गुजरात टाइटंस | दिल्ली कैपिटल्स

स्थान: अहमदाबाद, समय : रात 7:30 बजे

# दुर्गाष्टमी पर हजारों भक्तों ने शक्तिपीठों में नवाया शीश










### वीवीपैट से निकली पर्चियों का ईवीएम से पड़े वोटों के साथ मिलान करवाने की मांग पर सुनवाई

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा ईवीएम से छेड़छाड़ पर है कोई सजा

एजेंसी, नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) से निकलने वाली सभी पर्चियों का मिलान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से पड़े वोटों के साथ करवाने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। दो घंटे से अधिक समय तक सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए 18 अप्रैल तक टाल दिया। कोर्ट ने कहा कि जब तक कड़ी सजा का डर नहीं होगा, हेरफेर की संभावना हमेशा बनी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मान लीजिए कि जो सजा तय की गई है, उसमें कुछ हेरफेर किया गया है। यह गंभीर बात है। यह डर होना चाहिए कि अगर कुछ गलत किया है तो सजा मिलेगी।

**अब 18 अप्रैल को होगी मामले की सुनवाई**

चुनाव आयोग के वकील ने कहा कि कार्यालय का उल्लंघन दंडनीय है। जस्टिस खन्ना ने कहा कि हम प्रक्रिया पर नहीं, बल्कि कोई हेरफेर किया गया है तो उसके संबंध में कोई विशेष प्रावधान पर बात कर रहे हैं। हालांकि, कोर्ट ने साथ ही यह भी कहा कि सिस्टम पर संदेह नहीं किया जाना चाहिए। जस्टिस दत्ता ने याचिकाकर्ताओं की दलीलों पर कहा कि मेरे गृह राज्य पश्चिम बंगाल की जनसंख्या जर्मनी से भी अधिक है। हमें किसी पर भरोसा करने की जरूरत है। इस तरह व्यवस्था को गिराने की कोशिश न करें। ईवीएम को लेकर सुप्रीम कोर्ट से चुनाव आयोग ने किया सवाल पूछा कि क्या वोटिंग मशीन में हेरफेर करने वाले अधिकारियों के लिए कोई सजा का प्रावधान भी है।



**ईवीएम कैसे काम करती है आयोग दे पूरा ब्यौरा**

### कोर्ट ने प्रशांत भूषण से पूछे तीखे सवाल

**प्रशांत** भूषण द्वारा जर्मनी के सिस्टम का उदाहरण देने पर जस्टिस दीपांकर दत्ता ने उनसे तीखे सवाल पूछे। कहा इस तरह के उदाहरण मत दीजिए। यह एक बहुत बड़ा काम है। यूरोपीय उदाहरण यहां नहीं चलेंगे।

### ज्यादातर वोटर्स ईवीएम पर भरोसा नहीं करते, यह डाटा कहां से मिला

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और सोशल एक्टिविस्ट अरुण कुमार अग्रवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करके ईवीएम के वोटों और वीवीपीएटी पर्चियों की 100 फीसदी मिलान की मांग की है। शीर्ष अदालत में एडीआर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि अधिकांश मतदाता ईवीएम पर भरोसा नहीं करते। इस पर जस्टिस दीपांकर दत्ता ने उन्हें टोकते हुए पूछा कि आपने कहा कि अधिकांश मतदाता ईवीएम पर भरोसा नहीं करते। आपको यह डाटा कैसे और कहां से मिला? इसके जवाब में प्रशांत भूषण ने कहा कि एक सर्वेक्षण हुआ था। जस्टिस दत्ता ने कहा कि हम निजी सर्वेक्षणों पर विश्वास नहीं करते। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ईवीएम काम कैसे करती है, उसका पूरा ब्यौरा आयोग जल्द हमें दे।

### प्राइवेट कंपनियां ईवीएम बनाएं तो आप खुश होंगे

**याचिकाकर्ताओं** की ओर से पेश वकील ने आरोप लगाया कि ईवीएम पब्लिक सेक्टर यूनिट की कंपनियां बनाती हैं, जो सरकार के नियंत्रण में होती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या प्राइवेट कंपनी ईवीएम बनाएगी तो आप खुश होंगे? सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील संजय हेगड़े ने शीर्ष अदालत से मांग की कि ईवीएम में दर्ज वोटों का मिलान वीवीपीएटी की 100 फीसदी पर्चियों से किया जाना चाहिए। जस्टिस संजीव खन्ना ने पूछा कि क्या 60 करोड़ वीवीपीएटी पर्चियों की गिनती होनी चाहिए?

# अटल टनल के पास हिमखंड गिरा, चंद्रा नदी का बहाव रुका

- शिंकुला में भी हिमखंड गिरने से सड़क मार्ग बाधित
- नदी ने बनाया रास्ता, टनल को नहीं पहुंचा नुकसान



लाहौल-स्पीति में चंद्रा नदी में ग्लेशियर का मलबा गिरने से रुका नदी का बहाव।

कमलेश वर्मा, कुल्लू

**लाहौल**-स्पीति जिले के सिस्सू में हिमखंड गिरने से चंद्रा नदी का बहाव रुक गया है। नदी में भारी मात्रा में गिरे मलबे के कारण अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल के पास नदी झील का रूप ले चुकी है। हालांकि दोपहर 12 बजे के बाद नदी ने फिर अपना रास्ता बना लिया, साढ़े 12 बजे सब सामान्य हो गया। पुलिस और प्रशासन ने क्षेत्र में अलर्ट जारी किया है। हिमखंड अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल में मात्र 50 मीटर की दूरी पर हुआ, लेकिन इससे टनल को कोई नुकसान नहीं हुआ। (अनंत ज्ञान)

### नदी किनारे बसे गांवों के लिए अलर्ट जारी

**पुलिस** अधीक्षक लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि हिमखंड गिरने की घटना के बाद पुलिस ने नदी के किनारे बसे गांवों के लिए अलर्ट जारी किया है। हालांकि अभी खतरे वाली स्थिति नहीं है। सैलानियों से आग्रह किया गया कि वह नदी किनारे न जाएं। वहीं, लाहौल के शिकुंला में भी एक बड़ा हिमखंड गिरा है, जिस कारण सड़क मार्ग बाधित हो गया है।

अनंत ज्ञान

## अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**अकाउंट डिपार्टमेंट**

कंप्यूटर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में काम करने वाला अनुभवी अकाउंटेंट चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

### डीपफेक वीडियो का शिकार हुए आमिर, एफआईआर दर्ज



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के अभिनेता आमिर खान भी डीपफेक के शिकार हो गए हैं। वीडियो वायरल हो रहा है। इसकी अभिनेता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वायरल हुए वीडियो में आमिर खान एक खास राजनीतिक पार्टी के लिए प्रचार करते नजर आ रहे हैं, लेकिन वायरल हो रहे वीडियो को फर्जी बताया है।

## झेलम नदी में डूबी नाव छह की मौत, तीन लापता



**जम्मू।** कश्मीर के श्रीनगर में मंगलवार को झेलम नदी में नाव पलट गई। इस हादसे में दो बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई है। छह लोगों को रेस्क्यू किया गया है, जबकि तीन लोग अब भी लापता हैं। नाव पर 15 लोग सवार थे। इनमें सात स्कूली बच्चे और आठ लोग शामिल थे। बारिश की वजह से नदी का जलस्तर बढ़ गया था, जिसे लेकर प्रशासन ने अलर्ट जारी किया था। हालांकि, रात को बारिश रुकने के बाद जलस्तर कुछ कम हुआ था। एसडीआरएफ, पुलिस और सेना लापता लोगों की तलाश की जा रही है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

### सुरजेवाला के चुनाव प्रचार पर 48 घंटे बैन

**नई दिल्ली।** हेमा मालिनी के खिलाफ अनुचित टिप्पणी के मामले में चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के खिलाफ एक्शन लिया है। आयोग ने 48 घंटे तक सुरजेवाला के रैली और जनसभा करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। वह सार्वजनिक बैठकें, रोड शो, इंटरव्यू और मीडिया में सार्वजनिक बयान नहीं दे सकेंगे। महासचिव और राज्यसभा सांसद सुरजेवाला ने हरियाणा के कैथल में उम्मीदवार सुशील के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता हेमा मालिनी पर अभद्र टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि हमें लोग विधायक, सांसद क्यों बनाते हैं? हम हेमा मालिनी तो हैं नहीं कि चाटने के लिए बनाते हैं।

**हेमा मालिनी पर टिप्पणी करने पर कार्रवाई**

## महिला सम्मान योजना के तहत जून में मिलेंगे तीन हजार: सुक्खू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन शिमला में प्रेसवार्ता में भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने भाजपा को महिला विरोधी बताया।

प्रदेश सरकार ने महिलाओं को 1500 रुपए देने के लिए फॉर्म भरवाना शुरू कर दिए थे, लेकिन भाजपा ने चुनाव आयोग से शिकायत की और इस पर रोक लगा दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अप्रैल महीने से 1500 रुपए की राशि दी जाएगी। प्रत्येक पात्र महिला को सालाना 18 हजार रुपए मिलेंगे। जून में प्रदेश की पात्र महिलाओं को महिला सम्मान निधि के तहत 3000 रुपए एक साथ दिए जाएंगे। केंद्र सरकार की किसान सम्मान निधि योजना जब चुनाव के दौरान जारी रह सकती है, तो प्रदेश की महिला सम्मान निधि बंद करने को कोई प्रश्न ही नहीं है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में मंत्री जगत सिंह नेगी की ओर से चुनाव आयोग को अवगत कराया गया है। पात्र महिलाएं योजना का लाभ लेने के लिए अपने फॉर्म संबंधित विभाग को दे सकती हैं। विभागीय अधिकारी फॉर्म नहीं लेते हैं तो संबंधित क्षेत्र के कांग्रेस विधायकों के पास इन फॉर्म को जमा करवाया जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया समाप्त होते ही महिलाओं को एक साथ सभी माह के पैसे जारी किए जाएंगे।

### भाजपा ने प्रत्याशियों की 12वीं लिस्ट की जारी

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को 7 लोकसभा उम्मीदवारों की अपनी 12वीं लिस्ट जारी कर दी। इस सूची में महाराष्ट्र की एक, पश्चिम बंगाल की एक, उत्तर प्रदेश से दो और पंजाब से तीन उम्मीदवार शामिल हैं। उत्तर प्रदेश और तेलंगाना में विधानसभा उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की है। महाराष्ट्र के सतारा लोकसभा सीट से छत्रपति उदयनराजे भोंसले, पंजाब से खडूर साहिब से मंजीत सिंह मन्ना, होशियारपुर से अनिता सोम प्रकाश, बठिंडा से परमपाल कौर सिद्धू को उम्मीदवार बनाया है।

**तैयारी** 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे संजय कुंडू, नए पुलिस महानिदेशक की तलाश शुरू

# हिमाचल को 20 दिन बाद मिलेगा नया डीजीपी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल पुलिस को 20 दिन बाद नया डीजीपी मिलेगा। पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसके बाद हिमाचल पुलिस का नया डीजीपी कौन होगा, उसको लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। डीजीपी के पद की रेस में 1989 बैच के संजीव रंजन ओझा का नाम सबसे आगे है। यदि सीनियोरिटी को तवज्जो दी गई तो एसआर ओझा का डीजीपी बनना लगभग तय है।

सूत्रों के अनुसार, गृह विभाग इसी हफ्ते डीजीपी की तैनाती से जुड़ी फाइल मूव करेगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से चर्चा के बाद चुनाव आयोग से नए पुलिस मुखिया की तैनाती को मंजूरी मांगी जाएगी, क्योंकि आदर्श चुनाव आचार संहिता के कारण डीजीपी की तैनाती के लिए चुनाव आयोग की परमिशन जरूरी है।

### एसआर ओझा डीजीपी पद की रेस में सबसे आगे



**फिलहाल** एसआर ओझा डीजीपी पद की रेस में सबसे आगे हैं। एसआर ओझा पांच महीने पहले ही केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे हैं। केंद्र सरकार में वह सीआरपीएफ में डीजीपी पद पर सेवाएं दे चुके हैं। वर्तमान में ओझा डीजी जेल में सेवाएं दे रहे हैं। बीते मार्च महीने में संजय कुंडू के छुट्टी पर जाने के बाद ओझा 13 दिन तक डीजीपी का अतिरिक्त कार्यभार भी देख चुके हैं।

### 2025 में होंगे रिटायर

**एसआर** ओझा भी संजय कुंडू के बैच के ही हैं। वह मई, 2025 में रिटायर होंगे। ओझा मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। ओझा के बाद सीनियोरिटी में 1990 बैच के श्याम भगत नेगी हैं, लेकिन नेगी अभी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। उनके प्रदेश लौटने की संभावनाएं कम ही हैं। श्याम भगत नेगी के बाद 1991 बैच के डॉ. अतुल वर्मा और 1993 बैच के अनुराग गर्ग हैं।

### कुंडू और ओझा से सीनियर दिल्ली में

संजय कुंडू और एसआर ओझा से सीनियर यानी 1988 बैच के आईपीएस तपन कुमार डेका अभी दिल्ली में आईबी के डायरेक्टर हैं। वह पिछले साल रिटायर हो चुके हैं और उन्हें एक साल की एक्सटेंशन मिली है। ऐसे में ओझा के डीजीपी बनने की चर्चा है।

### मुख्यमंत्री सुक्खू लेंगे अंतिम फैसला

**नए** डीपीजी का फैसला मुख्यमंत्री सुक्खू पर निर्भर करेगा। सत्ता परिवर्तन होते ही प्रमुख पदों पर सबसे पहले अधिकारी बदले जाते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री सुक्खू ने डीजीपी कुंडू को नहीं बदला। इसका पार्टी के लोगों ने अंदरखाते विरोध भी किया, क्योंकि कांग्रेस ने विपक्ष में रहते हुए कुंडू को पुलिस कांस्टेबल पेपर लीक का मास्टरमाइंड बताया था और उन्हें पद से हटाने के लिए राजभवन के बाहर धरना भी दिया था। जब कांग्रेस सत्ता में आई तो डीजीपी कुंडू को नहीं हटाया गया।

**भ्रामक विज्ञापन केस**

## बाबा रामदेव व बालकृष्ण सार्वजनिक माफी को तैयार



**नई दिल्ली।** पतंजलि भ्रामक विज्ञापन केस में बाबा रामदेव और बालकृष्ण तीसरी बार सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी। वहीं, कोर्ट ने सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि हम कोर्ट से एक बार फिर माफी मांगते हैं। हम जनता के बीच माफी मांगने को तैयार हैं। रामदेव ने कहा कि किसी को भी गलत बताने का हमारा कोई इरादा नहीं था। आगे से जागरूक रहूंगा। कार्य के उत्साह में ऐसा हो गया। कोर्ट ने कहा कि आप इतने मासूम नहीं हैं। ऐसा लग नहीं रहा है कि कोई हृदय परिवर्तन हुआ हो। अभी भी आप अपनी बात पर अड़े हैं। अब इस मामले को 23 अप्रैल को सुनवाई होगी।

- **फटकार लगा बोला कोर्ट-आप इतने मासूम नहीं**
- **मामले की सुनवाई अब 23 अप्रैल को होगी**

### यूपी का आदित्य यूपीएससी टॉपर मंडी के अनमोल को 438वां रैंक



आदित्य



अनमोल

**नई दिल्ली/सरकाघाट।** संघ लोक सेवा आयोग ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा (यूपीएससी सीएसई) 2023 के लिए अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। लिस्ट में कुल 1016 उम्मीदवारों ने जगह बनाई है। इस साल यूपीएससी फाइनल रिजल्ट में लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है।

वहीं, मंडी जिले के सरकाघाट से संबंध रखने वाले 30 वर्षीय अनमोल ने यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफलता हासिल की है। अनमोल ने देशभर में 438वां रैंक हासिल किया है। हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित परीक्षा में अनमोल ने हाल ही में प्रदेश में अव्वल स्थान हासिल किया था। मौजूदा समय में शिमला के टुटू में बीडीओ के पद पर तैनात हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### शर्मा मार्केट में व्यापारियों ने लगाया भंडारा



**बैजनाथ।** बैजनाथ बस स्टैंड की शर्मा मार्केट में व्यापारियों द्वारा नवरात्र के अवसर पर लगातार 12वें भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर रोहित शर्मा, रविंद्र अवस्थी, गुलशन शर्मा, कुलदीप शर्मा, आनंद भूषण, भगवान दास शर्मा, बलदेव राज सूद ,ओम प्रकाश ओमी ,पिंटू अरोड़ा, नरेश कुमार, सुरेश राणा, राज कुमार, मनदीप सिंह, सुरेंद्र अत्री, अर्चना अत्री, प्रियंका, नीलम, सुनीता तथा शुभ लता शर्मा आदि ने भंडारे में योगदान दिया।

### साधुओं से की पूछताछ तो भागे

**धर्मशाला।** भीख मांग रहे साधुओं से जब पूछताछ की गई तो वे भागना शुरू हो गए। साधु इतने डर गए कि उन्होंने छत से छलांग लगा दी। यह मामला पालमपुर के अंतर्गत कालू दी हट्टी का है। मामले को कुछ लोगों ने कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया और इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कालू दी हट्टी के समीप स्थित एक जिम के बाहर पहुंचे साधुओं पर चोरी का शक होने पर जब जिम मालिक ने उनसे पूछताछ की तो उक्त साधुओं ने भागना शुरू कर दिया। पालमपुर में गत दिनों हुई चोरियों पर भी उक्त साधुओं द्वारा किए जाने का शक है। जिम मालिक ने पुलिस को मौखिक शिकायत की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

### अशोक हिमाचली ने नियुक्ति पर जताया आभार



**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेता वर्तमान में प्रवक्ता पंडित अशोक हिमाचली को एक बार फिर बड़ी जिम्मेदारी मिली है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त हिमाचल प्रदेश के मीडिया को-ऑर्डिनेटर के तौर पर एआईसीसी से उनकी ताजपोशी हुई है। अशोक हिमाचली ने बताया है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने मुझे जो जिम्मेदारी मीडिया को-ऑर्डिनेटर बना कर दी है। इस जिम्मेदारी को मैं बखूबी निभाऊंगा। अपनी नियुक्ति के लिए अशोक हिमाचली ने एआईसीसी की सम्मानीय नेता माननीय सोनिया गांधी , राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और हिमाचल के प्रभारी राजीव शुक्ला,हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रानी प्रतिभा सिंह और मेरे राजनीतिक गुरु मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार जताया है।

### डीसी ने मतदान केंद्रों का दौरा किया

**बैजनाथ।** जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा ने जिला कांगड़ा के अति दुर्गम एवं दूरदराज छोटा भंगाल घाटी में मतदान केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान बैजनाथ के एसडीएम देवी चंद ठाकुर भी उनके साथ मौजूद रहे। घाटी के दौरे के दौरान जिलाधीश बड़ा भंगाल में भेजी जाने वाली पोलिंग पार्टियों की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। जिलाधीश का यह दौरा इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि वर्ष 2009 में लोकसभा चुनावों के दौरान बड़ा भंगाल घाटी के लोगों ने सुविधाओं के अभाव में चुनावों का पूर्णतया बहिष्कार किया था।

### शील्ला चौक में फंदे से लटकी मिली युवती

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत शील्ला स्थित किराए के मकान में रह रही एक युवती फंदे में लटकी मिली है। युवती धर्मशाला में बीएड डिग्री कर रही थी और वह रोहडू की रहने वाली थी। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं लग पाया है। युवती की उम्र करीब 24 वर्ष है। जब काफी समय तक युवती कमरे से बाहर नहीं निकली तो पड़ोसियों ने उसे फंदे से लटका पाया। पुलिस थाना प्रभारी आईपीएस मेहर पंवार ने मामले की पुष्टि की है।

### गर्म पानी में धकेला बुजुर्ग, मौत

**देहरा।** ब्लॉक खंड परागपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत नारी में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां हल्की सी कहासुनी के चलते वहां एक 61 वर्षीय बुजुर्ग को पतीले में खोल रहे गर्म पानी के बीच धक्का दे दिया, जिससे उपरोक्त बुजुर्ग सुरेंद्र कुमार की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि इस हादसे मे 73 वर्षीय बुजुर्ग तिलक राज भी बुरी तरह जख्मी हुआ है। डीएसपी देहरा अनिल कुमार व ससांरपुर टैरस पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और अरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने संसारपुर टैरस चौकी में दोनों पक्षों से पूछताछ की । अभी दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है व जांच जारी है । आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर लिया है व जल्द आरोपी को हिरासत में ले लिया जाएगा व मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव बुधवार को परिजनों को सौंप दिया जाएगा ।

# अष्टमी पर देवियों के दर भक्तों का महामेला

## नगरकोट माता श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

नगरकोट माता श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में चैत्र नवरात्र के दौरान अष्टमी के दिन मंगलवार को महागौरी के रूप में मां की पूजा-अर्चना की गई। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा कंजक पूजन भी किया गया। इसके साथ ही मंदिर में बच्चों के मुंडन भी करवाए गए। श्रद्धालु मां के जयकारे लगाते हुए मंदिर परिसर में पहुंचे और मां के दर्शन किए। मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर प्रबंध किए गए थे।

वहीं, मंदिर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी मुस्तैद दिखा। इस दौरान एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल और मंदिर अधिकारी एवं तहसीलदार मोहित रतन ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अष्टमी व नवमी को लेकर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए हुए थे। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा उपवास रखा गया और सुबह से कन्याओं का पूजन किया गया। वहीं, अष्टमी को स्थानीय लोगों व उत्तर प्रदेश से आए कई श्रद्धालुओं ने अपने बच्चों के मुंडन संस्कार भी करवाए। मंदिर अधिकारी एवं तहसीलदार मोहित रतन ने बताया कि अष्टमी पर लगभग 6000 श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। इस दौरान सातवें नवरात्र के चढ़ावे की गणना करने पर लगभग 2 लाख 65 हजार 612 रुपए का चढ़ावा श्रद्धालुओं द्वारा मां के चरणों में अर्पित किया गया। (अनंत ज्ञान)



श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में मंगलवार को मां के दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालु।

## श्री ज्वालाजी मंदिर में 15 हजार भक्तों ने टेका माथा

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

शक्तिपीठ श्री ज्वालाजी मंदिर में चैत्र नवरात्र के दौरान सातवें नवरात्र पर मां के भक्तों ने 13 लाख 56 हजार 339 रुपये का नकद चढ़ावा मां के चरणों में अर्पित किया। यह जानकारी मंदिर अधिकारी मनोहर लाल शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को अष्टमी पर लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने पवित्र ज्योतियों के दर्शन किए। नवरात्र शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहे हैं।

प्रशासन ने हर प्रकार की सुविधा यात्रियों को उपलब्ध करवाई है। सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता रही।



शक्तिपीठ श्री ज्वालाजी मंदिर में अष्टमी पर मां के दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु।

मंदिर कर्मचारियों, पुजारी वर्ग, शहरवासियों व समस्त विभागों के सहयोग से नवरात्र में कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई। (अनंत ज्ञान)

## नाग मंदिर करियाड़ा में 21 कन्याओं का किया पूजन



**गरली।** उपमंडल देहरा के अंतर्गत नाग मंदिर करियाड़ा में दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को 21 कन्याओं का पूजन किया गया। मंदिर प्रबंधक कुलदीप सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में आयोजित कन्या पूजन में लुधियाना, अंबाला, जम्मू, देहरा, गोपीपुर करियाड़ा आदि से यहां मंदिर परिसर पहुंचे भक्तों ने कन्याओं का पूजन कर अपने परिवार की खुशहाली व कारोबार की बढ़ोतरी के लिए आशीवार्द प्राप्त किया। नाग मंदिर प्रबंधक कुलदीप सिंह गुलेरिया ने बताया कि प्रत्येक नवरात्र में यहां कन्या पूजन किया जाता है।

## मां चामुंडा को लगाए 56 प्रकार के भोग

**वॉबी गोस्वामी, चामुंडा**

चैत्र नवरात्र में मंगलवार को अष्टमी के दिन चामुंडा में कई लोगों ने कंजक पूजन के साथ अपने नवरात्र का समापन किया। मंदिर अधिकारी गिरिराज ठाकुर ने बताया कि सप्तमी और अष्टमी एक साथ होने के कारण बीती रात मां का नशीत पूजन कर मां को 56 प्रकार के देसी घी से बने व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। 17 अप्रैल को ठीक 12 बजे यज्ञशाला में पूर्ण होती डाली जाएगी। नवरात्र के दौरान यज्ञशाला में सुभाष मुख्य यजमान व अविनाश सहायक यजमान ने पूजा-अर्चना की। अष्टमी के दिन सात हजार श्रद्धालु चामुंडा देवी में नतमस्तक हुए। अष्टमी के लिए मंदिर को ताजे फूलों से सजाया गया था। लंगर भवन के सामने पार्किंग में भक्त माता चामुंडा के ग्रुप के सौजन्य से पहली बार माता जी के श्रद्धालुओं के लिए विशेष लंगर का प्रबंध किया गया जिसके अध्यक्ष वॉबी गोस्वामी, उपाध्यक्ष पंकज धीमान, लंगर प्रमुख प्रिंस धीमान और भक्तों के सहयोग से भंडारे को संपूर्ण किया गया। (अनंत ज्ञान)



चामुंडा में अष्टमी पर मां के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु।

## राधा नाम जपने से जीवन के सारे कष्ट दूर होते हैं : राम अवतार

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

पुराना कांगड़ा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक चित्रकूट से प्रभु राम अवतार दास ने बताया कि कलयुग में मनुष्य मायाजाल में उलझ कर रह गया है।

मात्र संकट के समय में ही अब प्रभु की याद आती है। कथा के दौरान उन्होंने शुकदेव और महाराज परीक्षित का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि मनुष्य अहंकार के चलते अपने कर्मों और धर्म से मुख मोड़ रहा है। भागवत कथा में जाने को लोगों को समय नहीं है जब कि कोई फिल्म हीरो या सेलिब्रिटी आए तो भीड़ जुट जाती है। उन्होंने बताया राधा नाम जपने से जीवन के सारे कष्ट दूर होते हैं। अपनी दिनचर्या में रोजाना कम से कम दस मिनट राधा नाम का जप करना चाहिए। सभी दुखों और कष्ट का समाधान तय है। उन्होंने कहा भक्ति से ही भगवान मिलते हैं। कथा के मुख्य यजमान तृप्ता परवान ने बताया कि रोजाना सुबह पांच बजे मंगल आरती का आयोजन किया जा रहा है इसके बाद नगर मे बाजार, झाड़ू महादेव शिव मंदिर तक प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र वासियों से भागवत कथा मे शामिल होकर पुण्य का भागीदार बनने की अपील की।



पुराना कांगड़ा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सुनते लोग।

## 18 हजार एमएल अवैध शराब बरामद

**धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के तहत नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन स्थानों से करीब 18 हजार एमएल अवैध शराब बरामद की है। पुलिस थाना कांगड़ा के अंतर्गत रिहालपुर में सोनू कुमार निवासी रिहालपुर की दुकान से सात शराब की बोतल और सेवकरा में सरिता देवी के घर से भी सात बोतल अवैध देसी शराब बरामद की गई है। इसके अतिरिक्त पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत मस्सल में राजेश कुमार निवासी मस्सल की दुकान से 7500 एमएल अवैध शराब बरामद की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि उक्त मामलों को पुलिस आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## राजेंद्र शर्मा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बने

**अनंत ज्ञान, रक्कड़/डाडासीबा**

जसवां-परागपुर के अंतर्गत गांव ससांरपुर टैरस से ताल्लुक रखने वाले राजेंद्र शर्मा की हिमाचल कांग्रेस कमेटी में महासचिव के पद पर ताजपोशी हुई है। राजेंद्र शर्मा को यह जिम्मेदारी उनकी स्वच्छ कार्यशैली, कड़ी मेहनत को देखते हुए आगामी लोकसभा चुनावों के तहत सौंपी गई है।



इस दौरान राजेंद्र शर्मा ने कहा कि आल इंडिया कांग्रेस कमेटी की नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और हिमाचल के प्रभारी राजीव शुक्ला, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रानी प्रतिभा सिंह, पूर्व मंत्री विप्लव ठाकुर और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है मैं उसे बखूबी निभाऊंगा। इन्होंने कहा कि अपनी नियुक्ति के लिए मैं विशेष तौर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं। जिन्होंने मुझे ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्ति पत्र में मेरा नाम दिया और मुझे इतना बड़ा कांग्रेस पार्टी में ओहदा दिया।

राजेंद्र शर्मा ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है इसे कड़ी मेहनत और पूरी लगन के साथ निभाऊंगा।

## फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग ऐप में लुटाए 8,94,550 रुपए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

साइबर थाना धर्मशाला नोर्थ जोन के तहत ऑनलाइन ट्रेडिंग एपलिकेशन के नाम पर ठगों ने एक व्यक्ति से 8,94,550 रुपए की ठगी को अंजाम दिया है।

यह मामला जिला ऊना के अंतर्गत अंब का है। पीड़ित व्यक्ति ने अपनी लिखित शिकायत में आरोप लगाया है कि वह सोशल मीडिया के माध्यम से एक ट्रेडिंग एपलिकेशन में पंजीकृत हुए और इस एपलिकेशन पर निवेश करना शुरू कर दिया है। पंजीकरण होने के बाद उक्त एपलिकेशन अच्छे रिर्टनस दे रही थी, इसलिए उन्होंने अपना निवेश बढ़ा दिया और जब निवेश उक्त राशि तक पहुंचा तो एपलिकेशन बंद हो गई। एपलिकेशन बंद होने के बाद उनके उपभोक्ता संपर्क नंबरों पर भी बात होना बंद हो गई। पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर साइबर थाना धर्मशाला ने मामले को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

मामले की पुष्टि करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण धीमान ने बताया कि ऑनलाइन ठगी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। लोग लालच में आकर फर्जी एपलिकेशनों में पंजीकृत होकर ठगी का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि मामले को दर्ज कर लिया गया है और आगामी जांच शुरू कर दी गई है।

## कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा

**गरली।** लोकसभा चुनावों से ठीक पहले जसवां परागपुर कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए पूर्व किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष जीवन धीमान एवं कार्यकारिणी युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवां परागपुर परीक्षित कुमार, पूर्व सचिव राज ठाकुर, पूर्व युवा सचिव रजनीश ठाकुर ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा। इन्होंने मंगलवार को जसवां परागपुर में पूर्व उद्योग मंत्री विक्रम सिंह के समक्ष मिलकर भाजपा को ज्वाइन किया। जानकारी देते हुए पूर्व किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष जीवन धीमान ने कहा कि कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण उन्हें उपरोक्त पार्टी छोड़नी पड़ी है।

## डाक मतपत्र से वोट डाल सकेंगे आवश्यक सेवाओं में लगे मतदाता : हेमराज बैरवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि आवश्यक सेवाओं में कार्यरत मतदाता अपना वोट डालने के लिए डाक मतपत्र का उपयोग कर सकते हैं। वे रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) को फॉर्म 12-डी जमा करके इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवा अधिकारियों की इस श्रेणी में स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर, पैरा-मेडिकल स्टाफ, एंबुलेंस सेवा कर्मी, एचआरटीसी के ड्राइवर और कंडक्टर (स्थानीय रूट बस सेवाओं को छोड़कर), अग्निशमन सेवाएं, एचपी राज्य दुग्ध संघ और दुग्ध सहकारी हिमाचल प्रदेश स्टेट मिल्क फेडरेशन तथा दुग्ध सहकारी समितियों की दूध आपूर्ति सेवा के कर्मचारी शामिल हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत स्थानीय मीडिया कर्मी, जल शक्ति विभाग में पंप ऑपरेटर और टर्नर और विद्युत बोर्ड के इलेक्ट्रीशियन और लाइनमैन तथा जेल स्टाफ, जिनके मतदाता सूची में नामांकित हैं, डाक मतपत्र के माध्यम से अपना वोट डाल सकते है। बता दें डाक मतदान, जिसे अनुपस्थित मतदान भी कहा जाता है, जिसमें मतदाता मतदान केंद्र पर भौतिक रूप से आने के बजाय मतपत्र के माध्यम से अपना मत डाल सकते हैं। यह विधि उन व्यक्तियों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है।

## नुक्कड़ नाटक से बताया वोट का मोल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

डाक विभाग मंडल धर्मशाला की ओर से चुनाव का पर्व अभियान के तहत करेरी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को मत के अधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर अधीक्षक डाकघर रविंद्र शर्मा ने कहा कि सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए मतदान अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि पात्र सभी युवाओं को अपना वोटर आईडी कार्ड अवश्य बनाना चाहिए ताकि मतदान से वंचित नहीं रह सकें।

अधीक्षक डाकघर रविंद्र शर्मा ने कहा कि मतदान बिना किसी प्रलोभन अथवा दबाव में आए बिना करना चाहिए ताकि सही प्रत्याशी का चयन हो सके। पंचायत प्रधान सुषमा देवी ने पंचायत के सभी मतदाताओं से वोट अवश्य डालने का आग्रह किया।

इस अवसर पर वार्ड मेंबर शिव दत्त, सहायक अधीक्षक कमल शर्मा, डाकपाल सुरेश कपूर, निरीक्षक डाकघर अश्वनी पठानिया, डाक पर्यवेक्षक संजय कपूर, डाक सहायक रेनिश छेत्री, विजय कपूर, रंजन सहित विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित थे।




चुनाव का पर्व अभियान के तहत मंगलवार को करेरी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद ग्रामीण व अन्य।

## पीएम मोदी का संकल्प पत्र विकसित भारत की ओर कदम: त्रिलोक कपूर

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

मोदी जी का संकल्प पत्र विकसित भारत संकल्प की दिशा में एक मजबूत प्रयास है। यह बात भाजपा के प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने पालमपुर में आयोजित एक प्रेस सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि मोदी जी के एक दशक के ऐतिहासिक और सुनहरे कार्यकाल में एक से एक कई छोटे बड़े ऐसे निर्णय हुए हैं जिससे भारत का आत्म सम्मान और आत्म विश्वास बढ़ा है।



आज धारा 370 को समाप्त हुए देश की जनता ने देखा है, नारी शक्ति अधिनियम में 33फीसदी आरक्षण को भी देश की संसद में पारित हुए हमने देखा है। यही नहीं 500 वर्षों का कड़ा संघर्ष अयोध्या में भगवान राम जन्मभूमि पर बने मंदिर को देखा है। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण क्षेत्र की दिशा में 80 करोड़ लोगों को 2029 तक मुफ्त राशन देने का निर्णय करना और 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से निकालना भी एक गरीबों के प्रति सच्ची वचनबद्धता है।

इस चुनाव में संकल्प पत्र के द्वारा सुझावों के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें 15 लाख से ज्यादा सुझाव प्राप्त हुए, चार लाख नमो ऐप के माध्यम से और 10 लाख वीडियो द्वारा संदेश प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि इस संकल्प के दृष्टिगत विकसित भारत की दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य करने का संकल्प लिया, जिसमें मुफ्त राशन योजना को पांच साल तक बढ़ाना जन औषधि को सभी केंद्रों में 80 फीसदी दवाइयां को सस्ता रखना, आयुष्मान भारत में 70 साल से ऊपर की आयु वाले सभी बुजुर्गों को सम्मिलित करना। इसके अतिरिक्त संकल्प पत्र में यह भी निश्चित किया है कि पिछले कार्यकाल में चार करोड़ से अधिक घर बनाए हैं, अब और तीन करोड़ अधिक घर बनाने का संकल्प लिया है। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत घर-घर सिलेंडर पहुंचाया है।

## कुश्ती
### कल्होली माता बैसाखी मेले में बिलासपुर के अजय को दी पटकनी

## उत्तराखंड के पहलवान जावेद ने जीती माली

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

उपमंडल के दयोल गांव में कल्होली माता बैसाखी मेले का मंगलवार को समापन हो गया। तीन दिन तक चले इस मेले में रस्साकस्सी, कबड्डी, दंगल, वॉलीबाल और बच्चों की कई खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। बैजनाथ व्यापार मंडल के प्रधान मनोज कपूर ने इस मेले में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज हम गांव के इन छोटे-छोटे मेलों की वजह से ही अधिकांश तौर पर आपस में मिल पाते हैं इसलिए इन मेलों में हमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। मेले के दौरान आयोजित की गई माली में उत्तराखंड के जावेद बिलासपुर के अजय कुमार को हराकर पहले नंबर पर रहे। वॉलीबाल में संसाल की टीम पहले नंबर पर तथा कंडबाडी की टीम उपविजेता रही। कबड्डी में पहला स्थान बोधा की टीम ने तथा दूसरा स्थान जोगिंद्रनगर की टीम ने प्राप्त किया। वहीं पर शिवा रोलर फ्लोर मिल के मालिक किशोरी लाल कपूर ने मेला कमेटी को 21000 अपनी ओर से दिए।



कल्होली माता बैसाखी मेले में मंच पर मौजूद मुख्यमंत्री व अन्य।



मेले के दौरान आयोजित दंगल में जोर आजमाइश करते पहलवान।

इस मौके पर मेला कमेटी के प्रधान श्रवण कुमार ने मेले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि बैसाखी मेले में 300 वर्ष पुरानी देवी मां पिंडी के रूप में विराजमान है और यहां हर वर्ष यह मेला धूमधाम से मनाया जाता है। इस मौके पर बैजनाथ मंदिर ट्रस्ट के सदस्य मिलाप राणा भी उपस्थित रहे।

## चुनावी चुटकी

### नेता का यहां नाम चलेगा



**अपनी** काबलियत पर नहीं उनको ऐतबार है, इसलिए ही तो दूसरों के कंधों पर सवार हैं। दिल्ली से चले हैं दामन पकड़कर, इसलिए ही तो घूम रहे हैं अकड़ कर। तुम कैसे कर सकते हो हमें बर्बाद, हमें तो दिल्ली दरबार से है पूरा आशीर्वाद। भले ही कोई न रही हमारी उपलब्धि, हमने तो बड़े नेता की पहचान आगे कर दी। आस लेकर आगे बढ़ेंगे, वोट तो उनके नाम से पड़ेंगे। छोटे नेता की नाराजगी बड़ी है, दिल्ली से उनको अभी लताड़ पड़ी है। मजबूरी होगा उनको अब साथ निभाना, वरना पक्का है दिल्ली से चाबुक चल जाना। दिल्ली दरबार से आदेश चला है, जो साथ चलेगा उसका ही भला है। ऐसी नहीं है तुम्हारी औकात, अपने दम से बना लो बात। तभी तो वे दुम दबाए हैं, साथ तो चले हैं चेहरा झुकाए हैं। भाखड़े वाला रौनकी ताऊ भी सब भांप चुका है, जनता की नब्ज को जांच चुका है। आने वाला कोई ऐसा तूफान है, इसलिए खामोश हो चुका पूरा जहान है। -राजेश शर्मा

### लॉलीपॉप मिला है



**नाराजगी** तो नेता जी को बड़ी थी। संकट की उनके लिए यह घड़ी थी। घर में जबरन घुस आए जो मेहमान हैं, चुनाव की घोषणा से पहले ही मिल रहा उनको सम्मान है। ऐसा क्या कर दिया है, जो उनका घर भर दिया है। हमने भी तो कुर्बानी दी थी, सौदे में अपनी जवानी दी थी। साथ निभाने का जो वादा किया था, अपनों से भी विश्वास ज्यादा किया था। नेता जी को मिली ओहदेदारी है, शिमला भेजने की तैयारी है। समर्थकों का दुख भी भारी है, यह नेता जी से हुई गद्दारी है। सियासत में यही होशियारी है तू चल अब उसकी बारी है। भाखड़े वाले रौनकी ताऊ की बात भी कम नहीं है, जनता को नेता का कोई गम नहीं है। अपनों को रोते हुए छोड़ा था, अब किस्मत में लिखा बिछोड़ा था। ऐसी किस्मत फूट चुकी है, उम्मीद पूरी टूट चुकी है। बीबीएन में खबर फैल चुकी है, नेता जी भी इस बात से दुखी हैं। सियासत में बुरा वक्त चला है, बर्फी की जगह लॉलीपॉप मिला है।

हिमाचल लोकसभा चुनाव एक नजर

**कांगड़ा लोकसभा सीट चुनाव परिणाम 2019**

| उम्मीदवार का नाम | पार्टी | कुल वोट | वोट % |
|---|---|---|---|
| किशन कपूर | बीजेपी | 725,218 | 72.84 |
| पवन काजल | कांग्रेस | 247,595 | 24.87 |
| डॉ. केहर सिंह | बीएसपी | 8,866 | 0.89 |
| डॉ. संजीव गुलेरिया | निर्दलीय | 4,573 | 0.46 |

**2014** के चुनाव में बीजेपी के शांता कुमार ने जीत हासिल की थी।

**4,56,163** वोट शांता कुमार को मिले थे




मंडी जिले के बल्ह में लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक।

# बुशहर रियासत के किंग और बॉलीवुड की क्वीन, किसे मिलेगी शह और मात

## विक्रमादित्य बनाम कंगना रनौत के बीच की चुनावी जंग देश भर में बटोर रही सुर्खियां

**जयसिंह ठाकुर, शिमला**

हिमाचल प्रदेश का मंडी संसदीय क्षेत्र लोकसभा चुनाव को लेकर देश भर की सुर्खियों में बना हुआ है। मंडी में चुनावी मुकाबला बॉलीवुड क्वीन बनाम बुशहर रियासत के राजा विक्रमादित्य सिंह के बीच हो रहा है, जिससे मंडी सीट पर हो रहा यह मुकाबला बहुत ही दिलचस्प मोड़ ले रहा है।

भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत जहां युवा होने के साथ-साथ बॉलीवुड की जानी मानी स्टार्स में से एक हैं। वहीं, कांग्रेस ने लंबे मंथन के बाद कंगना के मुकाबले में हिमाचल सरकार के युवा कैबिनेट मंत्री को चुनाव मैदान में उतारा है, जिससे अब मंडी में समीकरण पूरी तरह से बदल गए हैं। प्रदेश सहित देश भर की नजरें मंडी सीट पर लगी हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या बुशहर रियासत के किंग बॉलीवुड क्वीन कंगना रनौत को मात दे पाएंगे।

अपने दमदार अभिनय के बदौलत बॉलीवुड में मुकाम बनाने वाली कंगना रनौत अब हिमाचल प्रदेश की मंडी संसदीय सीट से राजनीति में पहली बार अपना भाग्य आजमा रही है, वहीं प्रदेश के युवा राजपरिवार से संबंधित विक्रमादित्य सिंह भी पहली बार लोकसभा उम्मीदवार के रूप में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। पहले जहां कांग्रेस मंडी से प्रतिभा सिंह को चुनाव मैदान में उतरना चाह रही थी, लेकिन वर्तमान सांसद की हां और न के बीच पार्टी हाईकमान ने अपने विचार को बदलते हुए मंडी से युवा व जाने पहचाने चेहरे को कंगना के मुकाबले में उतारने का मन बना लिया था, जिसमें विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में वीरभद्र सिंह की छवि, युवा कार्यकर्ताओं का समर्थन और कांग्रेस का परंपरागत वोट बैंक एक बड़ा फैक्टर रहा। (अनंत ज्ञान)





### युवा उम्मीदवारों की चुनावी जंग में जोरदार टक्कर

**विक्रमादित्य** सिंह को भी राजनीति में आए काफी लंबा समय हो गया है। उनके पास विभिन्न पदों पर रह कर पार्टी की सेवा करने का एक लंबा अनुभव है। वे युवा कांग्रेस में रहे हैं और शिमला ग्रामीण सीट लगातार दूसरी बार विधायक बने हैं। यही नहीं उन्हें भारी-भरकम लोक निर्माण विभाग के साथ शहरी विकास मंत्री भी बनाया गया है। विक्रमादित्य सिंह युवा हैं और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाली मंडी सीट पर प्रचार में पसीना बहा सकते हैं। ऐसे में मंडी से दो फ्रेश युवा उम्मीदवारों के लिए चुनाव जंग टक्कर की रहने वाली है।

### मंडी संसदीय सीट पर राजपरिवारों का रहा दबदबा

**विक्रमादित्य** सिंह की मां प्रतिभा सिंह सीटिंग एमपी हैं। इससे पहले भी प्रतिभा सिंह दो बार मंडी से सांसद चुनी जा चुकी हैं। इस सीट पर अधिकांश राजपरिवार के सदस्य ही विजयी हुए हैं, जिससे मंडी सीट पर राजपरिवारों का दबदबा रहा है। ऐसे में विक्रमादित्य सिंह को मंडी सीट पर परंपरागत वोट बैंक का भी लाभ मिल सकता है। वहीं, मंडी पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के गृह संसदीय क्षेत्र है। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिमाचल से हैं। इसके अतिरिक्त कंगना भी बॉलीवुड के बड़े नाम में से एक है। इस तरह मुकाबला दिलचस्प होने वाला है।

### वीरभद्र सिंह तीन और प्रतिभा सिंह दो बार रहीं मंडी की सांसद

**विक्रमादित्य** सिंह हिमाचल के छह बार के मुख्यमंत्री रह चुके वीरभद्र सिंह के बेटे हैं। उनकी मां प्रतिभा सिंह हिमाचल कांग्रेस की मुखिया और वर्तमान में मंडी से सांसद भी हैं। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि विक्रमादित्य के खून में राजनीति है। इस बार विक्रमादित्य सिंह शिमला (ग्रामीण) सीट से दूसरी बार विधायक बने हैं। साल 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में वे पहली बार विधायक बने थे। प्रदेश की राजनीति में राज परिवार का कई दशकों का लंबा अनुभव है। मंडी सीट से वीरभद्र सिंह भी तीन बार सांसद बन चुके हैं, वहीं प्रतिभा सिंह भी तीन बार सांसद रह चुकी हैं।

# भाजपा के बड़े नेताओं ने खेला दांव अनुराग ठाकुर को घेरने की तैयारी

▸ हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के 4 कांग्रेस व 2 निर्दलीय विधायकों को भाजपा में मिलाने से बढ़ीं अनुराग की मुश्किलें

**अरविंद शर्मा, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के भाजपा दिग्गज नेता और केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को भाजपा द्वारा पांचवीं बार हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया गया है। अनुराग सिंह ठाकुर हालांकि लगातार पिछले चार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं और अब भी उनके सामने कांग्रेस द्वारा उम्मीदवार घोषित नहीं किया गया है।

हालांकि कांग्रेस के पास कोई इतना बड़ा चेहरा भी नहीं, जो सीधे अनुराग ठाकुर को टक्कर दे सके, लेकिन यहां बात एक अन्य गुट द्वारा अंदर खाते अनुराग ठाकुर को घेरने की है। इस गुट ने कांग्रेस के 6 और 3 निर्दलीय विधायकों को भाजपा ज्वाइन करवाई और इसके चलते एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश की। हालांकि भाजपा द्वारा मिशन लोटस सफल नहीं हो सका, लेकिन इस अन्य गुट ने भाजपा की प्रदेश भर में फजीहत जरूर करवाई और साथ ही हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के 6 विधानसभा क्षेत्रों में 4 कांग्रेस के बागी विधायक और 2 निर्दलीय विधायकों को तवज्जो प्रदान की गई जिससे, अनुराग ठाकुर को प्रदेश की राजनीति से बाहर किया जा सके और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के किसी भी विधानसभा क्षेत्र में अनुराग ठाकुर की एंट्री होना नामुमकिन बन जाए। राजनीतिक पंडितों की मानें तो पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के विरोधी रहे राजेंद्र राणा सहित अन्य कांग्रेस व निर्दलीय विधायकों को भाजपा में एंट्री देकर इसका अनुराग ठाकुर को राजनीतिक रूप से भारी नुकसान के रूप में देखा जा रहा है।

वर्ष 2022 में हुए प्रदेश विधानसभा चुनाव के समय में भी अनुराग ठाकुर व प्रेम कुमार धूमल के करीबी नेताओं को तवज्जों नहीं दी गई, जिसका परिणाम यही निकला कि पूरे हमीरपुर जिले और ऊना में भाजपा केवल एक सीट पर सीमट गई और धूमल के करीबी नेता सत्ता से बाहर हो गए। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेश की राजनीति से दूर करने की रची जा रही साजिश

**केंद्रीय** हाईकमान अब यदि अनुराग ठाकुर को भविष्य में प्रदेश की राजनीति में एंट्री करवाना भी चाहे तो हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में अनुराग ठाकुर को पहले से पूरी तरह से घेराव किया गया है उन्हें कोई भी सेफ विधानसभा सीट नहीं है जहां से वह चुनाव लड़ सके। दूसरी ओर विरोधी गुट द्वारा पहले से 6 अन्य सीटों पर दूसरे दल और विचारधारा के नेता उतारकर स्वयं अनुराग ठाकुर के लिए उनके ही जिले में एक नई समस्या खड़ी कर दी है।

### 50000 रुपए से ज्यादा पकड़ने का पहला मामला

# कांगड़ा संसदीय सीट के तहत पकड़ी 1,72,200 रुपए नकदी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश में आचार संहिता लागू होने के एक माह तक कांगड़ा संसदीय सीट के तहत फ्लाइंग स्कवायड के नकदी बरामद करने का पहला मामला सामने आया है। यह नकदी नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत नूरपुर में पकड़ी गई है।

कांगड़ा संसदीय सीट के तहत आचार संहिता लगने के एक माह में 50000 रुपए से ज्यादा नकदी ले जाने के इस मामले में ये पैसे नूरपुर क्षेत्र में राज्य चुनाव आयोग कि फ्लायंग स्कवॉड ने बरामद किए। वहीं, सूत्रों के अनुसार नकदी ले जा रहे लोगों के अनुसार वे स्कूटी खरीदने के लिए यह नकदी ले जा रहे थे। हालांकि इस मामले में अभी कोई निर्णय नहीं आया है। इस मामले में कुल 1,72,200 रुपए की नकदी बरामद की है। संसदीय सीट के तहत 17 फ्लायंग टीमों के 100 से ज्यादा कर्मचारी व अधिकारी तैनात किए गए हैं। नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत नकदी पकड़ने की पुष्टि करते हुए धर्मशाला स्थित तहसीलदार निर्वाचन, संजय राठौर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। राज्य चुनाव आयोग की ओर से कांगड़ा संसदीय सीट की 17 सीटों में फ्लाइंग स्कवायड की टीमें निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए तैनात की गई है।

हर टीम में राजस्व तथा पुलिस विभाग समेत कुल 6 से 7 कर्मचारी फील्ड में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। तहसीलदार निर्वाचन, संजय राठौर के अनुसार आचार संहिता के दौरान 50000 रुपए से ज्यादा नकदी ले जाने पर कोई साक्ष्य या प्रमाण रखना जरूरी है।

### प्रदेश भर में शराब, चरस, हेरोइन सहित गहने भी बरामद

**प्रदेश** में आगामी लोकसभा चुनाव और उपचुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस और आयकर विभाग द्वारा 7,85,51,662 रुपए की अवैध शराब, नकदी, आभूषण आदि जब्त किए गए हैं। यह जानकारी निर्वाचन विभाग के प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य आबकारी एवं कराधान, पुलिस और अन्य विभागों ने 5.51 करोड़ रुपए मूल्य की 381343 लीटर शराब जब्त की है। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस विभाग ने अब तक 64.18 लाख रुपए की 32 किलोग्राम चरस, 1.03 करोड़ रुपए कीमत की 1.47 किलोग्राम हेरोइन तथा 25 लाख रुपए की नकदी भी जब्त की है। अब तक लगभग 3.35 लाख रुपए के सोने व चांदी के आभूषण भी जब्त किए जा चुके हैं।

# भाजपा कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्रों से वन रैंक-वन पेंशन गायब, 2 लाख 75 हजार सैनिक परिवार खफा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

चुनावी मुद्दा

**हिमाचल** प्रदेश से लगभग एक लाख 15,000 सेवार्थ सैनिक हैं और इसके साथ ही एक लाख 60 हजार के लगभग पूर्व सैनिक हैं। वर्तमान में 2 लाख 75 हजार सैनिक परिवार हैं, जो चुनाव के दौरान खासा प्रभाव डाल सकते हैं। सैनिक परिवार एक रैंक एक पेंशन की उम्मीद लगा बैठे हैं। किसी भी दल ने इसको न तो मुद्दा बनाया और न ही अपने घोषणा पत्र में स्थान दिया है। गौर हो कि एक रैंक एक पेंशन स्कीम पूर्व सैनिकों की बहुत लंबे समय की मांग थी, उसको यह कहकर वर्तमान सरकार अपनी उपलब्धि मानती है कि इस स्कीम को लागू कर दिया है और इसका श्रेय ले रही है, वहीं दूसरी ओर भूतपूर्व सैनिक पूरे देश में जिनकी संख्या 28 लाख के लगभग है, इस बात से खफा हैं कि सरकार द्वारा दिया गया वन रैंक-वन पेंशन का लाभ उनको नहीं मिल पाया है, जबकि सरकार कहती है कि हमने दे दिया है।

बता दें कि पूरे देश के पूर्व सैनिक 20 फरवरी 2023 से भूख हड़ताल, रैलियां तथा कई प्रकार के ज्ञापन सरकार को देकर मांग उठा चुके हैं कि उनको एक रैंक-एक पेंशन सही रूप में नहीं मिला है। गत एक साल से लगातार इसके विरोध में प्रदर्शन जारी है। संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओ आर) हिमाचल प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष कै. जगदीश वर्मा सेवानिवृत्त, महासचिव लेफ्टिनेंट रमेश तपवाल, सूबेदार मेजर रोशन लाल चौहान ने कहा कि उन्होंने अपने संगठन की तरफ से कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन, भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा बीजेपी के चुनाव घोषणा पत्र के 27 लोकसभा सांसदों की कमेटी के अध्यक्ष राजनाथ सिंह को गत 27 मार्च 2024 को एक पत्र लिखकर मांग की थी कि वह एक रैंक एक पेंशन के मुद्दे को अपने चुनावी घोषणा पत्र में जोड़े। दोनों ही पार्टियों ने अपने लोकसभा चुनाव के चुनावी घोषणा पत्रों में पूर्व सैनिकों के इस मुद्दे को उनके बताने के बावजूद नहीं जोड़ा गया, जिससे कि वर्तमान सरकार के विरोध में पूर्व सैनिकों में भारी आक्रोश व विरोध पनप रहा है। इस बारे में कै. जगदीश वर्मा ने बताया कि उन्होंने अपने संगठन की तरफ से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को पांच बार ज्ञापन दिए, लेकिन बहुत ही दुख की बात है कि उन्होंने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया है।

# लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए एकजुट हुई कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा की छह सीटों पर उपचुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस ने एकजुटता दिखाते हुए आपसी मतभेद भुलाकर चुनाव मैदान में भाजपा को शिकस्त देने का दावा किया है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने मंगलवार को शिमला में संयुक्त प्रेस वार्ता कर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा का मिशन लोटस फेल हो गया है और लोकसभा व विधानसभा के उपचुनाव के बाद प्रदेश में कांग्रेस सरकार और मजबूत होगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जनता बिकाऊ लोगों को चुनाव में सबक सिखाएगी। भाजपा ने लोकतंत्र का अपमान कर चोर दरवाजे से सरकार हथियाने की कोशिश की, जिसमें उसे सफलता नहीं मिली और देवभूमि के लोग इसे स्वीकार नहीं करते हैं।

वहीं, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा का हिमाचल में मिशन लोटस फेल हो गया है और भाजपा अपने चक्रव्यूह में फस गई हैं। कांग्रेस के प्रत्याशियों को देखकर अब भाजपा कैंडिडेट बदलने पर विचार कर रही है। हिमाचल में सरकार को अब कोई खतरा नहीं है। लोकसभा चुनाव में जीत का चौका और विधानसभा उपचुनाव में छक्का लगेगा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि चुनावों के वक्त भाजपा असल मुद्दों से हमेशा जनता का ध्यान भटकाने का काम करती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में जा रही है। सरकार ने विकट परिस्थितियों के बावजूद जनहित में कार्य किया है और जो वादे किए थे उन्हें भी पूरा किया है।

# विकास के मामले में कांग्रेस ने की मंडी की अनदेखी : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मंडी**



पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का कहना है कि मंडी जिले को विकास के मामले में जलील करने का खामियाजा कांग्रेस को इन लोकसभा चुनावों में भुगतना होगा।

पूर्व की भाजपा सरकार के समय में मंडी जिले में जो भी विकास के काम शुरू किए थे, उन्हें मौजूदा सरकार ने पूरी तरह से बंद करके रखा है। ऐसे में अब कांग्रेसी किस मुहं से लोगों के बीच जाकर वोट मांगेंगे। यह बात उन्होंने मंडी में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कही। इससे पहले जयराम ठाकुर हृदयवासी मंदिर में जारी श्रीमद्भागवत कथा में शरीक हुए और कथा का श्रवण किया।

# डाकिया बन करूंगी लोगों के काम: कंगना

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत 2 दिवसीय भरमौर दौरे पर भरमौर पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने गैर जनजातीय क्षेत्र मैहला से चुनावी अभियान का आगाज किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से भी मुलाकात की। उन्होंने एक जनसभा को भी संबोधित किया और कहा कि वह इस बार लोगों का डाकिया बनकर काम करेंगी। उन्होंने कांग्रेस के प्रत्याशी व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह पर तंज करते हुए कहा है कि उन्होंने लोगों को यह कहकर टाल दिया कि वह उनका डाकिया है क्या।



उन्होंने मोदी सरकार की विकास की योजना से लोगों को अवगत करवाया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर भरमौर की दुर्दशा करने का आरोपी कांग्रेस पर लगाया है। उन्होंने कहा कि भरमौर के कई गांव ऐसे हैं, जहां पर आज भी सड़क सुविधा न होने के कारण गर्भवती महिलाओं को पालकी के सहारे अस्पताल तक पहुंचाया जाता है। मुझे यहां पर आपका डाकिया बनाकर भेजा है और भविष्य में मुझे कोई भी काम बताने से हिचकिचाना नहीं है। इस मौके पर उनके साथ भरमौर के विधायक डॉक्टर जानकर आज के पूर्व विधायक अर्जुन सिंह सहित कई भाजपा नेता शामिल रहे।

# चुनावों में मतदान के लिए वोटरों का जोश हाई

**प्रदेश की चार लोकसभा व छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का बिगुल बजने के बाद अब दोनों बड़े दलों भाजपा व कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों की ओर से चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हालांकि चुनाव को अभी करीब दो माह का समय शेष है, लेकिन प्रत्याशियों व पार्टियों ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। वहीं, पहली बार मतदान करने वाले युवा-युवतियों में मतदान को लेकर काफी उत्साह है। साथ ही बुजुर्ग मतदाता भी मतदान करने के लिए उत्सुक हैं। मतदाताओं में प्रत्याशियों के चयन को लेकर अपनी अलग-अलग राय है। कैसा हो हमारा प्रतिनिधि इस बारे में अनंत ज्ञान के प्रतिनिधियों ने मतदाताओं की राय ली, पेश हैं इसके कुछ अंश...**



**देश** व प्रदेश में युवाओं की स्थिति बहुत खराब है। हिमाचल में कई युवा नौकरी के इंतजार में अपनी आयु सीमा पूरी कर चुके हैं, लेकीन अभी तक उन्हें स्थायी रोजगार देने में दोनों ही सरकारें विफल होती नजर आ रही हैं। इस ओर सरकार को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।
**अंजली शर्मा (जवाली)**



**मंडी** संसदीय क्षेत्र से चुने जाने वाले सांसद से युवा मतदाता उनके द्वारा मतदाताओं का संसद में प्रभावी ढंग से प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद करता है। युवा मतदाता अपने सांसद में देश की सेवा के लिए गुणों और कौशल का संयोजन चाहता है। सांसद को अपने निर्वाचन क्षेत्र की जरूरतों और चिंताओं के संपर्क में रहना चाहिए।
**तनय पंडित (मंडी)**



**इस** बार मैं अपना पहला मतदान करने जा रही हूं। मतदान करने के लिए उत्साहित हूं। पार्टियों के मैनिफेस्टो को ध्यान में रखकर अपना वोट करूंगी। युवाओं के हित से जुड़े मुद्दों को विशेष प्राथमिकता, रोजगार इसके साथ महंगाई पर जो सरकार काम करेगी उनके साथ ही देश का युवा चलेगा।
**अंकिता कुमारी (शाहपुर)**



**मतदान** करके मतदान के महापर्व में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाऊंगा, जो प्रत्याशी देशहित, केंद्र-प्रदेश में समन्वय स्थापित करेगा, उसे वोट दूंगा। सांसद ऐसा हो जो युवाओं, महिलाओं व समाज के गरीब तबके के लिए काम करे और सबको साथ लेकर चले। सभी लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक भी कर रहा हूं।
**सचिन सकलानी (मंडी)**



**नेता** पांच साल के बाद ही मिलने आते हैं, जब जीत जाते हैं तो उनसे मिलने के लिए लाइन में लगना पड़ता है। जब वोट मांगने के लिए आते हैं, तो कोई सुरक्षा कर्मी साथ नहीं होता है। हम ही वोट डाल कर चुनते हैं तो फिर हमारे से ही इन्हें डर महसूस होता है। बच्चे अपनी पढ़ाई की डिग्रियां लेकर भटक रहे हैं और बेरोजगारी बढ़ रही है। उम्मीदवारों को बेरोजगारी को दूर करने के लिए कदम उठाने चाहिए। **सोमदत्त शर्मा लठियानी (ऊना)**



**मतदान** सोच-समझकर करना चाहिए। मतदान ही हमारा भविष्य तय करता है। मैं प्रत्येक साल अपने परिवार के साथ मतदान करने जाती हूं। इस साल मतदान करने जरूर जाऊंगी और अच्छा उम्मीदवार चुनने में अपना योगदान दूंगी। आज का नेता युवा और पढ़ा-लिखा ईमानदार होना चाहिए। मतदान करें और दूसरों को भी जागरूक करें।
**सविता कुमारी (हमीरपुर)**



**विश्व** भर में देश का नाम रोशन हुआ है और आने वाले समय में मजबूत नेतृत्व ही देश को मजबूत कर सकेगा। केंद्र सरकार ने हर वर्ग के बारे में सोचा है और हर वर्ग आज केंद्र की जनकल्याण नीतियों का फायदा उठा रहा है। हमारा मतदान देश हित में होगा सभी लोगों को मतदान करना चाहिए और एक मजबूत सरकार बनाने में अपना योगदान देना चाहिए।
**संदीप वर्मा (हमीरपुर)**



**हमारा** सांसद ईमानदार और भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार क्षेत्र का नेतृत्व करने वाला होना चाहिए।धर्म संस्कृति से लेकर राष्ट्रीय नीति तक अच्छी पैठ रखता हो। सरकारी स्कूलों में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर ध्यान दे। लोगों को भी चाहिए मतदान से पूर्व प्रत्याशी का रिपोर्ट कार्ड जांच और सही व्यक्ति को मतदान करें।
**सुनील कुमार (बड़सर)**



**हम** इस पक्ष को ध्यान में रखकर वोट कर रहे हैं कि कुछ दलों ने हमारा इतिहास गलत करने का प्रयास किया है। उस दल के कार्यकर्ता बोल रहे हैं कि हमें आजादी 2014 में मिली है। इस पक्ष का विरोध करते हुए अपना वोट कर रहा हूं।
**विशाल शर्मा (ऊना)**



**मंडी** संसदीय क्षेत्र से हमारा सांसद अच्छा खासा पढ़ा-लिखा हो, जो वोट बैंक की संकीर्ण सोच में न उलझे, बल्कि समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए दृढ़ता से काम करे। वहीं, आरोपों-प्रत्यारोपों, अपशब्दों की सस्ती राजनीति, जाति, पंथ, क्षेत्र के विभाजनकारी, भावनात्मक मुद्दों और रेवड़ियों की आड़ में देश के सामने उपस्थित वास्तविक मुद्दों की अनदेखी न करे।
**भीम सिंह परदेशी (मंडी)**



**केंद्र** की मोदी सरकार महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी आदि विभिन्न मुद्दों से निपटने में नाकाम साबित हुई है। भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र में भी उक्त मुद्दों से निपटने की कोई ठोस नीति नहीं है। जहां तक दलबदल की बात है तो यह बेहद गलत है। जनता द्वारा चुनी गई सरकार को गिराने का प्रयास निदंनीय है।
**रमेश राव, (भरमौर)**

हैप्पी बर्थडे



डाडासीबा की कांता देवी को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# बाडी पंचायत के राघव जम्वाल ने ग्रेपलिंग में जीता गोल्ड मेडल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत पड़ती ग्राम पंचायत बाडी के राघव जम्वाल ने ग्रेपलिंग स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र व गांव में खुशी का माहौल है।

हिमाचल में आयोजित ग्रेपलिंग स्टेट चैंपियनशिप में राघव जम्वाल ने 71 किग्रा में गोल्ड मेडल जीता है। राघव जम्वाल राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में देश को कई मेडल भी दिलवा चुके हैं व एशियाई चैंपियनशिप में भारत की टीम की कप्तानी भी कर चुके हैं। गुरविंदर जम्वाल के घर जन्मे राघव को बचपन से ही किक बाक्सिंग खेलना पसंद रहा।



राघव ने बताया कि 2018 में किक बाक्सिंग में थाइलैंड गए थे जहां उन्हें पहली बार पता चला कि ग्रेपलिंग भी एक खेल है और यह खेल इतना पसंद आया है कि उसे ही खेलने का मन बना लिया। राघव के पिता गुरविंदर जम्वाल पेशे से होटल संचालक हैं। वह शुरू से ही चाहते थे कि बेटा किसी खेल में नाम कमाए। इसलिए पढ़ाई के लिए दिल्ली भेजा। वहां राघव ने जमा दो तक की शिक्षा एयरफोर्स भारती स्कूल से की। इस समय राघव आईआईएम रोहतक से स्पोर्ट्स मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे हैं। राघव जम्वाल ने बेहतरीन प्रदर्शन व खेलों में लाने का श्रेय अपने ताया अनित जम्वाल को दिया है।

## उतराला-होली सड़क के धीमे निर्माण कार्य पर भड़के लोग

# समय पर काम पूरा नहीं हुआ तो करेंगे विभाग का घेराव

**अनंत ज्ञान, पपरोला**

उतराला-होली सड़क के कार्य से नाराज लोगों ने उपमंडल अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। उतराला-होली चिंतन समिति के महामंत्री राजकपूर ने बताया कि दो विधानसभाओं बैजनाथ और भरमौर की जनता की वर्षों पुरानी मांग है कि उतराला-होली सड़क का निर्माण हो परंतु 20 साल बीत चुके है, लेकिन सड़क का निर्माण कार्य वहीं का वहीं रुका पड़ा है। हाल ही में इस सड़क के निर्माण के लिए 13 करोड़ स्वीकृत हुए जिसका काम चल रहा था। कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार अप्रैल 2023 तक सड़क का काम फेंचा के पानी तक पूरा होना था। अति खेद का विषय है कि इस सड़क के निर्माण का समय पूरा हो जाने के बावजूद सड़क का काम पूरा नहीं हो पाया है और जो कार्य किया गया है वह भी ठेकेदार दारा तय नियमों के अनुसार नहीं किया गया है। अभी भी होली-उतराला सड़क का निर्माण लटका हुआ है। ठेकेदार मनमानी कर रहा है। चिंतन समिति इस तरह की लापरवाही को बिलकुल सहन नहीं करेगी। अभी तक इस सड़क का 13 किलोमीटर का काम पूरा नहीं हुआ है। इस कारण क्षेत्र की जनता में भारी रोष है। समिति मांग करती है कि ठेकेदार की जवाबदेही तय की जाए और अगर तय समय पर काम पूरा नहीं होता है तो ठेकेदार को पेनेल्टी लगाई जाए। समिति का कहना है कि इस सड़क के बन जाने से पर्यटन को बहुत अधिक बल मिलेगा और तीन महादेव के मंदिर श्री महाकाल मंदिर, बाबा बैजनाथ मंदिर तथा चौरासी मंदिर भी एक साथ जुड़ेंगे। इस सड़क मार्ग पर संघर्ष समिति सदैव प्रशासन का सहयोग करने के लिए तत्पर रहेगी। विभाग द्वारा जिस तरह का उदासीन रवैया इस सड़क के निर्माण के लिए अपनाया जा रहा है उसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समिति मांग करती है की उक्त सड़क के निर्माण के लिए ठेकेदार से जवाब तलबी की जाए कि सड़क का काम तय नियमों के अनुसार क्यों नहीं हुआ अन्यथा समिति लोक निर्माण विभाग तथा संबंधित ठेकेदार का घेराव करेगी जिसकी सारी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

**कहा ठेकेदार की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त**



उपमंडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपते उतराला-होली चिंतन समिति के सदस्य।

## न्यूज ब्रीफ

### घगवा व सूरडवा में मतदाता किए जागरूक




मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीण व अन्य।

**इंदौरा।** आगामी लोकसभा चुनाव के अंतर्गत मतदाता प्रतिशत बढ़ाने को लेकर इंदौरा की ग्राम पंचायत घगवा तथा सूरडवा में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत उपमंडल निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर के दिशानिर्देशों अनुसार पंचायत के बूथ में जाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से अपील की गई की सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करें। पंचायत में पहले ही इंदौरा के इलेक्शन कानूनगो रॉबिन धीमान द्वारा बूथ लेवल अधिकारियों को स्वीप तथा सोशल मीडिया टीम के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने की जानकारी पहले ही तय कार्यक्रम के तहत दी जा चुकी थी। इस कार्य के लिए स्वीप टीम प्रभारी राजा बीरबल तथा सोशल मीडिया प्रभारी नरेश कुमार उपमंडल की सभी पंचायत में जाकर बूथ लेवल अधिकारियों के साथ मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं।

### शहीद अग्निशमन कर्मियों को याद किया




अग्निशमन चौकी बैजनाथ में साजो सामान की प्रदर्शनी के दौरान कर्मचारी।

**बैजनाथ।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान अग्निशमन चौकी बैजनाथ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 14 अप्रैल 1944 को मुंबई के विक्टोरिया डाक बंदरगाह में खड़े फोर्टसेटिकन जहाज में लगी आग को बुझाते समय अपने कर्तव्य का पालन करते हुए जीवन का बलिदान देने वाले वीरगति को प्राप्त हुए 66 अग्निशमन कर्मियों को याद किया गया। अग्निशमन चौकी बैजनाथ के अधिकारियों व कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर अग्निशमन चौकी में साजो सामान की प्रदर्शनी भी लगाई गई। अग्निशमन सप्ताह 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है। इस दौरान स्कूलों, संस्थाओं व लोगों को आग से बचाव के बारे में जानकारी दी जाती है ताकि आग जैसी भयानक घटनाओं से बचा जा सके।

### पुन्नर स्कूल में किया शांति हवन



पुन्नर स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर हवन करते शिक्षक व अन्य।

**नगरोटा बगवां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पुन्नर में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत मां सरस्वती का आशीर्वाद लेकर किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य अंजू लता ठाकुर व अन्य अध्यापकों व विद्यालय के विद्यार्थियों ने शांति हवन में आहूति डाली व मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रधानाचार्य के अनुसार विद्यालय में हर शैक्षणिक सत्र की शुरुआत शांति हवन व भंडारे के आयोजन से होता है।

# प्रदेश सरकार जन भावनाओं से कर रही खिलवाड़: अतुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सीयू मामले पर सुक्खू सरकार जन भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है। एक ओर सरकार के विधायक कह रहे हैं कि जल्द राशि जमा होगी जबकि दूसरी ओर जदरांगल में सीयू भवन निर्माण को लेकर रखे गए सामान को उठवा लिया गया है। जिससे धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र की जनता में रोष है।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अतुल भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से द्वेष की राजनीति कर रहे हैं। एक तरफ सरकार कह रही है कि जमा होने वाली राशि अधिक और ये कम हो, इसके लिए अध्ययन हो रहा है जबकि दूसरी तरफ संबंधित ठेकेदार से सामान ही उठवा लिया है, जो कि तर्कसंगत नहीं है।

उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार साफ करे कि जो विधायक ये बयान दे रहे हैं कि धर्मशाला में ही सीयू स्थापित होगा और जल्द राशि जमा होगी क्या उनमें और सीएम में आपस में बनती है या मतभेद हैं। जिससे कि साफ हो सके कि सरकार राशि जमा कराएगी या नहीं। 17 अप्रैल के बाद धर्मशाला के व्यापारियों से इस मामले में बात की जाएगी और डोर-टू-डोर भी जनता को जागरूक किया जाएगा। साथ ही बैनर भी लगाए जाएंगे कि धर्मशाला में सीयू का विरोध करने वालों का प्रवेश प्रतिबंधित है।

# स्कूल बैग्स और सिलाई मशीनें बांटी

## इन्नरव्हील क्लब धर्मशाला ने बैठक के दौरान जरूरतमंदों को दी सौगात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

इन्नरव्हील क्लब धर्मशाला ने निजी होटल में इन्नरव्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट 307 की चेयरपर्सन डॉ. रीता शर्मा ने ऑफिशियल विजिट किया। सबसे पहले उन्होंने एग्जीक्यूटिव बैठक की। जिसमें उन्होंने सभी फाइलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बहुत ही बारीकी से सभी दस्तावेजों की जानकारी ली। कार्यक्रम की शुरुआत सेक्रेटरी कॉलर पीडीसी और क्लब के अध्यक्ष कॉलर डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन से हुई। इन्नरव्हील क्लब धर्मशाला की जनरल मीटिंग हुई। डॉ. रीता शर्मा का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर तथा उपहार देकर किया गया। उन्होंने भी क्लब की अध्यक्ष रंजना सूद तथा पीडीसी उमा भगत को उपहार दिए। इस अवसर पर साई सदन स्कूल स्लेट गोदाम के छात्रों को वर्दी के लिए 11 हजार की सहायता राशि प्रदान की गई। स्नेटरी पैड, स्कूल बैग्स और सिलाई मशीनें भी वितरित की गई। क्लब की सीनियर मेंबर अर्चना अरोड़ा ने अपनी रिपोर्ट में इन्नरव्हील क्लब धर्मशाला के विभिन्न कार्यक्रमों के तहत परियोजनाओं के विवरण पर प्रकाश डाला। डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन ने क्लब की टीम को बधाई दी और क्लब के प्रत्येक सदस्य द्वारा किए गए प्रयासों से बहुत प्रभावित हुई। इन्नरव्हील क्लब की स्थापना मित्रता और सेवा के उद्देश्यों के साथ की गई थी। संस्था द्वारा किए गए सेवा के कार्यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचाना जाता है। बाद में डॉ. रीता शर्मा द्वारा तीन नए सदस्यों विश्व बाला सूद, शारदा शर्मा और सुमन लूथरा को पिन किया जिससे संख्या 28 हो गई। बैठक मीनाक्षी शर्मा के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुई।




धर्मशाला में आयोजित बैठक में मौजूद इन्नरव्हील क्लब की सदस्य।

# देश में मोदी सरकार का कोई विकल्प नहीं: विनोद शर्मा

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

चार जून को देश और प्रदेश के भाग्य का उदय होगा और इस दिन दो-दो सरकारें बनेगी। एक देश में और एक प्रदेश में। यह बात मंगलवार को भाजपा प्रवक्ता विनोद शर्मा ने गरली में प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में स्थायित्व के लिए जनता वोट करेगी। विनोद शर्मा ने कहा कि देश में मोदी सरकार का कोई विकल्प नहीं है। साथ ही प्रदेश की जनता भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली से दु:खी है। प्रदेश की महिलाओं के साथ 1500 के वादे की बात हो या एक लाख सरकारी रोजगार की बात हो, गोबर खरीदने की योजना हो या लोगों से 100 रुपए लीटर दूध खरीदने की बात हो। कर्मचारियों के आर्थिक हितों के झूठे वादों की बात है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा की सरकार बनने के बाद तीन चार वर्षों के बाद लोगों में सरकार के प्रति नाराजगी हो जाती है, लेकिन प्रदेश सरकार की कोई उपलब्धि नहीं है। सिर्फ एक ही उपलब्धि है कि प्रदेश सरकार से कांग्रेसी विधायक ही नाराज है। जनता तो घोर निराशा में जी रही है। उन्होंने कहा की कांग्रेस सरकार हर कदम पर सुपर फेल साबित हुई है। इस जनविरोधी सरकार का अंत नजदीक है।



# एलिमेंटरी एजुकेशन डिप्लोमा के लिए आवेदन 20 अप्रैल से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा एलिमेंटरी एजुकेशन के दो वर्षीय डिप्लोमा के सत्र 2024-26 के लिए कॉमन एंट्रस टेस्ट 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा में आवेदन के लिए दिशा-निर्देश प्रोस्पेक्टस एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए लिंक बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

इच्छुक अभ्यर्थी उक्त परीक्षा के लिए निर्धारित शुल्क सहित ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि उपरांत कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 20 अप्रैल से शुरू होगा और आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई रखी गई है। लेट फीस के लिए अंतिम तिथि 13 मई रखी गई है। ऑनलाइन फॉर्म में यदि त्रुटियां रह जाएं तो उन्हें दुरुस्त करने के लिए 16 मई अंतिम तिथि रखी गई है। परीक्षा आठ जून को आयोजित होगी। सामान्य वर्ग के लिए 600 रुपए फीस है जबकि आरक्षित वर्ग के लिए 400 रुपए फीस रखी गई है। फीस जमा करने में देरी होने पर 300 रुपए के साथ निर्धारित तिथियों के उपरांत आगामी तीन दिनों तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी स्कूल शिक्षा बोर्ड सचिव विशाल शर्मा ने दी है।

# घर से ही वोट डालेंगे विकलांग मतदाता

## एसडीएम धर्मशाला संजीव कुमार भोट बोले-12डी फॉर्म भरकर जमा करवाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला के अंतर्गत जितने भी मतदाता हैं उनमें से जिन मतदाताओं की आयु 85 वर्ष से अधिक एवं विकलांग मतदाता है, वे सभी मतदाता इस वर्ष घर से ही वोट डालेंगे। इस संदर्भ में धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के सभी पोलिंग बूथ के बूथ लेवल अधिकारियों के साथ एसडीएम धर्मशाला संजीव कुमार भोट ने बैठक की। इस बैठक में एसडीएम धर्मशाला संजीव कुमार भोट ने सभी को अवगत करवाया कि जिन मतदाताओं की आयु 85 वर्ष से अधिक एवं विकलांग मतदाता है वे सभी अपना 12डी फॉर्म भरकर बूथ लेवल अधिकारियों के पास जमा करवाएं ताकि विभाग के पास यह जानकारी समय पर पहुंच सके। सभी बीएलओ को निर्देश दिए गए की कोई भी ऐसा मतदाता नहीं छूटना चाहिए जिसकी आयु 85 वर्ष से अधिक हो या विकलांग हो। इस मौके पर इलेक्शन कानगो अर्पित धीमान विशेष रूप से उपस्थित रहे।



मंगलवार को एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपस्थित बूथ लेवल अधिकारी व अन्य।

# वोट बनाने के लिए भरें फॉर्म छह

## दौलतपुर में स्वीप नोडल अधिकारी ने जागरूक किए लोग

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

लोकसभा चुनाव 2024 के स्वीप कार्यक्रमों में एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल के निर्देशानुसार मंगलवार को स्वीप नोडल अधिकारी लेख राज ने दौलतपुर-1, दौलतपुर-2, दौलतपुर (कुलथी), तकीपुर-1 तकीपुर-2 और मजहाकरा स्थित पोलिंग बूथ पर जाकर मेरा वोट ,मेरा अधिकार, मेरी जिम्मेदारी को लेकर लोगों से संवाद स्थापित किया गया।

इन बूथों पर जाकर मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ-साथ स्कूल के छात्र-छात्राओं को भी जागरूक किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी गई। मतदाताओं से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो, यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो वह बीएलओ या वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से फॉर्म छह अवश्य भरें।

लोगों से आह्वान किया गया कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ ही अपने घरों व आसपास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करें।




मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित शिविर में मौजूद ग्रामीण व अन्य।

**आरोप** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ने जड़ा आरोप, विकास कार्यों को लेकर खोला मोर्चा

# सीएम धर्मशाला से कर रहे सौतेला व्यवहार: संजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू अपनी पार्टी की चुनावी तैयारी के तहत जब भी धर्मशाला आएं, उनके यहां आने से पहले भारतीय जनता पार्टी के और विशेष कर धर्मशाला की जनता के कुछ प्रश्न मुख्यमंत्री से हैं। जिनका जवाब मुख्यमंत्री को देना चाहिए कि आपकी राजनीतिक खुन्नस का परिणाम पिछले 15 महीने से धर्मशाला की जनता और कांगड़ा जिला की जनता क्यों भुगत रही है।

यह बात प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा ने प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि जिस केंद्रीय विश्वविद्यालय को मुद्दा बनाकर कांग्रेस पार्टी ने जिला में जीत हासिल की थी, आखिर उस केंद्रीय विश्वविद्यालय को लेकर मुख्यमंत्री का सौतेला व्यवहार क्यों है। जुलाई 2023 से 30 करोड़ रुपए वन एवं पर्यावरण विभाग को वनों के कटान के एवज में सरकार ने जमा क्यों नहीं करवाए, जबकि यहां के राजनीतिक व सामाजिक संगठन एवं बुद्धिजीवी वर्ग और यहां के नौजवान पिछले एक वर्ष से लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं और सरकार को पैसा जमा करने के लिए गुहार लगा रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री ने हर बार कोई न कोई बहाना लगाकर टालमटोल का रवैया अपना रखा है।

मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि वह क्यों धर्मशाला के जदरांगल में केंद्रीय विश्वविद्यालय का उत्तर क्षेत्र परिसर नहीं बनने देना चाहते। संजय शर्मा ने कहा कि धर्मशाला में स्मार्ट सिटी निर्माण कार्यों में किस तरह से पिछले 15 महीनों में बेतरतीव निर्माण कार्य चल रहे हैं जिनमें कोई गुणवत्ता नहीं है और किसी भी ठेकेदार या अधिकारी की जवाबदेही तय की जा रही है। इन सभी प्रश्नों का उत्तर कांगड़ा जिला की जनता और धर्मशाला की जनता मुख्यमंत्री से जानना चाहती है।

### 15 महीने में कांगड़ा को नहीं मिला कोई बड़ा प्रोजेक्ट



मुख्यमंत्री बताएं कि क्यों पिछले 15 महीने में कांगड़ा जिला के अंदर कोई भी बड़ा प्रोजेक्ट नहीं दिया गया। कांगड़ा के साथ क्यों सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। कांगड़ा की जनता को क्यों धोखा दिया जा रहा है। बनखंडी क्षेत्र में वन्य प्राणी उद्यान पार्क के निर्माण के लिए शिलान्यास मुख्यमंत्री ने किया, लेकिन उसके लिए जो कानूनी औपचारिकताएं थी उनको पूरा नहीं किया गया। निर्माण कार्य आरंभ करने से पहले सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित समिति जो कि ऐसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को स्वीकृति प्रदान करती है और सीधे सर्वोच्च न्यायालय से अनुमति के बाद ही निर्माण कार्य की इजाजत देती है, लेकिन इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए स्वीकृति नहीं ली गई।

# तीन साल में भी नहीं बन पाया सार्वजनिक शौचालय, मजदूरों को नहीं मिली मजदूरी

## सुविधा न मिलने से लोग भी परेशान, बीडीओ बोले- मामले की होगी छानबीन

**अनंत ज्ञान, नादौन**

उपमंडल नादौर के मुख्य कस्बा रंगस बाजार में पिछले करीब तीन वर्षों में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है, जिस वजह से आम लोगों, दुकानदारों व सवारियों विशेषकर महिलाओं को वॉशरूम आदि जाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इन शौचालयों की वेसमेंट का कुछ कार्य पहले मनरेगा योजना में हुआ उसके बाद इसके लिए दो हैड से करीब 4 लाख 10 हजार रुपए स्वीकृत हुए, लेकिन कुछ कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से मामला लटका हुआ है, क्योंकि जिन मजदूरों ने मजदूरी की है उन्हें भी मजदूरी का भुगतान नहीं हो रहा है, जिसके चलते वे भी काम करने से पीछे हट रहे हैं। दुकानदार रत्न चंद, विक्की, सुभाष, देश राज, जिंदू, मनोहर लाल, राकेश कुमार के अलावा



रंगस में निर्माणाधीन शौचालयों का दृश्य।

राज कुमारी, शीला देवी, कंचन, तृप्ता, सरिता आदि महिलाओं का कहना है कि रंगस में पुराना वॉशरूम ढलान पर होता था उसकी जगह ग्राम पंचायत नौंहगी ने शौचालय का निर्माण का कार्य शुरू किया था, लेकिन अभी तक न तो यह वॉशरूम तैयार हुए हैं और न ही पंचायत ने लोगों को वॉशरूम जाने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की है, जिस वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में पंचायत प्रधान बलवंत सिंह का कहना है कि शौचालय का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने वाला है। मजदूरों को शीघ्र ही मजदूरी का भुगतान करवा दिया जाएगा।

नौंहगी पंचायत के उपप्रधान ठाकुर प्रकाश चंद ने कहा कि इन शौचालयों के निर्माण के लिए 2 लाख 10 हजार रुपए बीडीओ तथा 2 लाख रुपए राज्यसभा सांसद डा. सिकंदर ने स्वीकृत किए हैं। मजदूरों को मजदूरी न मिलने की वजह से वे परेशान हैं और काम करने से भी कन्नी काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ कर्मचारियों द्वारा व्यस्तता बताए जाने के चलते विलंभ हो रहा है। इस बारे में बीडीओ निशांत शर्मा का कहना है कि मामला ध्यान में आया है इस बारे छानबीन की जाएगी और किसी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### मजदूरों का 50 हजार रुपए पंचायत के पास फंसा

**जिन** मजदूरों ने इन शौचालयों के निर्माण कार्य में मजदूरी का काम किया है उन्हें अभी तक मजदूरी का भुगतान नहीं हो पाया है, जिस वजह से मजदूरों को अपना व अपने परिवार का रोजी-रोटी का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। मजदूर संभू राम का कहना है कि वह अपनी मजदूरी के पैसे लेने के लिए पचांयत के कर्मचारियों व प्रतिनिधियों के पास कई चक्कर काट चुके हैं, लेकिन अभी तक मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है। सभी मजदूरों का करीब 50 हजार रुपए पंचायत के पास फंसा हुआ है।

## ऊना की टीम ने 97.5 ओवर में बनाए 248 रन

**नादौन।** क्रिकेट स्टेडियम अंमतर में ऊना व मंडी की टीम के बीच अंडर-16 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में ऊना की टीम ने पहली पारी में 97.5 ओवर में 248 रन बनाए हैं। ऊना की टीम के बल्लेबाज भविष्य ने 69, समीर सिंह चैहान ने 22, समीर सिंह ने 23 कार्तिकेय ने 30 रन बनाए, जबकि अंशुमन 30 रन बनाकर नाबाद रहा। मंडी की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए आदिश मन्हास ने 4, आदर्ष ठाकुर व सात्विक ठाकुर ने 2-2 तथा रोमेश ने 1 विकेट ली जबकि एक बल्लेबाज रन आउट हुआ।

यह जानकारी देते हुए क्रिकेट स्टेडियम के प्रभारी संजय टिंका ठाकुर ने बताया कि मंडी की टीम ने दूसरी पारी खेलते हुए दूसरे दिन का मैच समाप्त होने तक 27 ओवर में 4 विकेट खोकर 66 रन बनाए। बल्लेबाज तनिश ने 20 जबकि विशारद ने 15 रन बनाए। ऊना की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए कार्तिकेय ने 3 विकेट झटकी जबकि ओजवित ने एक विकेट ली। ऊना की टीम ने बल्लेबाज करते हुए पहले दिन का मैच समाप्त होने तक 4 विकेट खोकर 75 रन बनाए हैं। बल्लेबाज वैभव शर्मा ने 45 रन बनाए जबकि भविष्य भारद्वाज 42 रन बनाकर नाबाद रहे। मंडी के गेंदबाज आदिश ने 2 जबकि टोगेश व आदर्श ने 1-1 विकेट ली।

# स्टूडेंट्स 30 अप्रैल तक बिना किसी लेट फीस ले सकेंगे दाखिला

## लर्निंग आउटकम को बढ़ाने का रहेगा प्रयास : अशोक

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

वार्षिक परीक्षाओं के बाद सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया के लिए 10 दिन का समय दिया गया था। 15 अप्रैल तक सभी सरकारी स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया के बाद 16 अप्रैल को शैक्षणिक सत्र 2024-25 की कक्षाएं शुरू हो गई हैं, लेकिन अभी 30 अप्रैल तक दाखिला लेने की छूट दी गई है। उसके बाद दाखिला लेने के लिए छूट नहीं दी जाएगी।



इस शैक्षणिक सत्र में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई करवाने के साथ पहली से 5वीं कक्षा तक के बच्चों को लर्निंग आउटकम बढ़ाने की ओर भी ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए अध्यापकों की भी सहायता ली जाएगी जिससे सरकारी स्कूलों के बच्चे परीक्षा के अलावा रोजमर्रा की गतिविधियों से लर्निंग आउटकम को सीखें। प्रोजेक्ट के तौर पर ऐसा तरीका अपनाया जाएगा, जिससे बच्चे की पढ़ाई में भी असर पड़ेगा। बच्चे अपने पूरे जीवन के लिए कुछ नया सीख पाएंगे। इसके लिए ब्लॉक से लेकर जिला स्तर पर प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी और जिला स्तर पर पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे को पुरस्कार भी दिया जाएगा। इसके अलावा 15 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। मुख्यतः तीसरी से 5वीं कक्षा तक के छात्र का लर्निंग लेवल बढ़ाना है जिससे बच्चा साइंटिफिक तरीके से गुणा, भाग, जमा और घटाना, लिखना पढ़ना अच्छे तरीके से कर सकेगा।

इस बारे में प्रारंभिक शिक्षा विभाग के उपनिदेशक अशोक कुमार ने कहा कि सरकार स्कूलों में दाखिले अभी 30 अप्रैल तक चलेंगे। सरकारी स्कूलों के बच्चों का लर्निंग लेवल बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### अग्निवीर भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा 22 से

**हमीरपुर।** अग्निपथ योजना के अंतर्गत थल सेना में हमीरपुर, ऊना और बिलासपुर जिलों के युवाओं की अग्निवीर भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा 22 अप्रैल से 7 मई तक होगी। थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि इस ऑनलाइन परीक्षा के एडमिट कार्ड वेबसाइट joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध करवा दिए गए हैं। तीनों जिलों के उम्मीदवार इस वेबसाइट से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। निदेशक ने बताया कि यह ऑनलाइन परीक्षा हमीरपुर, ऊना और बिलासपुर जिलों में अलग-अलग केंद्रों पर करवाई जाएगी। हमीरपुर में यह परीक्षा आयन डिजिटल जोन और गौतम ग्रुप ऑफ कालेज, ऊना में आयांश कंप्यूटर सेंटर और केसी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट और बिलासपुर में मॉडर्न आर्किटेक्चर इन्फा सर्विस प्रोवाइडर में होगी।

### नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट



**हमीरपुर।** भाजपा मंडल सुजानपुर की बैठक से पहले सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव के प्रभारी एवं सुंदरनगर विधायक राकेश जम्वाल व चुनाव सह प्रभारी, प्रदेश भाजपा सचिव नरेंद्र अत्री ने समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल के निवास में शिष्टाचार भेंट की। दोनों पार्टी पदाधिकारी ने वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. धूमल से आशीर्वाद व मार्गदर्शन लिया।

# लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव को लेकर टौणी देवी में बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

भारत को विकसित भारत बनाने का सपना देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देखा है और यही लक्ष्य हम सबका है। इसी सोच के साथ हम सबको आगे बढ़ना है। यह बात विधायक सुंदरनगर एवं प्रभारी सुजानपुर विधानसभा राकेश जम्वाल ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत टौणी देवी में आयोजित भाजपा मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए कही।



सुजानपुर भाजपा मंडल की बैठक में उपस्थित विधायक राकेश जम्वाल, नरेंद्र अत्री व प्रो. विक्रम राणा।

बैठक में सह प्रभारी एवं प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री भी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रो. विक्रम राणा द्वारा की गई। भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी सुधीर भटनागर ने बताया कि बैठक में आने वाले लोकसभा और विधानसभा के उपचुनाव को लेकर चर्चा की गई और रणनीति बनाई गई। नरेंद्र अत्री ने संगठन को मजबूत करने को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल में चारों के चारों लोकसभा की सीट जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झोली में डालनी है और जहां-जहां उपचुनाव हो रहे हैं वहां पर भाजपा के प्रत्याशियों की जीत को लेकर हम सबको मिलकर काम करना है।

इस मौके पर प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य विजय बहल, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिल काकू, महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा अर्चना चैहान, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कपिल शामा, भाजपा मंडल महामंत्री जगन कटोच अनिल कौशल एवं अभिषेक राणा उपस्थित रहे।

# जयराम ठाकुर ने हमीरपुर से हमेशा किया भेदभाव : राकेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सुजानपुर मंडल के पूर्व भाजपा अध्यक्ष एवं जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने मंगलवार को हमीरपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर जोरदार हमला बोला और सीएम सुक्खू का सीएम शिप को लेकर बचाव किया है। उन्होंने कहा है कि हमीरपुर में सीएम को बचाना है। इस नारे के तहत हम सभी को मिलकर काम करना है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते राकेश ठाकुर साथ हैं अन्य।

उन्होंने जयराम से पूछा कि जब वे सत्ता में थे, तो 5 साल तक उन्होंने हमीरपुर जिला के लिए आखिर क्या किया। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए वे एक दिन भी नहीं निकाल पाए। अब अचानक उनका हमीरपुर जिला से लगाव कैसे हो गया? एक सवाल के जवाब में राकेश ने कहा कि वे भाजपा के असंतुष्ट हैं। कोई हमें बगावती समझे, तो समझ ले, हमें तो सीएम शिप को बचाना है, क्योंकि जयराम ने हमीरपुर से हमेशा ही भेदभाव किया।

यह पूछे जाने पर कि क्या बे कांग्रेस ज्वाइन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी ऐसा नहीं है वे केवल सीएम सिप के लिए लोगों का आह्वान कर रहे हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में यह भी कहा कि कांग्रेस यदि सुजानपुर से उन्हें पार्टी प्रत्याशी बनाती है, तो निश्चित रूप में इसका लाभ कांग्रेस को मिलेगा। इस मौके कई पंचायत प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## सुजानपुर उपचुनावः कांग्रेस प्रत्याशी के लिए प्राप्त हुए डेढ़ दर्जन आवेदन

**सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुजानपुर को पार्टी प्रत्याशी के लिए करीब डेढ दर्जन आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्रत्याशियों से आवेदन प्राप्त करने के बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने स्क्रीनिंग के लिए जिला कांग्रेस कमेटी को नाम भेज दिए हैं। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने बताया कि आवेदनकर्ताओं में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह पठानिया, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नरेश ठाकुर, टोनी देवी कांग्रेस जोन के अध्यक्ष सुरेश कुमार, कुठेडा के परवीन कुमार (लकी), एडवोकेट करतार चंद भाटिया, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद मनोज ठाकुर, एडवोकेट नरेश जसवाल, डॉ. सुरेंद्र डोगरा, मधुबाला लगवाल, राजेश ठाकुर, लेफ्टिनेंट सरवन सिंह, पूर्व प्रधान कैप्टन सुरेंद्र कुमार, विशाल राणा, बिंदु राजपूत, जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व विधायक स्व. करमचंद के पुत्र जितेंद्र कुमार ने सुजानपुर विधानसभा के उपचुनाव के लिए आवेदन किया है। राजेंद्र वर्मा ने बताया कि कांग्रेस के टिकट का घोषणा जल्द ही की जाएगी।

## ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट 19 अप्रैल को

**मंडी।** वाहन पंजीयन व अनुज्ञापन अधिकारी एवं एसडीएम सदर मंडी ओमकांत ठाकुर ने बताया कि वाहन पंजीयन एवं अनुज्ञापन (एसडीएम) कार्यालय सदर मंडी के अंतर्गत 19 अप्रैल को ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट बैंडमिअन कोर्ट के सामने की सड़क पर छोटा पड्डल मंडी में होंगे। 19 अप्रैल को होने वाले ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट के लिए 16 अप्रैल को प्रातः 11:30 बजे से परिवहन डॉट जीओवी डॉट आईएन के माध्यम से स्लॉट बुक कर सकते हैं।

# डीडीएम साई लॉ कॉलेज के छात्रों ने किया उच्चतम न्यायालय का भ्रमण

**अनंत ज्ञान, नादौन**

डीडीएम साई लॉ कॉलेज कल्लर जलाड़ी द्वारा बीएएलएलबी व एलएलबी के छात्रों के लिए छह दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में लगभग 43 छात्र उपस्थित रहे।



उच्चतम न्यायालय के शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र सामूहिक चित्र में।

इस भ्रमण में छात्रों ने उच्चतम न्यायालय, नेशनल हूमन राइट्स कमिशन, ऋषिकेश व हरिद्वार का भ्रमण किया। इस भ्रमण में छात्रों ने उच्चतम न्यायालय के विभिन्न कोर्ट रूम में जाकर कोर्ट की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने नेशनल हूमन राइट्स कमिशन का भी दौरा किया। इसके बाद छात्रों ने आध्यात्मिक जगह जैसे कि ऋषिकेश व हरिद्वार का भ्रमण किया।

इस भ्रमण में कालेज के असिस्टेंट प्रोफेसर विवेक कुमार, परिनीता कुमारी व निधि सिंह छात्रों के साथ उपस्थित रहे। कालेज के प्रशासनिक अधिकारी राजेश कपिल और प्रधानाचार्य नंदा चिरंजीवी राव ने कहा कि इस तरह के भ्रमण का आयोजन भविष्य में होता रहना चाहिए, ताकि छात्रों को कोर्ट की कार्यवाही की जानकारी मिलती रहे।

## प्रदेश सरकार से जनता ही नहीं, उनके अपने विधायक भी परेशान : देशराज

**हमीरपुर।** पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी द्वारा जो गारंटियां दी गई, वह धरातल पर पूरा होती नजर नहीं आ रही। जो फॉर्म महिलाओं से 1500 रुपए के लिए भरवाए, उनको भी मात्र महिला वर्ग को छलने के लिए भरा गया है। इसके साथ 300 यूनिट मुफ्त बिजली का झांसा देकर जनता से मजाक किया है। उक्त प्रक्टावा करते हुए भाजपा हमीरपुर के अध्यक्ष देश राज शर्मा ने पत्रकार वार्ता में कहा कि हमीरपुर कर्मचारी चयन आयोग को बंद कर दिया गया, जबकि दोषियों पर कार्रवाई बिना कार्यालय को बंद किए भी की जा सकती है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि जयराम सरकार के कार्यकाल में खोले गए कई कार्यालयों को भी आज बंद कर दिया गया है, जो कि कांग्रेस की कथनी और करनी को दिखाता है। उन्होंने कहा कि विकास कार्य आज सारे बंद पड़े हुए हैं। जहां आज जनता प्रदेश सरकार से परेशान है वहीं इनके अपने विधायक भी पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम रहे हैं।



# अदालत के आदेशों का अमल न होने पर डीसी से मिली बुजुर्ग

## एक साल से जमीन का कब्जा लेने के लिए तहसीलदार ने नहीं की कोई कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

शहर के साथ लगती ग्राम पंचायत अणु के अणु खुर्द गांव की 93 वर्षीय बुजुर्ग महिला रोशनी देवी पत्नी स्व. प्यार चंद ने मंगलवार को उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह से मिली और जमीन उसके नाम करवाने की गुहार लगाई है।

बुजुर्ग महिला रोशनी देवी का केस अदालत में चला था उसके बाद माननीय अदालत ने वर्ष 2000 में फैसला सुनाया था जिसमें एक कनाल 17 मरले भूमि उसकी निकली। हालांकि जिसके पास यह जमीन थे वे लोग अदालत में अपील करते रहे, लेकिन कोर्ट के आदेश वही रहे। जिसके तहत मार्च 2023 में कोरोना काल के बाद भूमि का कब्जा करने के लिए तहसीलदार हमीरपुर को फैसले के तहत कार्रवाई के लिए वकील के माध्यम से भेजा, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी आजदिन तक तहसीलदार ने कोई कार्रवाई की।

महिला ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर मुझे और मेरे परिवार को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा। महिला ने उपायुक्त से आग्रह किया है कि तहसीलदार को अदालत द्वारा दिए गए फैसले के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाएं। रोशनी ने बताया कि जो कर्मचारी और अधिकारी इस कार्य में अड़चने डाल रहे हैं उनपर कार्रवाई की जाए।

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने तहसीलदार को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दे दिए हैं, वहीं राजस्व अधिकारी ने भी तहसीलदार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।

# भरेड़ी पटवार घर के पास बनेगा दो मंजिला बहुउद्देशीय भवन

## एक छत के नीचे होंगे भरेड़ी के सभी सरकारी कार्यालय, धरातल में बनेगी पार्किंग

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भोरंज के के प्रमुख व्यापारिक केंद्र भरेड़ी में जाहू की तर्ज पर दो मंजिला बहुउद्देशीय भवन का निर्माण होगा, जिससे भरेड़ी के सभी सरकारी कार्यालय एक छत के नीचे होने पर लोगों को बेहत्तर सुविधा मिलेगी।

विधायक सुरेश कुमार ने स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों के साथ भरेड़ी में एक महत्वपूर्ण बैठक की है, जिसमें प्राथामिकता के आधार पर भरेड़ी पटवार घर के पास दो मंजिला बहुउद्देशीय भवन बनाने की बात कही है। यह भवन दो मंजिला होगा, जिसमें धरातल पर वाहनों के खड़ा करने की पार्किंग की सुविधा तैयार होगी तथा उपरी मंजिल पर लोक निर्माण विभाग कनिष्ठ अभियंता, जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता, विद्युत विभाग कनिष्ठ अभियंता का कार्यालय के साथ पटवार घर व कानूनगों कार्यालय भी होगा। इससे स्थानीय लोगों को एक छत के नीचे सारी सुविधाएं मिलेगी।

इसके अलावा राजकीय आर्दश वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी के पुराने भवन के स्थान पर नए भवन का निर्माण किया जाएगा। इससे स्थानीय स्कूल और छात्रों को बैठने की सुविधा मिलेगी। विधायक सुरेश कुमार ने सारी प्रकिया को लोकसभा के चुनावों के बाद शुरू करने का आश्वासन दिया है।

इस दौरान स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों ने भरेड़ी बाजार में पैदल चलने के लिए फुटपाथ बनाने का आभार प्रकट किया। इस मौके भोरंज कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष सुरेंद्र जरियाल, एसी विभाग के अध्यक्ष दीप चंद, ब्लॉक समिति चेयरमैन राजेंद्र सिंह, वालीबॉल के अंतरराष्ट्रीय कोच विद्यासागर शर्मा, विधि चंद कौशल, रमेश कौशल, जगदेव ठाकुर, मैहर महेश चंद्र, धर्म चंद शर्मा, प्रताप चंद, डॉ. वेद प्रकाश व अन्य उपस्थित रहे।

# एक्स-रे फिल्म मिलने पर मरीजों ने ली राहत की सांस

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में एक्स-रे मशीन की फिल्म की आपूर्ति हो गई है। ऐसे में मंगलवार से मरीजों की समस्या का समाधान हो गया। अब मरीजों को एक्स-रे करवाने के लिए निजी लैब में जाकर अपनी जेब से पैसे नहीं खर ने पड़ेगा।

हमीरपुर अस्पताल में रोजाना 200 से अधिक मरीजों के एक्स-रे होते हैं। कैश काउंटर पर बिल कटने के उपरांत मरीजों का एक्स-रे किया



मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में एक्स-रे करवाने के लिए कतार में लगे मरीज

जाता है। हालांकि बताया जाता है कि मरीजों का निशुल्क एक्स-रे होता है। एक्स-रे की बेहतर मशीनें भी मेडिकल कालेज प्रबंधन के रेडियोलॉजी विभाग में उपलब्ध हैं। फिल्म का स्टॉक कम होने के कारण चाहे जो भी रहे हों, लेकिन मरीजों को जरूर परेशानियों का सामना करना पड़ा था। अब फिल्म उपलब्ध हो जाने के कारण मरीजों ने राहत की सांस ली है। मंगलवार को अस्पताल में लगभग 200 के करीब मरीजों के एक्स-रे किए गए

### अस्पताल में स्टॉक कम होने के कारण मरीजों को हो रही थी परेशानी

हमीरपुर के मेडिकल सुपरीटेंडेंट डा. अजय शर्मा ने बताया कि रेडियोलॉजी विभाग को फिल्म की आपूर्ति कर दी गई है। आज लगभग 200 के करीब मरीजों की एक्स रे किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# मानहानि का दावा ठोंकने के बाद बंद हुए सीएम के बयान : आशीष शर्मा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर मंडल भाजपा की बैठक मंडल अध्यक्ष आदर्श कांत की अध्यक्षता में हमीरपुर के बासी पैलेस में हुई, जिसमें विधायक आशीष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान आशीष ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार अपने हर मुद्दे पर विफल साबित हुई है। यह सरकार अब वेंटिलेटर पर है और कुछ दिनों की मेहमान है।

उन्होंने कहा कि जब से 9 विधायकों ने मुख्यमंत्री पर मानहानि का दावा ठोका है, तबसे उनके बयान आना बंद हो गए हैं, जिससे स्पष्ट है कि उनके सारे बयान झूठे थे। अगर उनके पास कोई सबूत होते तो वह जनता के सामने उन सबूतों को रखते। इस उपलक्ष्य पर अशीष शर्मा ने सभी मंडल



दीप जलाते विधायक आशीष शर्मा, साथ हैं अन्य।

पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों से आने वाले चुनावों में एक जुट होकर साथ में काम करने का आह्वान किया।

वहीं मंडल अध्यक्ष आदर्श कांत ने आने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर जिला परिषद् अध्यक्ष प्यारेलाल शर्मा, कमलेश परमार, मंडल महामंत्री सुरेश सोनी, मंडल महामंत्री राजेश ठाकुर व मंडल के सभी पदाधिकारी व कार्यकारिणी उपस्थिति रही।

**रोष** — भाजपा और कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में वन रैंक वन पेंशन का जिक्र न करने पर उठी विरोध की चिंगारी

# ...तो भूतपूर्व सैनिक लोकसभा चुनाव का करेंगे बहिष्कार, दबाएंगे नोटा!

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ और ओआर) पिछले एक वर्ष से वन रैंक वन पेंशन-2 की विसंगतियों को लेकर दूर करने के लिए आंदोलन कर रहा है, लेकिन पूर्व सैनिकों की मांगों को अभी तक पूरा नहीं किया गया है। पूर्व सैनिकों ने आने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर जारी किए गए चुनावी घोषणा पत्र में पूर्व सैनिकों के वन रैंक वन पेंशन के मुद्दे को शामिल ही नहीं किया गया है। इससे पूर्व सैनिकों में दोनों ही मुख्य पार्टियों के प्रति आक्रोश और निराशा है।

यूनाइटेड फ्रंट ऑफ एक्स सर्विसमैन के अध्यक्ष कै. जगदीश वर्मा ने दोनों ही पार्टियों के अध्यक्षों बीजेपी के जेपी नडडा, कांग्रेस के मल्लिकार्जन खड़गे और बीजेपी चुनावी घोषणा पत्र के अध्यक्ष राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर पूर्व सैनिकों की मांगों को अपनी पार्टी के लोकसभा चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करने का आग्रह किया है। उन्होंने लिखा है कि यदि आपकी पार्टी ऐसा नहीं करेगी तो भूतपूर्व सैनिक राज्य में लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने के लिए मजबूर होंगे और नोटा का बटन दबाएंगे। कै. जगदीश ने कहा कि प्रदेश से लगभग 1 लाख 15000 सेवार्थ सैनिक हैं तथा इसके साथ ही 1,60,000 के लगभग भूतपूर्व सैनिक हैं। इन सबको मिलाकर तथा उनके परिवारों को मिलाकर सहस्त्र सेना के कर्मियों की संख्या काफी अधिक हो जाती है तथा ये सब चुनाव में किसी भी पार्टी को इकट्ठे होकर प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वन रैंक एक पेंशन स्कीम जो




की पूर्व सैनिकों की बहुत लंबे समय की मांग थी उसे लागू करके वर्तमान सरकार अपनी उपलब्धि मानती है कि इस स्कीम को लागू कर दिया है और इसका श्रेय सरकार ले रही है, वहीं पर दूसरी तरफ भूतपूर्व सैनिक पूरे देश में जिनकी संख्या 28 लाख के लगभग है इस बात से खफा है कि सरकार द्वारा दिया गया वन रैंक वन पेंशन का लाभ उनको नहीं मिल पाया है। सरकार कहती है कि हमने दे दिया है। पूर्व सैनिक कहते हैं कि उनको नहीं मिला है। तो इस बात में कहीं न कहीं तो गड़बड़ी है।

इस संदर्भ में संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओ आर) हिमाचल प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा सेवानिवृत्त, महासचिव लेफ्टिनेंट रमेश तपवाल, सूबेदार मेजर रोशन लाल चैहान ने कहा कि उन्होंने अपने संगठन की तरफ से कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन, भाजपा के अध्यक्ष जेपी नोएडा तथा भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र के 27 लोकसभा सांसदों की कमेटी के अध्यक्ष राजनाथ सिंह को पिछले महीने 27 मार्च 2024 को एक पत्र लिखकर मांग की थी कि वह वन रैंक वन पेंशन के मुद्दे को गंभीरता से विचार करके अपने चुनाव घोषणा पत्र में जोड़े, ताकि उन्हें वन रैंक वन पेंशन का लाभ सही रूप में मिल सके।

### यूनाइटेड फ्रंट ऑफ एक्स सर्विसमैन के अध्यक्ष ने दोनों पार्टियों के अध्यक्ष को भेजा पत्र

उन्होंने बताया कि दोनों ही पार्टियों ने अपने लोकसभा चुनाव के चुनाव घोषणा पत्रों में पूर्व सैनिकों के इस मुद्दे को उनके बताने के बावजूद भी नहीं जोड़ा गया जिससे कि वर्तमान सरकार के विरोध में पूर्व सैनिकों में भारी आक्रोश व विरोध पनप रहा है।

# राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेले में शामिल नहीं हुए सात प्राचीन देवी-देवता, दर्शन के लिए करना होगा इंतजार

**उमेश भारद्वाज, मंडी**

देव आस्था के महाकुंभ राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला-2024 में इस वर्ष 7 प्राचीन देवी-देवता शिरकत नहीं कर पाए हैं। इससे अब श्रद्धालुओं को सुकेत रियासत की धरा पर इन देवी-देवताओं के दर्शन करने के लिए एक वर्ष का लंबा इंतजार करना पड़ेगा। इनमें करसोग से देव माहूंनाग शडोट, देव बाला टिक्का हलेल सुंदरनगर, देवी महाकाली पुरानी मंडी, देवी श्यामाकाली, देवी चतुर्भुजा, देवी महाकाली मंडी और देव माहूंनाग नलसर शामिल हैं।

जानकारी देते हुए सुकेत सर्व देवता कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सोनी ने कहा कि देव माहूंनाग शडोट करसोग के पांगना में होने वाले स्थानीय मेले 'लाहुला' में शिरकत करने के कारण सुकेत देवता मेले में नहीं आए हैं।

देव बाला टिक्का हलेल राज्य स्तरीय सुकेत मेला के दौरान 13 अप्रैल को संक्रांति आने से इस वर्ष अपनी मौजूदगी दर्ज नहीं कर रहे हैं। इसके साथ देवी महाकाली पुरानी मंडी अपने मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के कारण सुकेत देवता मेला में नहीं पधारी हैं। देवी श्यामा काली, देवी चतुर्भुजा व देवी महाकाली मंडी शहर के भ्यूली में बैसाखी मेले में शिरकत करने और देव माहुंनाग नलसर क्षेत्र के ग्रामीण नलसर मेला में जातर होने के कारण इस वर्ष सुकेत मेला में शिरकत नहीं कर रहे हैं।

अभिषेक सोनी ने कहा कि इन सभी देवी-देवताओं को प्रशासन की ओर से मेले का विधिवत निमंत्रण पत्र भेजा गया था। लेकिन अपने विभिन्न कारणों के कारण यह देवी-देवता मेला में शिरकत नहीं कर पाए हैं। (अनंत ज्ञान)

**बैसाखी, संक्रांति और स्थानीय ग्रामीण मेलों के कारण सुकेत की धरा पर पहुंच नहीं पाए देवी-देवता**

## इन देवताओं ने नहीं की शिरकत


देव श्री माहूंनाग जी शडोट।


देवी महाकाली समखेतर।


देव श्री बाला टिक्का हलेल।


माहूंनाग जी नलसर।


महाकाली पुरानी मंडी।


श्यामाकाली देवी।


चतुर्भुजा।

### 168 देवी-देवताओं ने की शिरकत

**राज्य** स्तरीय सुकेत देवता मेला का शुभारंभ इस वर्ष 13 अप्रैल को किया गया था। वहीं इस दिन बैसाखी और संक्रांति भी थी। इस कारण कई देवी-देवता अपने मंदिरों में विशेष पूजन और देवनीति के कारण सुकेत मेले में शिरकत नहीं कर पाए हैं। राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला में मंगलवार को देवी-देवताओं के आने का क्रम जारी रहा और इस वर्ष मेले में कुल168 देवी-देवताओं ने शिरकत की। वहीं मेले के दौरान लोगों ने देवताओं के दर्शन भी किए।

## न्यूज ब्रीफ

### बागी में मतदाताओं को किया जागरूक




**पधर।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि द्रंग विधानसभा क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम पंचायत शेगली के बागी में मतदान प्रतिशत बढ़ाने ,अधिक से अधिक मतदाताओं को अपने मत के महत्व के बारे में जागरूक करने हेतु स्वीप टीम के तहत नोडल अधिकारी डॉ. कल्याण चंद मंडोत्रा कि अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### 19 को छोटा पड्डल मैदान में होगा ड्राइविंग टेस्ट

**मंडी।** वाहन पंजीकरण एवं विज्ञापन अधिकारी एसडीएम सदर ने बताया कि 19 अप्रैल को ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट बैडमिंटन कोर्ट के सामने की सड़क छोटा पड्डल मैदान में होना सुनिश्चित किए गए हैं। ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट के लिए प्रतिभागी फार्म, फोटो सहित पूर्ण रूप से भरकर फाइल सहित लाना अनिवार्य है। बिना फोटो बिना फाइल व अधूरे फार्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट के लिए 16 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से स्लॉट बुक होना शुरू हो गए है।

### बगलामुखी मंदिर में किया कन्या पूजन



**मंडी ।** तुंगल क्षेत्र की प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता बगलामुखी मंदिर सेहली में दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष्य में कन्या पूजन कर और हवन-यज्ञ किया। माता के पुजारी अमरजीत शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति दुर्गा अष्टमी के दिन कन्या पूजन किया जाता है। इस दौरान सैंकड़ों लोगों ने हवन यज्ञ में भाग लिया। हवन में पंडित प्रदीप शर्मा, अभिनव, अक्षित, अभिषेक, शुभम, नमन, ललित, हर्षित व रिषभ ने भाग लिया। भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### दसेहड़ा स्कूल में की सरस्वती देवी की मूर्ति स्थापित



**मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दसेहड़ा में माता सरस्वती देवी की मूर्ति स्थापना विधिवत की गई। प्रधानाचार्य हुक्म चंद और पंचायत प्रधान कुलदीप ठाकुर, एसएमसी प्रधान संजय ठाकुर और स्थानीय निवासी सेवानिवृत सूबेदार जगदीश चंद और मीरा देवी सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। अध्यापक अशोक शर्मा ने बताया कि दसेहड़ा स्कूल में सरस्वती देवी की मूर्ति स्थापना की गई है। देवी की मूर्ति स्थापना करने से विद्यार्थियों में ज्ञान की भावना प्रबल होती है।

### सुकेत देवता मेले में देवलुओं को परोसे स्थानीय व्यंजन



**सुंदरनगर ।** राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला-2024 में देवी-देवताओं के साथ सुंदरनगर शहर आए सैकड़ों देवलुओं के लिए प्रशासन द्वारा धाम और स्थानीय व्यंजनों की व्यवस्था भी की गई है। सुकेत सर्व देवता कमेटी के अध्यक्ष डॉ. अभिषेक सोनी ने कहा कि राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला में शिरकत करने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से देवी-देवता अपने सैकड़ों देवलुओं संग सुंदरनगर पहुंचे हुए हैं। प्रशासन द्वारा रात्रि के समय भी देवलुओं के लिए भोजन की उचित व्यवस्था की जा रही है। देवलुओं की मांग का उचित ध्यान रखा जा रहा है। रात्रि के समय चपाती, बदुहरू आदि क्षेत्र के पकवान देवलुओं को परोसे जा रहे हैं।

### अग्निवीर भर्ती की परीक्षा 22 से : डीएस सामन्त

**मंडी।** अग्निवीर भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा 22 अप्रैल से 7 मई तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा में भाग लेने के उम्मीदवारों को अग्निवीर भर्ती की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड करना होगा। भर्ती निदेशक डीएस सामन्त ने बताया कि परीक्षा केन्द्र का नाम और परीक्षा का समय उम्मीदवार के एडमिट कार्ड में होगा। उम्मीदवार को परीक्षा देने के लिए परीक्षा केंद्र पर अच्छी गुणवत्ता का एडमिट कार्ड का प्रिंट लेकर जाना होगा। इसके साथ ही उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र पर मूल दस्तावेजों की फोटो कॉपी, दसवीं और बारहवीं की अंकतालिका, एनसीसी प्रमाण-पत्र, सपोर्ट सर्टिफिकेट और रिलेशन सर्टिफिकेट लेकर जाना होगा।

## सुकेत नगरी में बजंतरी प्रतियोगिता आयोजित, 15 देवी-देवताओं ने लिया भाग

# देव बेल में देव माहूंनाग मौवीसेरी प्रथम

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला के चौथे दिन बजंतरी प्रतियोगिता के दोनों चरण बुधवार को आयोजित किए गए। इसमें एक चरण देव बेल और दूसरा चरण नाटी का रहा। इस मौके पर एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सुकेत सर्व देवता कारदार कमेटी के बजंतरी प्रतियोगिता के आयोजक रोशनलाल शर्मा ने कहा कि बजंतरी प्रतियोगिता में 15 बजंतरी समूहों ने भाग लिया। बजंतरी प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई, जिसमें देव बेल और देव नाटी प्रमुख रहे। बजंतरी प्रतियोगिता में आयोजित देव बेल में प्रथम स्थान देव माहूंनाग मौवीसेरी, दूसरा कोयला भगवती राजगढ़ और तीसरा स्थान अंबिका माता बल्ह के नाम रहा।

बजंतरी नाटी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान देव माहूंनाग ओड़की, दूसरा स्थान देव सत बाड़ादेव नालनी ने और तीसरा स्थान देव माहुंनाग जयदेवी के बजंतरी समूह को प्राप्त हुआ। वहीं देवनाद में सम्मिलित होने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को 200 रुपए प्रशासन की ओर से दिए गए हैं। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बजंतरी समूह को मुख्य अतिथि द्वारा 3 हजार, दूसरे स्थान पर रहने वाले को 2 हजार रुपए और तीसरे स्थान पर रहने वाली समूह को 1500 रुपए तथा अन्य भाग लेने वाले बजंतरी समूहों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भी पुरस्कृत किया गया।

महाकाली जालपा व शिव मंदिर चलोग डाकघर हाड़ाबोई तहसील निहरी जिला मंडी के गुलशन ठाकुर ने बजंतरी प्रतियोगिता के दौरान एक साथ दो करनाल बजाकर दर्शकों को हैरान कर दिया।


बजंतरी प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बजंतरी।


दो करनाल बजाता हुआ गुलशन।




(इनसेट में) नन्हे कलाकार ढोल नगाड़े बजाते हुए तथा बजंतरी प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बजंतरी।

### आज होगा समापन, 7 सेक्टरों में बांटी जलेब

राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला का आज विधिवत समापन होने जा रहा है। इस मौके पर महामाया मंदिर से मेला स्थल तक आयोजित की जाने वाली जलेब को 7 सेक्टरों में प्रशासन द्वारा बांटा गया है। इसमें सबसे पहले बैंड, कन्या और इसके साथ राज परिवार का प्रतिनिधि, महामाया पालकी, विष्णु, शिव,देवी पांगना, कामाक्षा जयदेवी शामिल रहेंगे। इसके बाद बड़ा देव कमरुनाग, अतिथिगण के बाद देव श्री मूल माहुंनाग करसोग और अन्य देवी-देवता जलेब का हिस्सा बनेंगे।

# बड़ी माली पर धवाल के मुकेश व अमृतसर के अमृतपाल का कब्जा


विजयी पहलवान आयोजकों के साथ सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

जय लखदाता कुश्ती प्रतियोगिता भंगरोटू की बड़ी माली का फाइनल मुकाबला बड़े रोमांचक तरीके से ड्रा पर समाप्त हुआ। 15 अप्रैल को देर शाम तक चली इस प्रतियोगिता में बड़ी माली और छोटी माली के लिए अलग-अलग मुकाबले हुए। इसमें छोटी माली के फाइनल मुकाबले में दिल्ली के पहलवान कुणाल ने चंडीगढ़ के पहलवान रितिक को हराकर माली अपने नाम की, जबकि बड़ी माली का मुकाबला धवाल के मुकेश और अमृतसर के अमृतपाल के बीच हुआ। लेकिन निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर रहने पर मुकाबला रोकना पड़ा। मुकाबला ड्रॉ मानकर प्रतियोगिता का समापन किया गया।

इस मौके पर कुश्ती समिति के प्रधान फिरोज खान, सचिव संजय चौहान, रिटायर्ड ट्रेजरी आफिसर कृष्ण चौहान आदि उपस्थित रहे।

### 18 को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**मंडी।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नंबर-2 ई. सुनील शर्मा ने बताया कि विद्युत अनुभाग सौली खड्ड के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्र शिल्लाकिपर, बिंद्रावनी, कुआरी, बनौट, होटल रोटी, ईसीएचएस नेला के आसपास क्षेत्रों में 18 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दिन विभाग द्वारा नेशनल हाईवे में आने वाली उच्चतम आवेग की लाइनों को स्थानांतरित करने का कार्य किया जाएगा।

## महिलाओं के लिए करवाए सांस्कृतिक कार्यक्रम



रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करती नन्हीं कलाकार व महिलाएं।

**अनंत ज्ञान, पधर**

जिला स्तरीय किसान मेला पधर के अवसर पर महिलाओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। महिला मंडल के लिए जिला स्तरीय किसान मेला पधर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न स्कूल और महिला मंडल भाग ले रहे हैं।

जिला स्तरीय किसान मेला पधर के पहले दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रम में विकास खंड अधिकारी पधर राकेश पटियाल व उनकी धर्मपत्नी सविता पटियाल उपस्थित रहे। साथ में विशेष रूप से डीएसपी पधर दिनेश कुमार, तहसीलदार पधर सहित आदि उपस्थित रहे।

## बजंतरी प्रतियोगिता में दिया मतदान जागरूकता का संदेश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुंदरनगर के देवता मेले में आयोजित की गई बजंतरी प्रतियोगिता के दौरान देवलुओं तथा उपस्थित जनमानस को स्वीप टीम द्वारा मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

स्वीप टीम नोडल अधिकारी शिव सिंह वर्मा ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार शत प्रतिशत मतदान के लिए सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र में गठित की गई है।

सुकेत देवता मेले में भी मतदाता जागरूकता की अलख जगाई जा रही है तथा बजंतरी प्रतियोगिता में लोगों को जागरूक करना इसी मुहिम का एक हिस्सा है।



मतदाता जागरूकता के दौरान सामूहिक चित्र में

## अष्टमी पर मां सिद्धकाली मंदिर में भक्तों का लगा तांता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



अष्टमी की मौके पर मंगलवार को माता सिद्धकाली मंदिर में भी मां के दर्शनों को लेकर आस्था का सैलाब उमड़ा। सुबह 6 बजे ही मंदिर की कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

माता सिंद्धकाली मंदिर के पुजारी जगदीश शर्मा ने बताया कि नवरात्र पर्व को लेकर माता सिद्ध काली का विशेष रूप से श्रृंगार और विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की जा रही है। उन्होंने कहा कि अष्टमी पर श्रद्धालु यहां कन्याओं का भी पूजन कर रहे हैं और मां के दर्शन कर आशीर्वाद भी प्राप्त कर रहे हैं। मां के दर्शन करने के लिए आई पूजा ने बताया कि वह हर बार माता रानी के दरबार में आती रहती हैं। माता रानी सभी के दुखों को हरति हैं। बता दें कि बुधवार को नवमी पर माता सिद्ध काली मंदिर में हवन यज्ञ के साथ कन्या पूजन भी किया जाएगा जिसमें 31 कन्याओं का पूजन किया जाएगा।

## चुक्कू का कमल किशोर भारतीय सेना में बतौर कप्तान देगा सेवाएं



**पधर।** ग्राम पंचायत चुक्कू के नागणी गांव का कमल किशोर भारतीय सेना में कैप्टन पद पर अपनी सेवाएं देगा। कमल किशोर हाल ही में भारतीय सेना एसएससी शार्ट सर्विस कमीशन पास कर बतौर कैप्टन चयनित हुआ है। युवक के चयन से क्षेत्र में जश्न का माहौल है।

कमल किशोर इससे पहले भारतीय तिब्बत सेना पुलिस में बतौर असिस्टेंट कमांडेंट चयनित हुआ था। जहां देहरादून मंसूरी में प्रशिक्षण ले रहा था। जून माह में प्रशिक्षण पूरा होने बाद यहां से पास आउट होना था। भारतीय सेना एसएससी का परिणाम आने पर कमल किशोर आईटीबीपी का प्रशिक्षण छोड़ अब सेना में सेवाएं देगा।

कमल किशोर के पिता मनसा राम वर्तमान में ग्राम पंचायत चुक्कू के प्रधान हैं, जबकि माता यशोद्धा आंगनबाड़ी में बतौर सहायिका सेवारत हैं।

## हृदय वासिनी मंदिर में भागवत कथा सुनने पहुंचे जयराम ठाकुर


आरती करते हुए नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नवरात्रों के दौरान मंडी के पड्डल स्थित हृदय वासिनी मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने यहां देवी भगवती की पूजा कर भागवत कथा में भाग लिया। जहां विश्वविख्यात कथावाचक श्री कृष्ण चंद्र शास्त्री के मुखारविंद से भक्ति गंगा का हजारों लोग रसपान कर रहे हैं।

संयोजक रमन बिष्ट ने जयराम ठाकुर का स्वागत किया। कथा श्रवण के बाद जयराम ठाकुर ने कहा कि श्री कृष्ण चंद्र शास्त्री ठाकुर जी के नाम से प्रसिद्ध कथावाचक के रूप में जाने जाते हैं।

## किसान मेले में करवाई खेलकूद प्रतियोगिताएं

**अनंत ज्ञान, पधर**


किसान मेला पधर में कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते युवा।

जिला स्तरीय किसान मेला पधर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024 तक मनाया जा रहा है। डीएसपी पधर दिनेश कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि मेले में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें पुरुष वर्ग के लिए वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कुल 12 टीम में भाग ले रही है कबड्डी में 8 टीम में भाग ले रही है, जिसके शुभारंभ पर एसडीओ बिजली बोर्ड संतराम मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित रहे वहीं बैडमिंटन प्रतियोगिता में कुल 22 टीम में भाग ले रही है।

इस अवसर पर गवर्नमेंट स्कूल पधर के प्रधानाचार्य ललित ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे वॉलीबाल प्रतियोगिता में विजेता टीम को इनामी राशि 11 हजार, उपविजेता को 8100 और कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता टीम को 8100 रुपए उपविजेता को 5100 रूपए और बैडमिंटन प्रतियोगिता में विजेता को 2100 रुपए और उपविजेता को 1500 रुपए इनामी राशि दी जाएगी इस अवसर पर शेष राम रीडर डीएसपी पधर, डीपी दिनेश कुमार, डीपी मानसिंह, डीपी भूपेंद्र शर्मा उपस्थित रहे।

**जागरूकता** सरकाघाट के 112 मतदान केंद्रों में 90967 मतदाता करेंगे मतदान

# 2106 दिव्यांग व बुजुर्ग घर बैठे कर सकेंगे मतदान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम स्वाति डोगरा की अध्यक्षता में बीएलओ और सुपरवाइजर के साथ दिव्यांगजनों व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाओं को घर से मतदान करने की सुविधा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम ने बताया कि सरकाघाट में 2106 बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि सभी बीएलओ व सुपरवाइजर को 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता तथा दिव्यांगजन मतदाताओं की सूची मतदान केंद्र अनुसार उपलब्ध करवाई गई है तथा 12-डी फॉर्म भी की आवंटन किए गए हैं।

साथ ही 12 डी फार्म भरने का प्रशिक्षण भी दिया गया है। उन्होंने सभी सुपरवाइजर व बीएलओ को अपने क्षेत्र में ऐसे मतदाता जो मतदान केंद्र तक पहुंचने में असमर्थ हैं, के पास जा कर 12डी फार्म भरवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के 112 मतदान केंद्रों में कुल 90967 मतदाता मतदान करेंगे जिसमें 85 वर्ष से अधिक उम्र के 1203 मतदाता हैं तथा 903 दिव्यांग मतदाता हैं।

उन्होंने सभी बीएलओ और सुपरवाइजर को निर्देश दिए गए कि यदि कोई युवा 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु या इससे अधिक की आयु पूर्ण कर रहा हो, तो उनका नाम बीएलओ मतदाता सूची में जोड़ना सुनिश्चित करें।

### लोग एक जून को अवश्य मतदान करें : मनीश चौधरी

**जोगिंद्रनगर।** एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने कहा कि एक जून को होने जा रहे लोकसभा चुनाव में रोजगार की दृष्टि से क्षेत्र से बाहर गए लोग अवश्य मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाएं। मतदान में सभी लोगों की भागीदारी से न केवल जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का मतदान प्रतिशत बढ़ेगा बल्कि लोकतंत्र को मजबूती भी मिलेगी। लोकसभा चुनाव की दृष्टि से जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कम मतदान वाले मतदान केंद्रों में चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान के तहत मतदान केंद्र भडयाड़ा बूहला, मकरीड़ी तथा त्रैम्बली में बोल रहे थे।



### कंगना को भाजपा प्रत्याशी बनाना पड़ सकता है भारी : कौशल



**मंडी ।** प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि विक्रमादित्य इस चुनाव में हर लिहाज से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के ऊपर भारी पड़ेंगे। उनको राजनीति एवं समाज सेवा की शिक्षा छह बार प्रदेश में मुख्यमंत्री रहे स्व. वीरभद्र सिंह से प्राप्त हुई है जबकि कंगना की राजनीतिक अपरिपक्व है। उन्होंने कहा वास्तव में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी लोकसभा सीट से खुद चुनाव न लड़ने की रणनीति के तहत कंगना रनौत को भाजपा प्रत्याशी बनाने की राजनीति की जो अब भाजपा पर भारी पड़ रही है।



# कुरियाला में मतदाताओं को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुरियाला गांव में 'स्वीप' कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान में शामिल लोग।

जिला ऊना में चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से 'स्वीप' जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी ऊना के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र कुटलैहड़ 'स्वीप' के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी के नेतृत्व में आईआरबीएन बनगढ़ के एकलव्य कला मंच ने उपमंडल बंगाणा के कुरियाला पंचायत में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मताधिकार के प्रयोग के बारे में जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम वहां पर आयोजित किया जा रहा है जहां पिछली बार कम मतदान हुआ था। मतदाताओं से चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान करने, साथ ही अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

उन्होंने इस नाटक के माध्यम से एक जागरूक नागरिक होने तथा लोकतंत्र में उसकी भूमिका को भी परिभाषित कर किया। इस अवसर पर विधानसभा कुडलेहड 45 'स्वीप' के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान हस्ताक्षर अभियान किया गया और लोगों को जानकारी देते हुए मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान मेंहदी और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता करवाई गई। मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अमन प्रीत कौर ने, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान परमजीत कौर ने प्राप्त किया। इस दौरान विजेता रहे प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया और सभी उपस्थित लोगों ने शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया। नेगी ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर सोनू गोयल जी के दिशा-निर्देश के अनुसार अब तक जनमानस को अधिक से अधिक जागरूक करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर सैक्टर ऑफिसर प्रोफेसर नंद लाल, कुर्यला पंचायत के प्रधान जसविंदर कौर, उपप्रधान अमित कुमार, प्रिंसिपल सुदर्शन कुमार, ब्लॉक लेवल आफिसर कंचन बाला और अनीता बाला और पंचायत पंच मौजूद रहे।

## राणा ने हमेशा जनादेश का किया निरादर : वर्मा

**सुजानपुर।** सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कहा है कि जब भी सुजानपुर की जनता ने पूर्व विधायक राजेंद्र राणा को जनादेश दिया है उन्होंने उस जनादेश का हमेशा नरादर किया है, लेकिन क्षेत्र की जनता अब उनके इस कदम को स्वीकार नहीं कर रही है।

चुने हुए प्रतिनिधियों की कुछ जवाबदेही होती है। उन्हें 5 साल के लिए जिम्मेदारी मिलती है। राजनीति में आयाराम-गयाराम और खरीद-फरोख्त की प्रथा को हवा वही लोग देते हैं जिन्हें जनता द्वारा दिए गए जनादेश और जिम्मेदारी की कोई परवाह नहीं होती।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू को हमीरपुर का हितैषी न होकर शिमला का बताना गलत है। सुक्खू जब विधायक भी नहीं थे तो हमीरपुर को मेडिकल कॉलेज दिलवा चुके हैं और तो और शिमला तो हिमाचल में ही है मगर चंडीगढ़ तो प्रदेश में भी नहीं है।

# सरकारी स्कूलों में दाखिला लेने के लिए छात्रों में भारी उत्साह

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**



सरकारी स्कूल में प्रवेश लेने के लिए पहुंचे छात्र।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा व भंजाल में गोंदपुर बनेहड़ा व भंजाल स्कूल में दाखिला लेने को लेकर छात्रों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

खासकर छठी से जमा दो क्लास तक दाखिला लेने को लेकर भारी उत्साह है। इन सरकारी स्कूलों के अध्यापकों के द्वारा भी छात्रों को इन स्कूलों में दाखिला लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है जो सराहनीय है।गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल के प्रिंसिपल राजेश कुमार, वाइस प्रिंसिपल ओम राज ने बताया कि काफी छात्र स्कूल में दाखिला ले रहे ह।

उधर भंजाल की प्रिंसिपल सरला ठाकुर, वाइस प्रिंसिपल राजन शर्मा ने बताया कि पाठशाला में दाखिला लेने को लेकर छात्रों में भारी उत्साह है। इसके अलावा इन स्कूलों के कर्मठ अध्यापक संदीप कुमार, राजन कुमार, विनोद ठाकुर, अनु शर्मा, मनोज कालिया, राजीव कुमार आविंद्र जसवाल, अजय शर्मा, दीपक शास्त्री, राजीव ठाकुर समेत सभी अध्यापक छात्रों को दाखिला लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं जो सरकारी संस्थाओं के सराहनीय प्रयास है।

इसके अलावा आसपास के कुनैरन, भद्रकाली, मुबारिकपुर, सलोह वेरी, जोह, मरवाडी, घनारी एवं अन्य सरकारी स्कूलों में भी अध्यापक छात्रों को सरकारी स्कूलों में दाखिले के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### ओल्ड पेंशन स्कीम का विरोध गलत : गुलेरिया



**ऊना।** पुरानी पेंशन पर आए दिन भाजपा नेताओं और प्रधानमंत्री मोदी की सोच पर हिमाचल के एक पूर्व कर्मचारी नेता ने सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि ओल्ड पेंशन स्कीम को 'एक मुफ्त की रेवड़ी' बताना बहुत ही घटिया सोच है। भाजपा नेता की ओर से ओल्ड पेंशन स्कीम का विरोध करना गलत है। हिमाचल प्रदेश के रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी महासंघ के अध्यक्ष डॉ. संजीव गुलेरिया ने कहा कि भाजपा के नेता और प्रधानमंत्री कांग्रेस व विपक्षी दलों के शासन वाले राज्यों को धमका रहे हैं कि ये राज्य पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करके गलत कार्य कर रहे हैं।

### भंजाल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण




अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल के वोकेशनल के टूरिज्म छात्रों ने गत दिवस शैक्षणिक भ्रमण किया। टूरिज्म के छात्रों ने बॉम्बे पिकनिक स्पॉट और सुरक्षा के छात्रों ने अग्निशमन केंद्र अंब का भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों की कार्य प्रणाली की जानकारी ली। स्कूल के वरिष्ठ लेक्चरर वाइस प्रिंसिपल राजन शर्मा ने वोकेशनल के छात्रों को शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर पाठशाला के अनु शर्मा, सीमा कुमारी, सुरेश ठाकुर, मनोज कुमार, वोकेशनल को-ऑर्डिनेटर रमनीश बंसल, शिव शर्मा, संदीप कुमार, नीरज कुमारी, रोमिता कुमारी, शकुंतला ठाकुर, सुनील ठाकुर, नरेश कंवर, मनीष ठाकुर, मनोज कुमार, रमेश चंदेल, सुनील कुमार, राजन कुमार आदि उपस्थित थे।

### अग्निवीर सेना भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी, परीक्षा 22 से

**ऊना ।** अग्निवीर सेना भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए है। यह जानकारी सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के भर्ती निदेशक कर्नल बीएस भंडारी ने दी। उन्होंने बताया कि अग्निवीर सेना भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा 22 अप्रैल से 7 मई तक होगी। अभ्यार्थी अपने एडमिट कार्ड ऑनलाइन बेवसाईट www.joinindianarmy.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं। कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि ऊना, हमीरपुर व बिलासपुर जिलों में अलग-अलग केंद्रों में ये परीक्षा करवाई जाएगी। हमीरपुर में आयन डिजिटल जोन और गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज़, ऊना में आयांश क पयूटर सेंटर और केसी ग्रुप ऑफ इंस्टिटयूट तथा बिलासपुर में मॉडर्न आर्किटेक्चर इन्फ्रा सर्विस प्रोवाइडर परीक्षा केंद्र होंगे।

### अंडर-16 जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बिलासपुर का दूसरी पारी में स्कोर 139/6

**ऊना।** अंडर-16 जिला स्तरीय प्रतियोगिता के तहत लीग का मुकाबला ऊना के इंदिरा स्टेडियम में बिलासपुर और हमीरपुर के बीच में आरंभ हुआ था। इसमें बिलासपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 136 रन बनाए। वरुण ठाकुर ने 83 रन, अखिल ने 20 रन बनाए जबकि अन्य बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। हमीरपुर के गेंदबाज साहिल कुमार ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया। वरुण सिंह, अक्षत शर्मा, ओम महादेव ने दो-दो विकेट हासिल किए जबकि कृष्ण कुमार को एक विकेट मिला। हमीरपुर की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 195 रन बनाए। हमीरपुर के लिए दिव्यांश शर्मा ने 33 रन व शौर्य जमबाल ने 79 रन बनाए। बिलासपुर के सार्थक और करन तीन-तीन खिलाड़ियों का आउट किया। बिलासपुर की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में 6 विकेट खोकर 139 रन बनाए थे। वरुण ठाकुर 52 रन बनाकर खेल रहे हैं। हमीरपुर के किशन कुमार ने तीन विकेट प्राप्त किया। ओम महादेव ने दो खिलाड़ियों को आउट किया जबकि अक्षत शर्मा को एक विकेट मिला।

### सोलन के मुकाबले कांगड़ा की ठोस शुरुआत

**ऊना।** अंडर-16 जिला स्तरीय प्रतियोगिता का दूसरा लीग मुकाबला कांगड़ा और सोलन के बीच में पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ ऊना में आरंभ हुआ, जिसमें सोलन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 231 रन बनाए। हरमन सिंह 43, जयआदित्य डोगरा ने 43, उदयवीर ने 33 व सत्यम ने 34 रन बनाए। कांगड़ा के संचित सरोच ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार खिलाड़ियों को आउट किया जबकि रिदान नंदा को 3 विकेट मिले। कांगड़ा के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली पारी में बढ़त हासिल की। अर्जुन पठानिया 143 रन जबकि आदिल राणा 109 नाबाद थे। कांगड़ा की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट खोए 272 रन बना लिए हैं।

### कार और टिप्पर में भीषण टक्कर



**हरोली।** हरोली पालक्वाह लोअर मार्ग पर पड़ते हरोली में कार व टिप्पर में आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक को चोटे पहुंची हैं ।प्राप्त जानकारी अनुसार कार चालक युवक अपनी कार एचपी 72 बी 2185 में सवार होकर पालकवाह की तरफ जा रहा था कि हरोली पहुंचने पर विपरीत दिशा से आ रहे टिप्पर से कार की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की कार के परखच्चे उड़ गए तथा कार टिप्पर में बुरी तरह फंस गई जिसे जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया। हालांकि इस सड़क हादसे में कार सवार चालक बाल बाल बच गया। दोनों पक्षों की सहमति के चलते मामला दर्ज नहीं किया गया है।

# तीसरे दिन भी आग पर काबू नहीं

## नियमों को ताक पर लगाया गया था उद्योग, उद्योग को चलाने की प्रबंधन के पास कोई अनुमति नहीं

**अनंत ज्ञान, मैहतपुर**



अनंत ज्ञान फॉलोअप

तीसरे दिन भी मैहतपुर का स्क्रैप में लगी आग पर पूरी तरह से काबू नहीं हो पाया है। यह उद्योग नियमों को ताक पर रखकर चलाया जा रहा था। इस उद्योग को चलाने की प्रबंधन के पास कोई अनुमति तक नहीं थी।

उधर जिला प्रशासन उद्योग प्रबंधन पर बड़ी कार्रवाई करने जा रहा है। जानकारी मिली है कि स्क्रैप का उद्योग चला रहे व्यक्ति के पास न तो फायर की एनओसी थी और न ही किसी तरह की अन्य कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र था।

मैहतपुर के इस स्क्रैप उद्योग में तीसरे दिन भी आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है। अभी तक भी उद्योग के कुछ हिस्से में आग सुलग रही है। अग्निशमन विभाग के करीब चार दर्जन कर्मचारी और आधा दर्जन वाहन आग पर काबू पाने में जुटे हुए हैं। मंगलवार देर शाम तक भी मैहतपुर के स्क्रैप उद्योग में भड़की आग शांत नहीं हो पाई है। कई जगह से लपटें उठ रही हैं। दमकल वाहन और कर्मचारी लगातार आग पर काबू पाने के लिए डटे हुए हैं।

फायर स्टेशन अधिकारी नीतिन धीमान ने बताया कि अभी तक आग पर काबू पूरी तरह से नहीं हो पाया है। साथ में औद्योगिक क्षेत्र है इसलिए पूरी मुस्तैदी से महकमे की ओर से इस आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि इस उद्योग को चलाने के लिए उनके महकमे की ओर से भी किसी तरह से एनओसी जारी नहीं हुई है। किसकी अनुमति से यह उद्योग चलाया जा रहा था यह उनको जानकारी नहीं है।

इस उद्योग के आसपास कई उद्योग भी सटे हैं। आग से विस्फोट होने का भी खतरा बना हुआ था, हालांकि ऐसी कोई अनहोनी तो नहीं हुई है, लेकिन इस भयंकर अग्निकांड से लोगों में जरुर दहशत का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के मुताबिक दो साल पहले भी इस स्क्रैप के उद्योग में आग की घटना हुई थी। उद्योग मालिक का नुकसान तो हुआ ही था, लेकिन दमकल महकमे को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी थी। उस समय भी कई आसपास के उद्योग आग की चपेट में आने से बच गए थे। उद्योग महकमे की ओर से मालिक को नोटिस भी भेजा गया था। इस नोटिस के बाद भी उद्योग के स्वामी की ओर से कोई एनओसी दमकल महकमे की लेने की जहमत नहीं उठाई। ऐसे में अब उद्योग विभाग ने इस उद्योग को कब्जे में लेने की प्रक्रिया भी शुरु कर दी है। इसकी पुष्टि उद्योग महकमे की ओर से की गई है।

## अलग-अलग मामलों में पकड़ी 2,67,540 मिली लीटर शराब

**ऊना।** पुलिस थाना गगरेट के पुलिस मुलाजिमों ने दो अलग-अलग मामलों में 2,67,540 मिली लीटर अवैध शराब पकड़ी है। पुलिस थाना गगरेट के मुलाजिम यातायात चैकिंग के लिए गांव मवा सिंधियां में मौजूद थे तो गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति की तलाशी लेने पर 1,53,540 मिली लीटर शराब पकड़ी गई। पुलिस ने पवन कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

दूसरे मामले में पुलिस थाना गगरेट के मुलाजिम जब गश्त व यातायात चैकिंग के लिए वार्ड नंबर 07, मवा सिंधियां में मौजूद थे, तो अप्पर मवां सिंधियां मोहल्ला गुजरां लिंक रोड पर बनी पुली पर खाली गत्ता पेटी नजर आई।

जब के शक के आधार पर जांच की तो 1,14,000 मिली लीटर शराब बरामद की गई जिस पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति पर एचपी आबकारी अधिनियम के तहत थाना गगरेट में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

# शिव मंदिर अमरेहड़ा में बाबा पहाड़िया की मूर्ति स्थापित



गद्दी नशीन प्रमुख सेवादार अशोक कुमार, जिन्होंने करवाई मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल के मलांगड़ अमरेहड़ा शिव मंदिर जोकि स्व. रामदास मलांगड़ स्मृति भवन में स्थित है, में मंगलवार को बाबा पहाड़िया की मूर्ति स्थापित की गई। नवरात्रि के अष्टमी के उपलक्ष्य पर बाबा पहाड़िया मूर्ति की स्थापना के साथ कीर्तन दरबार सजाया गया।

थानाकलां के गांव पंजैण के बाबा पहाड़िया मंदिर के गद्दीनशीन प्रमुख सेवादार अशोक कुमार ने शिरकत करके बाबा पहाड़िया की पूर्ति स्थापना पर प्राण प्रतिष्ठा करके पूजा-अर्चना की। धार्मिक कार्यक्रम के आयोजक बीसी शर्मा एवं परिवार ने अशोक कुमार का भव्य स्वागत किया। सेवादार अशोक कुमार ने बाबा जी के भजनों से संगत को निहाल किया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को प्रभु के प्रति सच्ची श्रद्धा रखनी चाहिए।

प्रभु सिमरन का भी एक विधान है। अगर विधान के साथ प्रभु के साथ लग्न लगेगी, तभी भक्ति में शक्ति मिलती है। इस मौके पर पूर्व प्रधान राजेंद्र मलांगड़, अरविंद मलांगड़, सुनील कुमार, एमआर शर्मा, भक्त राम शर्मा, देवेंद्र शर्मा, बिशन दास, अनिल कुमार, यूमेश कुमार, संजीव कुमार, भूपेश कुमार, सुदेश शर्मा, डॉ. अमर चंद, देवराज शर्मा, कुलदीप शर्मा के अलावा सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

## पतलीकूहल में फिर बनी बाढ़ जैसी स्थिति

**पतलीकूहल।** हल्की बारिश के बाद पतलीकूहल में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जुलाई माह में आई भीषण बाढ़ से नदी में काफी मलबा जमा हो गया था, जिससे लोगों के काफी जानमाल का नुकसान किया। केंद्रीय मंत्री नीतिन गडकरी से सलाह करने के बाद भविष्य में खतरा टालने तथा नुकसान से बचाने को ब्यास को बीच से गहरा कर यहां से निकले मलबे को नदी किनारे रखने का काम शुरू किया गया। इसके लिए बाकायदा टेंडर निकाला गया, लेकिन अच्छी मंशा से शुरू किए गए पुनीत कार्य के मिशन को ठेकेदार के मनमाने रवैये ने फेल होने की कगार पर पहुंचा दिया। नदी के बीच अनियोजित तरीके से बहुत संकरी नाली बनाई। वहीं जिस ओर गहराई के चलते मलबा भरे जाने की थी, उसे और गहरा कर दिया। जिससे पानी दोबारा बस्ती की ओर आना शुरू हो गया है। इसे देख पतलीकूहल में पिछले साल के बाढ़ प्रभावित अब दोबारा से बाढ़ की आशंका देख आतंकित हो उठे हैं। एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला और मनाली के एसडीएम रमन शर्मा का कहना है कि मामला उनके ध्यान में है। उधर, रायसन में ऐसे ही हालात बताए जा रहे हैं।



# बेटे की स्मृति में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़**



मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हनीश बंगड़ की माता व अन्य।

कुछ माह पूर्व सड़क हादसे में बेटे हनीश बंगड़ को गंवा चुकी माता ने बेटे की याद में मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके तहत शिक्षा के क्षेत्र में होनहार बच्चों को सम्मानित किया गया। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मदिवस पर रविवार रात डॉ. भीमराव आंबेडकर सोसायटी संतोषगढ़ के बैनर तले हुए कार्यक्रम में स्कूल परिणाम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान में उत्तीर्ण रहे बच्चों को कॉपी-पेन देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. भीमराव आंबेडकर सोसायटी संतोषगढ़ के अध्यक्ष सुरेंद्र बस्सी ने की, जबकि आयोजन में विशेष रूप से हनीश बंगड़ की माता अंजू देवी और भाई मनीष बंगड़ मौजूद रहे। हनीश बंगड़ की डॉ. भीमराव आंबेडकर मिशन के प्रति सक्रियता को याद किया गया। संतोषगढ़ गुरु रविदास सभा के प्रधान अधिवक्ता कुलविंद्र सिंह बैंस, दलित युवा नेता रवि बस्सी, दिलीप डोजी प्रभाकर, हरजीत सिंह, नरेश सिंघा और हरजीत सिंह ने अपने विचार प्रस्तुत किए। सोसायटी की ओर से अंजू देवी, मनीष बंगड़ और दिलीप डोजी सहित आए हुए अतिथियों को सम्मानित किया।

इस मौके पर सोसायटी के पदाधिकारियों में उपप्रधान सुलिंद्र चोपड़ा, सचिव सुरेश कुमार, कोषाध्यक्ष मुकेश सहजल, सुरजीत, हरजीतसिंघा, नवीन महे, मदन लाल, सैम सहगल, नरेश कुमार, अंजू बाला, रामपाल, आशा रानी, कश्मीरी लाल शूंटी, महादेव, रूपा, तवीन, मदन लाल, पूर्व प्रधान निर्मला महे सहित बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

**जानकारी** केंद्र की जनविरोधी नीतियों और महंगाई के खिलाफ युकां जनता के बीच जाएगी

# कंगना रनौत विकास नहीं करवा सकती : यदुपति

**अनंत ज्ञान, मनाली**



मनाली में शहरी कांग्रेस की ओर से आयोजित कार्यक्रम के दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष यदुपति ठाकुर व अन्य पदाधिकारी ।

केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों और महंगाई के खिलाफ युवा कांग्रेस जनता के बीच जाएगी। मनाली में शहरी कांग्रेस की बैठक की अध्यक्षता करते हुए युवा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष यदुपति ठाकुर ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस का डेढ़ वर्ष का कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा है।

पार्टी ने जनता को दी हुई गारंटियों को पूरा करना शुरू कर दिया है, जिनमें से सबसे बड़ी गारंटी ओपीएस बहाली के रूप में पूरी की जा चुकी है। यदुपति ठाकुर ने कहा कि मंडी लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौट विक्रमादित्य सिंह पर मुद्दों से हटकर व्यक्तिगत रूप से हमलावर हो रही हैं । उन्होंने कहा कि अगर वह राजनीति की इतनी ही समझ रखती हैं, तो जनकल्याण के मुद्दों पर बात करें। मंडी संसदीय क्षेत्र के विकास को लेकर अपनी योजनाएं बताएं। यदुपति ठाकुर ने कहा कि विक्रमादित्य सिंह के पढ़े-लिखे नौजवान युवा हैं और राजनीति में अच्छी पकड़ रखते हैं। इसके साथ ही प्रदेश में आपदा के समय केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से प्रदेश के हालात पर चर्चा कर प्रदेश के लिए उनसे मदद लाने में कामयाब रहे थे।

उन्होंने कहा कि कंगना रनौत केवल लोगों को सेल्फी दे सकती हैं, लेकिन संसदीय क्षेत्र का विकास नहीं करवा सकतीं। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस प्रदेश में कांग्रेस की युवा सोच एवं भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मंडी संसदीय क्षेत्र में पर्चे बांटकर जनता को जागरूक करेगी। जल्द ही कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह मनाली का दौरा करेंगे।

उन्होंने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र में युवा संवाद कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इसके माध्यम से युवाओं को इस अभियान में जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एसआईएलबी ने मनाया 21वां स्थापना दिवस

सोलन । शूलिनी इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज एंड बिजनेस मैनेजमेंट (एसआईएलबी) ने अपना 21वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और गर्व के साथ मनाया। स्थापना दिवस को तीन दिनों तक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ मनाया गया, जिसकी शुरुआत एक हवन समारोह से हुई जिसमें सभी फाउंडेशन सदस्यों और अन्य आगंतुकों ने भाग लिया, जिसके बाद हाउस प्लांट फेस्टिवल का उद्घाटन हुआ।

दोपहर में, एसआईएलबी छात्रों ने सांस्कृतिक गतिविधियों की योजना बनाई, जिसमें प्रमुख आकर्षण 'शाम-ए-गजल' भी शामिल था।

> **पहले** वे आपकी उपेक्षा करते हैं, फिर वे आप पर हंसते हैं, फिर वे आपसे लड़ते हैं, फिर आप जीत जाते हैं। –**महात्मा गांधी**

## संपादकीय

# चुनावों में धनबल और बाहुबल

लोकतंत्र के लिए यह आवश्यक है कि चुनाव निष्पक्ष हों और इस दिशा में चुनाव आयोग भी काफी सक्रिय दिख रहा है। चुनावों में धनबल के दुरुपयोग की बड़ी आशंका रहती है। चुनाव आयोग की टीमों की सतर्कता का ही नतीजा है कि भारी मात्रा में नकदी जब्त की जा रही है। आचार संहिता लगने के बाद अब तक 4650 करोड़ रुपए जब्त किए जा चुके हैं। यह लोकसभा चुनाव के 75 साल के चुनावी इतिहास में सबसे बड़ी बरामदगी है। ये आंकड़े वाकई डराने वाले हैं। पहले की राजनीति और अब की राजनीति में जमीन आसमान का अंतर आ गया है। हालांकि धनबल और बाहुबल का इस्तेमाल पहले भी होता रहा है। चुनावों में बेतहाशा पैसा खर्च करने की नेताओं की यह प्रवृत्ति घटी नहीं, बल्कि निरंतर बढ़ती ही गई, जो कि बेहद चिंता का विषय है।

पहले करोड़पति और बाहुबली नेताओं को जिताते थे, लेकिन 90 के दशक तक उनमें भी राजनीति में आने की इच्छा प्रबल हुई और वे राजनीति के चुनावी मैदान में स्वयं कूद गए। उन्होंने धन शक्ति का जमकर इस्तेमाल किया और विधानसभा तथा लोकसभा तक पहुंचने लगे, नतीजतन राजनीति में ऐसे लोग दाखिल होते गए, जिनको राजनीति का ज्यादा ज्ञान नहीं है, लेकिन इससे उन्हें क्या फर्क पड़ता है, उन्हें तो सत्ता चाहिए चाहे वह पैसे के बल पर हो या जैसे भी। इसी सत्ता का दुरुपयोग कर वे अपने निजी हित साधने में कभी संकोच नहीं करते हैं। इससे राजनीतिक मूल्यों का पतन हो रहा है। यही वजह है कि अब लोगों का नेताओं से धीरे-धीरे विश्वास उठने लगा पड़ा है, जो कि लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं है। अब चुनाव ज्यादा खर्चीले और आपराधिक घटनाओं से पूरे होने लगे हैं। साधारण नेताओं के लिए अपने कार्यों, सिद्धांतों और वादों के बूते चुनाव जीतना आसान नहीं रह गया है। धनबल और बाहुबल का दुष्प्रभाव इतना बढ़ चुका है कि सुप्रीम कोर्ट को इसमें हस्तक्षेप करना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट ने 90 के दशक में ही बिगड़े हालातों को ध्यान में रखकर यह फैसला सुनाया था कि प्रत्याशियों को नामांकन के साथ अपनी संपत्ति और आपराधिक पृष्ठभूमि से संबंधित शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा। जब से सुप्रीम कोर्ट ने प्रत्याशियों के लिए शपथ पत्र अनिवार्य किया है, तब से चुनावी खर्च पर लगाम तो लगी है, लेकिन अब नेता दूसरे तरीकों से चोरी-छुपे मतदाताओं को बरगलाने के लिए धनबल का जमकर प्रयोग कर रहे हैं। सही मायने में अगर देश में सुप्रीम कोर्ट की सख्ती और चुनाव आयोग का डंडा न चले तो नेता न जाने सत्ता की कुर्सी तक पहुंचने के लिए क्या-क्या हथकंडे अपनाएं। अब तो सुप्रीम कोर्ट ने प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की जानकारी बहुप्रसारित समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के लिए भी कह दिया है, बावजूद इसके करोड़पति और बाहुबलियों पर कोई असर नहीं हो रहा है।

विधानसभा तथा लोकसभा में उनकी तादाद बढ़ती ही जा रही है, जो गहन चिंता का विषय है। नेता अब अपने चहेतों को टिकट दिलाने और पाने के लिए शतरंज की चालें चलते हैं, जिसके चलते पार्टी में गुटबाजी का दौर शुरू हो जाता है। एक बार यह चीज पार्टी में शुरू हो गई तो उस पर पार पाना मुश्किल हो जाता है। यह कुचक्र बड़ी-बड़ी पार्टियों को खा जाता है। भारतीय राजनीति में नैतिकता का पराभव हो रहा है। आज धनबल पर राजनीतिक सौदेबाजियों से सरकारें बन रही हैं। नेता अपने फायदे के लिए एक पार्टी छोड़कर दूसरी में जा रहे हैं। दल बदल संस्कृति का पनपना भी धनबल का ही इस्तेमाल है। इससे मतदाताओं का विश्वास टूट रहा है। आज हर नेता मंत्री पद पाने की लालसा रखता है। वह यह नहीं सोचता कि पहली बार जीता या दूसरी बार, बस उसका एकमात्र लक्ष्य सत्ता की कुर्सी तक पहुंचना होता है। अगर धनबल और बाहुबल का खेल यूं ही आगे बढ़ता रहा तो भविष्य की राजनीति के मायने ही बदल जाएंगे, जिसे रोकना होगा। धनबल के दुरुपयोग को रोकना चुनाव आयोग के लिए आसान नहीं होता है, फिर भी वह अपने कर्तव्य पर खरा उतर रहा है। उम्मीद है कि चुनाव आयोग इसी तरह शिकंजा कसता रहेगा, ताकि नेताओं के भ्रष्टाचार पर लगाम लग सके ।

# इस रामनवमी की सदियों से थी प्रतीक्षा

अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 9 अप्रैल को पहली बार रामनवमी का आयोजन हो रहा है। इस रामनवमी को पांच सौ सालों बाद श्रीराम लला अपने घर में जन्मदिन मनाएंगे। भव्य राम मंदिर में रामनवमी का यह स्वर्णिम और ऐतिहासिक अवसर सनातनधर्मियों को कड़े संघर्ष से हासिल हुआ है, जिसका पांच सदियों से अधिक का इतिहास है। इसमें 70 से अधिक बार का संघर्ष, जिसमें से अधिकतर मुगल आक्रांताओं द्वारा भारतवासियों और हमारे मंदिरों पर हमले का रक्तरंजित इतिहास शामिल है, लेकिन सबसे ज्यादा पीड़ादायक पिछले 75 वर्ष रहे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने तुष्टिकरण की राजनीति को सिर माथे से लगाया और हिंदू आस्थाओं और भावनाओं को कुचलने में कोई कसर बाकी नही रखी। नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह की सरकार तक ने राम मंदिर की राह में रोड़े अटकाने का काम किया।

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार संसद में कहा था कि राम मंदिर का निर्माण राष्ट्रीय स्वाभिमान का मुद्दा है। उनका वह वक्तव्य सही मायने में एक संदेश था जिसमें राजनीति नहीं थी। सही बात तो यह है कि राम मंदिर का विरोध करने वालों ने ही इसे वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा बना दिया। कांग्रेस और अन्य कुछ दल मुस्लिम मतों के कारण इस मुद्दे पर हिंदुओं के न्यायोचित दावों की अनदेखी करते रहे। प्रतिक्रिया स्वरूप इस मामले ने दूसरा मोड़ ले लिया, लेकिन दुर्भाग्य है कि देश की बहुसंख्यक आबादी के आराध्य श्रीराम की जन्मभूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाने का कार्य न्यायालय के निर्णय से संभव हो सका और वह प्रक्रिया भी वर्षों नहीं दशकों तक चली। सबसे बड़ी बात यह हुई कि बाबरी ढांचे की तरफदारी मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ ही साथ धर्मनिरपेक्षता के झंडाबरदार बने हिंदू नेतागण भी करते रहे। सोमनाथ मंदिर को अंतिम बार औरंगजेब ने यह कहकर तोड़वाया था कि, 'इस बार इसे पूरी तरह नेस्तानाबूद कर दो कि मंदिर का कहीं कोई निशान तक दिखाई न दे।' सोमनाथ पर मस्जिद और कब्रिस्तान को सरदार पटेल ने इतिहास की विकृति का चिन्ह और राष्ट्रीय अपमान बताकर कहा था कि, "राष्ट्र के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण आवश्यक है।" गांधी जी भी इससे सहमत थे।



लेखक : डॉ. आशीष वशिष्ठ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हिंदू बहुल देश में प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली को मुक्त करवाने में जिस तरह के अवरोध उत्पन्न किए गए वे अकल्पनीय हैं। यदि सोमनाथ के साथ ही राम जन्मभूमि का मसला भी तत्कालीन नेहरू सरकार सुलझा लेती, तब शायद इसे लेकर राजनीति करने का किसी को अवसर नहीं मिलता। वर्तमान में देश में राम नाम की प्रचंड लहर के चलते अब कांग्रेस नेता, समर्थक और मीडिया का एक वर्ग यह साबित करने में जुटा है कि राम मंदिर में कांग्रेस का भी योगदान है, जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि कांग्रेस ने राम के नाम पर घिनौनी राजनीति का प्रदर्शन किया है। एक ऐसी राजनीति जिसने राम मंदिर मुद्दे को उलझाने का काम किया। राम मंदिर केस में कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया था कि अयोध्या मामले की जांच को कोर्ट 2019 के आम चुनाव तक टाल दे। 2008 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने इस मामले में हलफनामा दाखिल कर सेतु समुद्रम परियोजना के लिए राम सेतु को तोड़ कर तय वर्तमान मार्ग से ही लागू किए जाने पर जोर देते हुए कहा था कि भगवान राम के अस्तित्व में होने के बारे में कोई पुख्ता साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। यह भी कहा था कि रामायण महज कल्पित कथा है।

हिंदू विरोध की भावना कांग्रेस के डीएनए में है। आजादी के बाद प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने पहली लोकसभा में 1955-56 में हिंदू कोड बिल्स पास किए। इस बिल को लेकर डॉ. राजेंद्र प्रसाद और पंडित जवाहर लाल नेहरू के बीच राजनीतिक मतभेद उत्पन्न हो गया था। इसकी एक बड़ी वजह दोनों का धर्म को लेकर रवैया था। वर्ष 1976 में इंदिरा ने देश में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में संशोधन किया, जिसमें सेक्युलर शब्द शामिल किया गया था। इसका मतलब था कि भारत हिंदू देश होते हुए भी हिंदू देश नहीं कहा जा सकता। 1991 में लागू किया गया यह प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट कहता है कि 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। यह कानून तब लाया गया, जब राम मंदिर आंदोलन अपने चरम सीमा पर पहुंचा था। इस कानून की परिधि से अयोध्या की राम जन्मभूमि को अलग रखा गया है।

कांग्रेस के बनाए कानूनों के चलते ही वर्तमान में ज्ञानवापी, भोजशाला और मथुरा आदि हिंदू आस्था के स्थलों को वापस पाने लिए हिंदू समाज कानूनी लड़ाई लड़ रहा है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन में शामिल घटक दलों के कई नेता राम मंदिर और सनातन धर्म पर आपत्तिजनक बयानबाजी करते हैं। ऐसे में कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी पूरे हिंदू समाज को अखरती है। इससे यह संदेश भी जाता है कि अर्नगल बयानबाजी करने वालों को आलाकमान का समर्थन और मूक सहमति प्राप्त है। वास्तव में, सोमनाथ से अयोध्या तक कांग्रेस का चरित्र बिलकुल भी बदला नहीं है। 18वीं लोकसभा के गठन के लिए आम चुनाव हो रहे हैं। इंडी गठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव नवरात्र के प्रथम दिन मछली खाने का वीडियो बड़ी बेशर्मी से पोस्ट करते हैं। इससे पहले बीते साल सावन के महीने में राजद नेता लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ मटन बनाने को वीडियो शेयर किया था। इन वीडियो पर राजद, कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दल भले ही कोई तर्क दें, वास्तव में उनका मकसद हिंदू समाज को अपमानित करने का है। मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस, राजद, तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल किस स्तर तक नीचे गिरेंगे, इसका आप अंदाजा नहीं लगा सकते। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी समेत विपक्ष के तमाम दल और नेता शामिल नहीं हुए। कांग्रेस राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर को भाजपा और आरएसएस को इवेंट बताती रही, लेकिन जमीन सच्चाई यह है कि कांग्रेस समेत विपक्ष ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से दूरी बनाकर वही गलती की है, जो गलती कभी पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने की थी।

उस वक्त नेहरू सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन में नहीं गए थे। असल में मुस्लिम तुष्टिकरण कांग्रेस के एजेंडे में प्रथम स्थान पर है। उसके एजेंडे में न सोमनाथ था और न ही अयोध्या है। इस रामनवमी को एक दीपक उन सभी नाम अनाम शहीद कारसेवकों और रामभक्तों के नाम का भी अवश्य प्रज्जवलित करना चाहिए, जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन में अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। उन्हीं महान बलिदानियों के त्याग के कारण आज बालक राम भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित हो पाए हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# रामनवमी पर लें समाज में सद्भाव बनाए रखने का संकल्प

हिंदू धर्म में रामनवमी का पर्व बहुत ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। यह पर्व चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के सातवें अवतार श्रीराम का जन्म हुआ था। रामनवमी के दिन घरों में साफ-सफाई और साज-सज्जा की जाती है।

कई घरों में कलश स्थापना की जाती है और भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी की विधि-विधान से पूजा की जाती है। इस दिन विशेष रूप से रामचरितमानस का पाठ किया जाता है और भजन-कीर्तन का आयोजन होता है। बहुत लोग उपवास भी रखते हैं। रामनवमी के दिन भक्त भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने का प्रण लेते हैं। उनके जीवन से हमें सत्य, धर्म, कर्तव्यपालन और मर्यादा का महत्व पता चलता है। भगवान राम अपने पिता राजा दशरथ की आज्ञा का पालन करने के लिए वनवास पर चले गए थे। वनवास के दौरान उन्होंने सीता माता के अपहरण का बदला लेने के लिए रावण का वध किया। रावण के वध के बाद भगवान राम अयोध्या वापस लौटे और धर्म का राज स्थापित किया।



लेखक : सुमित अवस्थी
जंडपुर, बैजनाथ

रामनवमी के पर्व पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाता है। घरों में भी लोग पूजा-पाठ करके रामनवमी का पर्व मनाते हैं। भगवान श्रीराम का बाल स्वरूप विराजमान होता है और उनका शृंगार किया जाता है।

भक्तजन भजन-कीर्तन करते हैं और प्रसाद चढ़ाते हैं। कुछ स्थानों पर रामलीला का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें भगवान राम के जीवन की विभिन्न घटनाओं का मंचन किया जाता है।

**समाज में सद्भाव का देता संदेश पर्व :** रामनवमी का पर्व हमें समाज में सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता है। भगवान श्रीराम सभी धर्मों का सम्मान करते थे और उन्होंने अपने जीवन में धर्म का पालन किया। इस पर्व पर हमें भी यही संकल्प लेना चाहिए कि अपने जीवन में धर्म का पालन करेंगे और समाज में सद्भाव बनाए रखेंगे। रामनवमी का पर्व हमें यह संदेश देता है कि बुराई पर अच्छाई की हमेशा जीत होती है। हमें भी अपने जीवन में सदा सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। रामनवमी का पर्व सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई देशों में जहां हिंदू समुदाय रहता है, वहां भी धूमधाम से मनाया जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



## मां

रवि कुमार
गांव मैहरी, घुमारवी

*मां ममता की कामधेनू*
*और प्यार का सागर।*
*सागर जल में युगांतर बहते कोटि सागर,*
*मां होती तरूवर की छांव,*
*विपदा के भंवर में,*
*डगमगाते नहीं उनके पांव।*
*जड़ चेतन की समूची शक्ति*
*मां गाथा नहीं लिख पाई।*
*मांद हर मौसम का ऋतुराज,*
*हरपल याद करता समाज।*
*बालमन का प्रथम गुरु,*
*संस्कार बोध का ज्ञाता ,*
*मां के ऋण से,*
*जड़ चेतन कभी उऋण नहीं हो पाता।*

# किसने सोचा था कि कभी कश्मीर से अनुच्छेद 370 हट पाएगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'भाजपा का संकल्प पत्र-मोदी की गारंटी' नाम से जारी चुनाव घोषणा पत्र प्रस्तुत कर जहां एक ओर मतदाताओं के हृदय को स्पर्श करने में सफलता प्राप्त की है, वही विरोधियों के मुंह पर ताले जड़ दिए हैं। सभी प्रकार की आशंकाओं को परे रखते हुए उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि 4 जून के बाद इस गारंटी पर एक्शन प्लान शुरू कर दिया जाएगा। उनका यह कथन कि 'जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हें हम पूजते हैं' यह प्रमाणित करता है कि यह संकल्प पत्र सुविधा की दृष्टि से अंतिम पायदान पर खड़े दरिद्र नारायण के लिए भी संभावनाओं के नए द्वार खोलता है, साथ ही यह भरोसा दिलाता है कि आम मतदाता को इस पर विश्वास करने में किसी भी प्रकार की शंका नहीं करनी चाहिए।



लेखक : डॉ. राघवेंद्र शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

किसने सोचा था कि हम कभी कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटते हुए देख पाएंगे, लेकिन भाजपा की मोदी सरकार ने यह करिश्मा तब कर दिखाया, जब विरोधियों ने दावे किए थे कि ऐसा करने पर देश में भारी बवाल पैदा होगा, एक प्रकार से देश जल ही उठेगा। पूरे 500 साल हुए, जब से लाखों लोगों ने अयोध्या की श्रीराम जन्मभूमि को स्वतंत्र करने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। मुगल तो हमारे दुश्मन और विदेशी लुटेरे थे। अत: उनका मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाना समझ में आता है, लेकिन आजाद भारत में हमारे देश की, हमारी अपनी धर्मनिरपेक्ष सरकारें राम जन्मभूमि स्वतंत्रता आंदोलन में अड़ंगे पैदा करती रहीं। अदालत में भगवान श्रीराम को इन्हीं सरकारों से संबंधित वकीलों ने कपोल कल्पित कहने में शर्म महसूस नहीं की।

अयोध्या की सड़कें कार सेवकों के खून से लाल कर दीं और सरयू का पानी रक्त रंजित कर दिया, किंतु जैसे ही भाजपा सरकार में आई और मंदिर समर्थकों को अपना पक्ष रखने का अनुकूल वातावरण मिला, वैसे ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा श्रीराम जन्मभूमि स्वतंत्र होने की घोषणा कर दी गई। आदेश सामने आते ही भाजपा शासित मोदी सरकार ने पल भर की देर नहीं लगाई और भव्य श्रीराम मंदिर का केवल शिला पूजन ही नहीं किया, बल्कि भगवान की भव्यतम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा भी करके दिखा दी।

भाजपा का तीसरा संकल्प समान नागरिक संहिता का था। वह भी उसने उत्तराखंड के रास्ते स्थापित करने का प्रण उजागर कर दिया है। अब जो संकल्प पत्र प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 14 अप्रैल को पढ़ा गया है, उसमें वादा किया गया है कि अगले कार्यकाल में हम समान नागरिक संहिता भी लागू करने जा रहे हैं। आशय स्पष्ट है भाजपा के तीन प्रमुख संकल्प थे। इनमें से पहले कालखंड में अनुच्छेद 370 को हटाया जाना समाहित माना जाए, तो दूसरे कालखंड की सौगात अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर को माना जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सदैव अनुकरणीय रहेंगे भगवान श्रीराम के आदर्श

समूचे भारतवर्ष में प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष नवमी को रामनवमी का त्योहार भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो इस वर्ष 17 अप्रैल को मनाया जा रहा है। मान्यता है कि त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या के महाराजा दशरथ की पटरानी महारानी कौशल्या ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को जन्म दिया था। रामनवमी के दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सवों का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं। अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जनवरी में हुई भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस बार पहली बार रामनवमी बेहद खास होगी। समूची अयोध्या नगरी इस दिन पूरी तरह राममय नजर आएगी और हर तरफ भजन-कीर्तन तथा अखंड रामायण के पाठ की गूंज सुनाई पड़ेगी। रामनवमी के अवसर पर भगवान राम के दर्शन के लिए इस बार लाखों लोगों के अयोध्या पहुंचने का अनुमान है और इसके लिए खास प्रबंध किए गए हैं।

विधि-विधान के अनुसार भगवान श्रीराम को दुष्ट राक्षसों का विनाश करने के लिए ही वनवास मिला था। उन्होंने अपने मानव अवतार में न तो भगवान श्रीकृष्ण की भांति रासलीलाएं खेलीं और न ही कदम-कदम पर चमत्कारों का प्रदर्शन किया, बल्कि उन्होंने सृष्टि के समक्ष अपने क्रियाकलापों के जरिए ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी वजह से उन्हें 'मर्यादा पुरुषोत्तम' कहा गया। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनकी प्रजा वात्सल्यता, न्यायप्रियता और सत्यता के कारण ही उनके शासन को आज भी 'आदर्श' शासन की संज्ञा दी जाती है और आज भी अच्छे शासन को 'रामराज्य' कहकर परिभाषित किया जाता है। श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इंद्र द्वारा छलपूर्वक उसका शीलभंग किए जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्ति बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की। लोगों को गंगा नदी पार कराने वाले एक मामूली से नाविक केवट की अपने प्रति अपार श्रद्धा व भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई का दर्जा दिया और उसे मोक्ष प्रदान किया। अपनी परम भक्त शबरी नामक भीलनी के झूठे बेर खाकर शबरी का कल्याण किया।



लेखक : योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

महारानी केकैयी ने महाराजा दशरथ से जब राम को 14 वर्ष का वनवास दिए जाने और अपने लाड़ले पुत्र भरत को राम की जगह राजगद्दी सौंपने का वचन मांगा, तो दशरथ गंभीर धर्मसंकट में फंस गए थे। वह बिना किसी कारण राम को 14 वर्ष के लिए वनों में भटकने के लिए भला कैसे कह सकते थे और श्रीराम में तो वैसे भी उनके प्राण बसते थे। दूसरी ओर वचन का पालन करना रघुकुल की मर्यादा थी। ऐसे में जब श्रीराम को माता केकैयी द्वारा यह वचन मांगने और अपने पिता महाराज दशरथ के इस धर्मसंकट में फंसे होने का पता चला तो उन्होंने खुशी-खुशी उनकी यह कठोर आज्ञा भी सहज भाव से शिरोधार्य की और उसी समय 14 वर्ष का वनवास भोगने तथा छोटे भाई भरत को राजगद्दी सौंपने की तैयारी कर ली। श्रीराम द्वारा लाख मना किए जाने पर भी उनकी पत्नी सीता जी और अनुज लक्ष्मण भी उनके साथ वनों में निकल पड़े। वनवास की यात्रा की शुरुआत श्रृंगवेरपुर नामक स्थान से प्रारंभ कर वहां से वे भारद्वाज मुनि के आश्रम में चित्रकूट पहुंचे। उसके बाद विभिन्न स्थानों की यात्रा के दौरान पंचवटी में उन्होंने अपनी कुटिया बनाने का निश्चय किया।

यहीं पर रावण की बहन शूर्पणखा की नाक काटे जाने की घटना हुई। उसी घटना के कारण वहां खर-दूषण सहित 14 हजार राक्षस राम-लक्ष्मण के हाथों मारे गए। यहीं से श्रीराम व लक्ष्मण की अनुपस्थिति में लंका का राजा रावण माता सीता का अपहरण कर उन्हें अपने साथ लंका ले गया। कहा जाता है कि जब सीता का विरह श्रीराम से नहीं सहा गया, तो उन्होंने साधारण मनुष्य की भांति विलाप किया, लेकिन हिम्मत न हारते हुए सीता जी की खोज में राम-लक्ष्मण जंगलों में भटकने लगे। इसी दौरान उनकी भेंट श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान से हुई, जिन्होंने राम-लक्ष्मण को वानर राज बाली के छोटे भाई सुग्रीव से मिलाया, जो उस समय बाली के भय से यहां-वहां छिपता फिर रहा था।

श्रीराम ने बाली का वध करके सुग्रीव तथा बाली के पुत्र अंगद को किष्किंधा का शासन सौंपा और उसके बाद सुग्रीव की वानर सेना के नेतृत्व में लंका पर आक्रमण कर देवताओं पर भी विजय पाने वाले महाप्रतापी, महाबली, महापंडित तथा भगवान शिव के घोर उपासक लंका नरेश राक्षसराज रावण का वध कर सीता को उसके बंधन से मुक्त कराया और लंका का शासन रावण के छोटे भाई विभीषण को सौंप दिया तथा वनवास की अवधि समाप्त होने पर भैया लक्ष्मण, सीता जी व हनुमान सहित अयोध्या लौट आए। एक ओर जहां रावण अन्याय, अत्याचार व अनाचार का प्रतीक था, तो श्रीराम सत्य, न्याय एवं सदाचार के प्रतीक थे। सीता जी के अपहरण के बाद भी श्रीराम ने अपनी मर्यादाओं को कभी तिलांजलि नहीं दी। उन्होंने इसके बाद भी रावण को एक महाज्ञानी के रूप में सदैव सम्मान दिया और यह इससे साबित भी हुआ कि रावण की मृत्यु से कुछ ही क्षण पूर्व श्रीराम ने लक्ष्मण को रावण के पास ज्ञान अर्जन के लिए भेजा था।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# विश्व स्तर पर फैली हुई है राम नाम की गूंज

हमारे इतिहास में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं, जिन्होंने मानव सभ्यता पर अमिट छाप छोड़ी है। उनमें से एक है भगवान श्रीराम के जीवन की कथा। भगवान श्रीराम की कहानी समय की कसौटी पर पूरी तरह से खरी उतरी है और सदियों से लाखों लोगों की आस्था को आकार देती रही है। बीच में ऐसे भी बातें आईं कि राम केवल किसी की कल्पना की उपज हैं। हालांकि, हाल की ऐतिहासिक खोजों ने इस भ्रम को दूर कर दिया और भगवान श्रीराम के अस्तित्व की वास्तविकता की पुष्टि हुई।

कई इतिहासकारों ने रामायण की घटनाओं की सत्यता का समर्थन किया है, जिसमें 7,000 वर्ष पहले पृथ्वी पर श्रीराम की उपस्थिति को चिन्हित करने वाली तारीखें भी बताई गई हैं।

अयोध्या से श्रीलंका तक की उनकी यात्रा, मार्ग में लोगों को एकजुट करना, इस ऐतिहासिक कथा का एक महत्वपूर्ण अंश है। रामायण का प्रभाव केवल भारत तक ही सीमित नहीं है, यह पूरे विश्व में विस्तृत है। बाली, इंडोनेशिया और दक्षिण पूर्व एशिया के अन्य हिस्सों में रामायण का बोलबाला है। यहां तक कि सुदूर पूर्व में विशेषकर जापान में भी रामायण की प्राचीन कथा का प्रभाव देखा जा सकता है। राम नाम की गूंज विश्व स्तर पर फैली हुई है।



लेखक : श्री श्री रवि शंकर
आध्यात्मिक गुरु

जर्मनी में 'रामबख' जैसे स्थान इसका एक जीवंत उदाहरण है । 'राम' माने 'आत्म-ज्योति'। जो हमारे हृदय में प्रकाशित है, वही राम हैं । राम हमारे हृदय में जगमगा रहे हैं। श्रीराम का जन्म माता कौशल्या और पिता राजा दशरथ के यहां हुआ था। संस्कृत में 'दशरथ' का अर्थ होता है 'दस रथों वाला'। यहां दस रथ हमारी पांच ज्ञानेन्द्रियों और पांच कर्मेन्द्रियों का प्रतीक है।

'कौशल्या' का अर्थ है 'वह जो कुशल है'। राम का जन्म वहीं हो सकता है, जहां पांच ज्ञानेन्द्रियों और पांच कर्मेन्द्रियों के संतुलित संचालन की कुशलता हो। राम अयोध्या में जन्मे, जिसका अर्थ है 'वह स्थान, जहां कोई युद्ध नहीं हो सकता'। जब मन सभी द्वंद्व की अवस्था से मुक्त हो, तभी हमारे भीतर ज्ञान रूपी प्रकाश का उदय होता है। राम हमारी 'आत्मा' हैं, लक्ष्मण 'सजगता' हैं, सीताजी 'मन' हैं और रावण 'अहंकार' और 'नकारात्मकता' का प्रतीक है। जैसे पानी का स्वभाव 'बहना' है, वैसे मन का स्वभाव डगमगाना है।

मन रूपी सीताजी सोने के मृग पर मोहित हो गईं। हमारा मन वस्तुओं में मोहित होकर उनकी ओर आकर्षित हो जाता है। अहंकार रूपी रावण मन रूपी सीताजी का हरण कर उन्हें ले गया। इस प्रकार मन रूपी सीता जी, आत्मा रूपी राम से दूर हो गईं। तब 'पवन पुत्र' हनुमान जी ने सीताजी को वापस लाने में श्रीराम जी की सहायता की, तो श्वास और सजगता की सहायता से, मन का आत्मा अर्थात राम के साथ पुन: मिलन होता है। इस तरह पूरा रामायण हमारे भीतर नित्य घटित हो रहा है। भगवान राम ने एक अच्छे पुत्र, शिष्य और राजा के गुणों का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया, जिससे वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। एक प्रतिष्ठित राजा के रूप में भगवान राम के राज्य में ऐसे गुण थे, जो उनके राज्य को विशेष बनाते थे।

भगवान श्रीराम ने सदैव अपनी प्रजा के हित को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय लिए। महात्मा गांधी ने भी रामराज्य के समान एक आदर्श समाज की परिकल्पना की थी, जहां प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यकताओं को पूरा किया जाए, सभी के लिए न्याय हो, भ्रष्टाचार न हो और अपराध बर्दाश्त न किया जाए। रामराज्य एक अपराध-मुक्त समाज का प्रतिनिधित्व करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**अस्तित्व** सदा से है और सदा रहता है। यह सनातन है। चिरंतन है। यह नया या पुराना नहीं होता, लेकिन अनुभव और अनुभूति में यह प्रतिपल नया है। सूर्य प्रतिपल नया है। हर एक सूर्योदय नया है। इसके पहले मुदित मन प्रतिदिन आती उषा भी नई है। ऋग्वेद के ऋषि उषा के सौंदर्य का वर्णन करते हैं। बताते हैं कि यह उषा नई हैं और पुरानी युवती है। पुरानी युवती शब्द का प्रयोग ध्यान देने योग्य है। युवती शब्द का प्रयोग तरुण स्त्री के लिए होता है, लेकिन ऋषि की अनुभूति में उषा पुरानी होकर भी नई हैं। चंद्र भी प्रतिदिन नया है और साथ-साथ पुराना भी। प्रत्येक पूर्णिमा नई है और अमावस्या भी नई है। वर्षा की हर एक बूंद नई है। शीत नई है और ऊष्मा भी नई है। यहां नए का अलग अस्तित्व नहीं है। वह पहले से गतिशील अस्तित्व का विस्तार है। समय भी नया या पुराना नहीं होता। समय अखंड है।

समय का जन्म गति से हुआ है। भारतीय चिंतन में काल को जगत का नियंता भी कहा गया है। अथर्ववेद के 19वें कांड में कहते हैं, 'काल से सब उत्पन्न होते हैं। काल सबका पिता है। काल से काल उत्पन्न होता है।

**–पंडित ओंकारनाथ अवस्थी**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# टीन के शेड में चल रही पुलिस चौकी, जान जोखिम में डालकर सेवाएं दे रहे कर्मी

**आजम डार, तीसा**

कई वर्ष बीत जाने के बाद भी पुलिस चौकी नाकरोड़ की हालत खराब बनी हुई है। पुलिस चौकी नकरोड़ पिछले कई वर्षों से टिन के शैडो में चल रही है, जहां रहने के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है।

अब तो समस्या इतनी गंभीर हो गई है कि इस बरसात के मौसम में बारिश बारिश के कारण जगह-जगह काफी बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई हैं जो कि किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है। यदि पुलिस चौकी को यहां से समय रहते शिफ्ट नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पुलिस चौकी नाकरोड़ की हालत दयनीय है की पुलिसकर्मी अपनी जान को जोखिम में डालकर अपनी सेवाएं यहां पर दे रहे हैं।

स्थानीय लोगों में मजीद खान, नरेंद्र कुमार, आफताब मलिक, अमर सिंह, संजय कुमार, रोहित, दानिश, दूनी चंद, धीरज कुमार इन लोगों का कहना है कि पुलिस चौकी नाकरोड़ को किसी सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया जाए नहीं तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। (अनंत ज्ञान)



खस्ताहालत पुलिस चौकी।

## जल्द होगा नए भवन का कार्य शुरू : रंजन



**डीएसपी** सलूणी रंजन शर्मा ने कहा कि मामला ध्यान में है, विभाग द्वारा पुलिस चौकी नकरोड़ का भवन बनाने के जगह तलाश की जा रही है, जगह मिलने पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इनका कहना है की आगामी रिपोर्ट तैयार करके विभाग को भेज दी है जैसे ही जगह मिलती है कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# चंबा-तीसा मार्ग ठीक करने में जुटा विभाग

## गाड़ियों की लंबी कतार से चालक रहे परेशान, जल्द होगा मार्ग बहाल

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चम्बा तीसा मुख्य मार्ग पर शरेला के पास कल बीती रात को बारिश की वजह से सड़क बैठ गई जिस वजह से भारी वाहनों की आवाजही अवरुद्ध हो गई, फिलहाल लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी और मशीने सड़क को दरुस्त करने में जुटे हुए है।

कार्य करने की वजह से दोनों तरफ गाड़ियों की लम्बी लाइने लग रही हैं। इस दौरान वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



मार्ग अवरुद्ध होने से दोनों तरफ से लगा हुआ जाम।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने चरस के साथ पकड़ा पंजाब का व्यक्ति

**भरमौर ।** दुनाली-बतोट मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास पुलिस चौकी गैहरा की टीम ने गश्त के दौरान पंजाब के व्यक्ति को 250 ग्राम चरस के साथ दबोचा है। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार 14 अप्रैल को पुलिस चौकी गैहरा की टीम रूटीन गश्त पर थी। दुनाली-बतोट मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास जा रहे मुकेश कुमार निवासी बुगल बधानी डाकघर बधानी तहसील और जिला पठानकोट (पंजाब) पुलिस को देखकर घबरा गया। पुलिस ने शक के आधार पर मुकेश की तलाशी ली तो व्यक्ति से 250 ग्राम चरस पुलिस ने बरामद की। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि पुलिस मामले की अपने स्तर पर तफ्तीश में जुट गई है।

### न्यायिक रिमांड पर भेजा साली से दुष्कर्म का आरोपी जीजा

**चंबा।** नाबालिग साली से दुष्कर्म कर गर्भवती बनाने वाले जीजा को पुलिस ने हवालात में धकेल दिया है। नाबालिग को स्वास्थ्य संबंधि पूरी सुविधा दी जा रही है। नाबालिग सात माह से गर्भवती है। इसका पता उसे उस समय चला, जब उसकी तबीयत खराब हुई और परिजन उसे उपचार के लिए चंबा मेडिकल कॉलेज लाए। यहां विशेषज्ञों ने उसकी बीमारी के लक्षणों को भांपते हुए उसके गर्भवती होने का टेस्ट करवाया। इसके बाद जब परिजनों ने लड़की से पूरी कहानी पूछी। उसने बताया कि आठ माह पहले जब वह बहन के घर गई थी तो उसके जीजा ने उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए थे। साथ ही धमकी दी थी कि वह इस बारे में किसी को न बताए। इसके बाद परिजनों ने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत दर्ज होते ही पुलिस ने आरोपी को उसके घर पर जाकर दबोचा। अदालत में पेश करने पर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। रिमांड अवधि पूरा होने के उपरांत पुलिस उसे दोबारा अदालत में पेश कर सकती है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि पुलिस इस मामले में गंभीरता से जांच कर रही है।

### व्यक्ति पर भालू ने किया हमला, घायल

**चुराह ।** हिमगिरी के एक व्यक्ति पर दोपहर को भालू ने अचानक से हमला कर दिया जिस वजह से व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गया। घायल हुशियार सिंह सुपुत्र दास गांव कलयोग डाक घर तुंगाला हुशियार सिंह के परिजनों का कहना है की वह भेड़ बकरियों को चराने रोजाना की तरह जंगल की तरफ चला गया। जंगल में पहुंचते ही भालू ने उन पर हमला कर दिया । चिलाने पर स्थानीय ग्रामीणों ने जमा होकर भालू के चंगुल से बचाया। बीएमओ तीसा डॉ. ऋषि पूरी का कहना है की व्यक्ति घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया है, जिसका उपचार चल रहा है।

## मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत दो दिवसीय दौरे पर पहुंची भरमौर

# कंगना ने टटोली जनता की नब्ज

**ओपी शर्मा, भरमौर**

मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत दो दिवसीय दौरे पर भरमौर पहुंची, लेकिन उनको देखने के लिए यहां पर बहुत ही कम लोग निकल कर बाहर आए। हालांकि गैर जनजातिय क्षेत्र के मैहला में हो रही जनसभा के दौरान उनको देखने के लिए कुछ सैकड़ों की भीड़ ही सामने आई।

इस दौरान महिलाओं की संख्या बहुत ही कम देखने को मिली। हालांकि जनसभा को संबोधित करते हुए उनके भाषण को सुनने के लिए भी भीड़ एकत्रित नहीं हुई। अपने भाषण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की जमकर तारीफ की और यहां की जनता की नब्ज को भी टटोलने की कोशिश की।

इस दौरान उन्होंने सड़क के किनारे खड़े लोगों के साथ नारे भी लगाए और उनसे बातचीत भी की। कई जगह लोग उनसे मिलने को बेताब रहे लेकिन वह गाड़ी से नीचे नहीं उतर पाई जिससे लोगों में भी कई तरह की चर्चाएं होती रही। भीड़ जुटाने के लिए भाजपा के सभी संगठनों की कोशिशें भी रंग नहीं ला पाई। हाई प्रोफाइल एवं सेलिब्रिटी होने के बावजूद भी लोग घरों से उन्हें देखने के लिए नहीं निकले। हालांकि वह अगले एक दिन और भरमौर के अलग-अलग क्षेत्र में जाकर लोगों से मिलेंगी और अपने लिए वोट मांगेगी।

इस दौरान भाजपा का संगठन भी कहीं न कहीं बिखरा बिखरा सा नजर आया। उनके कार्यक्रम में जटी भीड़ को देखकर कांग्रेस के खेमें में भी कहीं न कहीं खुशी दौड़ रही है, क्योंकि हाई प्रोफाइल चेहरा होने के बावजूद भी वह यहां पर लोगों की भीड़ को नहीं जुटा पाई। (अनंत ज्ञान)



जनसभा के दौरान स्टेज पर मौजूद कंगना व साथ हैं अन्य नेता।



जनसभा के दौरान मौजूद स्थानीय लोग ।

### सांसद प्रतिभा सिंह जीतने के बाद नहीं आई भरमौर : जनकराज

**इस** मौके पर विधायक भरमौर डॉक्टर जनक राज ने कहा है कि वर्तमान सांसद प्रतिभा सिंह जीतने के बाद भरमौर नहीं आई है। उन्होंने कहा है कि वह लोगों की दुख सुख में शरीक नहीं हुई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान सांसद के साथ-साथ उनके पुत्र विक्रमादित्य सिंह भी भरमौर नहीं पहुंचे हैं जिसके कारण यहां के लोगों में कांग्रेस के प्रति खासा रोष है। लोगों के इस रोष का चुनावों में उनको सामना करना पड़ सकता है।

### विक्रमादित्य सिंह के दौरे को लेकर लोगों में चर्चा

भाजपा के स्टार हाई प्रोफाइल उम्मीदवार होने के बावजूद भीड़ न जुटाने को लेकर लोग अब आने वाले समय में कांग्रेस के उम्मीदवार व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के दौरे को लेकर खासी चर्चा कर रहे हैं। लोग अब यहां पर ही देख रहे हैं कि क्या विक्रमादित्य सिंह के भरमौर दौरे के दौरान क्या भरमौर कांग्रेस लोगों की भीड़ को जुटा पाएंगे। हालांकि युवा चेहरा होने के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश में मंडी सीट सबसे ज्यादा हॉट सीट बनाकर उबर रही है।

कंगना रनौत के दौरे के बाद अब कांग्रेस की ओर से विक्रमादित्य सिंह के दौरे को सफल बनाने के लिए अभी से ही तैयारी शुरू हो गई हैं।

कांग्रेस संगठन चाहता है कि विक्रमादित्य सिंह के दौरे के दौरान लोगों की भारी भीड़ जुटाकर एक तरह से मनोवैज्ञानिक दबाव भाजपा के ऊपर बनाया जाए और लोगों के बीच में चर्चा का विषय बने।

# छात्रों को विभाग ने दिया अग्नि सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण




उपकरणों के बारे में जानकारी देते हुए अग्निशमन विभाग के कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश अग्निशमन विभाग द्वारा अग्नि सेवा सप्ताह 14 अप्रैल से आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को अग्निशमन विभाग द्वारा विभिन्न स्कूलों और पेट्रोल पंपों पर फायर ऑफिसर व कर्मचारियों ने उपकरणों के बारे में जानकारी दी। अग्निशमन विभाग द्वारा मनाए जा रहे सेवा सप्ताह में अधिक से अधिक लोगों को आग लग जाने पर किस प्रकार उससे बचाव करना है और दूसरे लोगों को बचाना है इसके बारे में प्रशिक्षण दिया।

अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने एनआईटी हमीरपुर में विभिन्न स्थानों पर तैनात सुरक्षा कर्मचारियों, राजकीय माध्यमिक पाठशाला सराहकड़, न्यू गुरूकुल पब्लिक स्कूल पक्का भरो के छात्रों को अग्नि सुरक्षा के बारे में जागरूक किया व प्रशिक्षण दिया।

इसके अलावा हिमाचल पथ परिवहन निगम हमीरपुर की कार्यशाला में भी आग की घटना व किसी भी प्रकार की आपदा होने से जान माल के नुकसान को कम करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अग्निशमन केंद्र हमीरपुर के प्रभारी राजेंद्र चौधरी ने बताया कि लोगों को आग की दुर्घनाओं से होने वाले नुकसान व जान-माल के नुकसान को कम करने बारे जागरूक किया गया, जिसका सीधा प्रसारण बाज शाम 19.30 बजे 101.8 एफएम हमीरपुर पर प्रसारित किया। शिक्षण संस्थानों के अलावा आकाशवाणी हमीरपुर के अधिकारियों व कर्मचारियों को आकाशवाणी कम्पलेक्स में लगे फायर हाईड्रेंट डिलीवरी हौज जोड़कर आग बुझाने का अभ्यास करवाया गया। कालका माता फिलिंग स्टेशन हमीरपुर में भी कर्मचारियों को भी उपकरणों के बारे में जानकारी दी।

# मतदान के प्रति किया जागरूक

**बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान**

मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वीप टीम द्वारा चुनाव मेले का आयोजन समिति हाल चुवाड़ी में किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम भट्टियात पारस अग्रवाल द्वारा की गई।

इस विशेष चुनाव मेले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, नवीन वोटर्स व पंचायत प्रतिनिधि व बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में नए वोट बनाने के बारे में स्वीप टीम सदस्य बलवान सिंह ने जानकारी दी।

आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक इंदिरा द्वारा एक गाने के साथ वोट डालने की अपील की। आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक मिनाक्षी ठाकुर द्वारा भी विभिन्न घरेलू झगड़ों के बारे में और उनके निपटारे के बारे में बताते हुए उपस्थित लोगों से वोट डालने की अपील की।

निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम चलाया जा रहा है, इसमें मतदाताओं को नीतू द्वारा शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में स्वीप टीम के बलवान सिंह द्वारा विस्तार से स्वीप एक्टिविटीज के बारे में बताया गया। स्वीप टीम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बीच एक बैडमिंटन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना था।

इस कार्यक्रम में स्वीप टीम की असिटेंट नोडल अधिकारी मीनल द्वारा एक गाने के माध्यम से कम से कम दस लोगों को जागरूक करने की अपील की गईं। इस कार्यक्रम में स्वीप टीम के अन्य सदस्य पंकज सूद, मंजू शर्मा और अंजली चौहान भी उपस्थित रहे।



आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ एसडीएम पारस अग्रवाल व अन्य।

# सरकाघाट बार ने किया लवनीश कंवर का स्वागत

**सरकाघाट ।** सरकाघाट बार एसोसिएशन द्वारा हिमाचल प्रदेश बार काउंसिल के नवनियुक्त अध्यक्ष लवनीश कंवर का स्वागत किया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन सरकाघाट के सभी सदस्यों द्वारा लवनीश कंवर को बधाई दी गई।

लवनीश ने बार एसोसिएशन को अपने संबोधन में विश्वास दिलाया कि उनकी प्राथमिकताओं में हिमाचल प्रदेश में अधिवक्ताओं की सभी समस्याएं हल करना है। चाहे वह इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित हो या कोर्ट की बिल्डिंग से संबंधित समस्या हो। अधिवक्ताओं को ई लाइब्रेरी तथा अन्य तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी।

# बच्चों ने पोस्टरों से किया मतदान के प्रति जागरूक

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए जारी स्वीप कार्यक्रम के तहत भरमौर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्र सरकार में तहसीलदार तेजराम की अध्यक्षता में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने को लेकर स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने व परंपराओं को बनाए रखने में अपना पूर्ण योगदान दे। मंगलवार को आज बीएलओ व स्वीप के तहत गठित टीमों ने मिलकर ग्रौंडा, बलमुई, घार कुंर और सरेई में शत-प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक करने हेतु अभियान चलाया। कार्यक्रमों के अंतर्गत लोगों को मतदान के प्रति शपथ भी दिलाई गई।

### स्वीम कार्यक्रम में लोगों को बताया मतदान का महत्व

विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अंतिम गांव कुगति के स्कूली बच्चों व विभिन्न स्कूलों में पोस्टर के माध्यम से लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया । स्कूली बच्चों ने गांव में रैली निकाल कर भी मतदाताओं को वोट डालने के लिए जागरूक किया । इस अवसर पर इलेक्शन कानूनगो, बीएलओ, पंचायत प्रतिनिधि, स्वीप टीम, स्कूली बच्चों सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



बच्चे लोगों को पोस्टारों के माध्यम से जागरूक करने के दौरान।



मतदान को लेकर लोग शपथ लेते हुए।

## सूडोकु 0035 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0034 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |



एडवांस मेडिटेशन शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागी।

# लोगों ने एडवांस मेडिटेशन शिविर में लिया भाग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

श्रीश्री रविशंक के द्वारा संचालित आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा जिला मुख्यालय चंबा स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में चार दिवसीय एडवांस मेडिटेशन शिविर का आयोजन किया गया, इसमें जिला मुख्यालय चंबा के अलावा सलूणी, होली, भरमौर, चंबा तथा राजस्थान से करीब 30 प्रतिभागियों ने एडवांस मेडिटेशन का अनुभव किया।

बेंगलुरु से आईं वरिष्ठ प्रशिक्षक रुकमणी की देखरेख में प्रतिभागियों ने ध्यान, प्राणायाम, ज्ञान तथा योग का अनुभव प्राप्त किया। शिविर के शुभारंभ पर इसकी रूपरेखा के बारे में प्रशिक्षक रुकमणी के द्वारा बताया गया। इसके बाद तीन दिन तक सभी प्रतिभागियों द्वारा मौन धारण किया गया। प्रतिभागियों ने बताया कि भागदौड़ व तनाव भरी जिंदगी में सुकून व ज्ञान का अनुभव प्राप्त करने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा चलाया जा रहा कार्यक्रम बेहद कारगार है।

आर्ट ऑफ लिविंग के मीडिया प्रबंधक मनुज शर्मा ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा चंबा मुख्यालय स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में चार दिवसीय एडवांस मेडिटेशन शिविर का आयोजन किया गया। इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने वरिष्ठ प्रशिक्षकों की देखरेख में ध्यान, प्राणायाम व ज्ञान सहित अन्य गतिविधियां की। युवाओं से लेकर अन्य आयुवर्ग के लोगों को इनका लाभ प्राप्त हो रहा है।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

17 अप्रैल, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि** नवमीः (3:16) : **नक्षत्र :** अश्लेषा (पूर्ण रात्रि), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** शूल (11:50) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (काई नही), **राहुकाल** (12:20 - 1:57)।

### विशेष दिन

- 17 अप्रेल 2024 : श्री रामनवमी आज।
- 18 अप्रेल 2024 : श्रीधर्मराज दशमी कल।

**मेष :** आपका सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा। निवेश के लिए दिन अच्छा दिन नहीं। करीबी आपका गलत फायदा उठा सकते हैं।

**वृषभः**पूरा दिन परिवार के साथ बीतेगा। घर में रिश्तेदार के आने की संभावना । अपने रवैये के प्रति काफी संवेदनशील रहेंगे।

**मिथुन :** योजनाएं आपका ध्यान आकर्षित कर सकती है। निवेश करने से पहले जांच कर लें। बच्चों से प्यार से बात करें।

**कर्क :** यात्रा आपको थकान और तनाव देगी, लेकिन आर्थिक तौर पर फायदेमंद साबित होगी। जिंदगी के उतार-चढ़ाव में परिवार के कंधे से कंधा मिलाकर साथ दें।

**सिंह :** पारिवारिक भावनाओं को समझेंगे। आज अच्छा पैसा कमाएंगे, लेकिन खर्च में इजाफे से आपकी आलोचना हो सकती है।

**कन्या :** आत्मविश्वास का फायदा उठाएं, बाहर निकलें और कुछ नए संपर्क व दोस्त बनाएं। अपनी सेहत सुधारें । मनोरंजन पर जरूरत से ज्यादा खर्च करने से बचें।

**तुलाः** आज निवेश करने से बचें। चीजों और लोगों को तेजी-से परखने की क्षमता आपको दूसरों से आगे बनाए रखेगी। वाद-विवाद से बचें।

**वृश्चिकः** दिन को बेहतरीन बनाएंगे। प्राप्त धन उम्मीद के मुताबिक नहीं होगा। अकेलापन में अपने परिवार की मदद आपको अवसाद से बचाएगी।

**धनु :** गप्पबाजी और अफवाहों से दूर रहें। दीर्घावधि मुनाफे के नजरिए से स्टॉक और म्यूचुअल फंड में निवेश फायदेमंद रहेगा।

**मकरः** जल्दबाज़ी में फैसले न करें। जरुरत से ज्यादा वक्त न खर्च करें। अपने साथी पर किया गया संदेह एक बड़ा नुकसान दे सकता है।

**कुंभ :** पर्याप्त वक्त होने की संभावना है। वहीं आर्थिक लेन-देन में फंसने से सावधान रहें। किसी को सलाह देते हैं, तो खुद लेने के लिए भी तैयार रहें।

**मीनः** पैसों के लिए दिन शानदार है। पुराने कर्ज वापस मिल सकते हैं। आपसी संवाद जीवनसाथी के बीच रिश्ते को मज़बूत बनाएगा।

**समस्या** — तबादले के बाद चंबा में नहीं की गई दूसरी तैनाती, बढ़ती जा रही नर्सों की कमी

# सिर्फ 50 फीसदी स्टाफ नर्सों के सहारे चल रहा मेडिकल कॉलेज चंबा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा स्टाफ नर्सों की पचास प्रतिशत कमी के साथ चलाया जा रहा है। इस वजह से मरीजों के वार्ड में मिलने वाली सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं, वहीं आपातकालीन कक्ष की सेवाओं पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

आपातकालीन कक्ष में 10 बिस्तर मरीजों को भर्ती करने के लिए लगाए गए हैं, लेकिन इन बिस्तरों पर लिटाए जाने वाले मरीजों की देखभाल का जिम्मा एक स्टाफ नर्स के कंधों पर रहता है।

अनंत ज्ञान स्पैशल

वर्तमान सरकार ने पिछले डेढ़ साल में पचास प्रतिशत स्टाफ नर्सों को यहां से तबादला करके दूसरे जिलों में भेज दिया है। उनके स्थान पर अन्य नर्सों की भी तैनाती नहीं की गई है। इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

मेडिकल कॉलेज में स्टाफ नर्सों के 138 पद स्वीकृत हैं। मौजूदा समय में पचास प्रतिशत स्टाफ नर्सें चंबा को अलविदा कह चुकी हैं। इसके चलते मरीजों की देखभाल को जिम्मा बची हुई स्टाफ नर्सों को संभालना मुश्किल हो रहा है। मेडिकल कॉलेज के विभिन्न वार्डों में 200 से अधिक मरीज उपचाराधीन रहते हैं। इन मरीजों की देखभाल चिकित्सकों के बाद स्टाफ नर्सों के कंधों पर ही रहती है, लेकिन मौजूदा समय में स्टाफ नर्सों की कमी के कारण मरीजों की देखभाल पर भी असर पड़ रहा है। सरकार और स्वास्थ्य विभाग को समय रहते मेडिकल कॉलेज में चल रही नर्सों की कमी को दूर करना होगा।

- **आपातकालीन कक्ष में मरीजों की देखभाल का जिम्मा संभाल रही एक स्टाफ नर्स**
- **स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा बुरा प्रभाव**

### आचार संहिता हटने के बाद सरकार से करेंगे बात : बिपन

उधर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर बिपन ठाकुर ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में स्टाफ नर्सों की काफी कमी चल रही है। आचार संहिता हटने के बाद इस कमी को दूर करने के लिए सरकार से बात की जाएगी।



# माता भागासिद्ध मंदिर खलाडा नाला में भक्तों की हर मनोकामना होती है पूरी



नवरात्र स्पेशल

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू मुख्यालय से मात्र डेढ़ किलोमीटर दूर एक शांत और खूबसूरत जगह है खलाडा नाला जहां पर स्थित माता भागासिद्ध का खूबसूरत एवं भव्य मंदिर अपने भक्तों के बीच आस्था और विश्वास का केंद्र बना हुआ है।

लग वैली का रुख करते ही सबसे पहले खलाडा नाला नजर आता है, जहां पर माता भागासिद्ध का ये अद्भुत एवं विशाल मंदिर अपनी खूबसूरती से हर किसी का मन मोह लेता है। इस स्थान पर पहले एक छोटा सा माता मंदिर हुआ करता था और बाद माता रानी ने गुर के माध्यम से यहां पर मंदिर निर्माण की बात कही जिस पर अमल करते हुए मंदिर कमेटी के सदस्यों एवं कुल्लू जिले के विभिन्न कोनों से आने वाले भक्तों के सहयोग से यहां पर वर्ष-2019 के बाद नए मंदिर का निर्माण कार्य शुरू किया गया और कुछ सालों में भव्य मंदिर का निर्माण किया गया। माता भागासिद्ध मंदिर के मुख्य पुजारी बेली सिंह, माता भागासिद्ध मंदिर के मुख्य गुर प्रमेश कुमार तथा पुरोहित रवि शर्मा ने बताया कि मंदिर में हर रोज भक्तों का आना लगा रहता है और विशेष तौर पर हर रविवार के दिन मंदिर में दूर-दूर से भक्त माता रानी के दर्शनों का लाभ लेने के लिए आते हैं और अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए माता रानी की चौखट पर अपना शीश नवाते हैं। (अनंत ज्ञान)



### गुर के माध्यम से पूछ

**पुरोहित** रवि शर्मा बताते हैं कि सच्चे और पवित्र भावना लिए माता रानी के दर्शन के लिए जो भी भक्त यहां पर आते हैं उनकी मनोकामना को माता रानी जरूर पूरा करती है। हर रविवार को करीब 500 से 700 भक्त मंदिर परिसर में जमा होते हैं और उनी मनोकामना पूर्ति के लिए गुर के माध्यम से पूछ डालते हैं, जिस पर माता रानी स्वयं गुर के माध्यम से अपने भक्तों की समस्या का समाधान करती है। भक्तों के अनुसार माता रानी हर मनोकामना को पूरा करती हैं और कोई भी भक्त खाली हाथ नहीं लौटता।

### मंदिर परिसर में दर्जनों देवी-देवताओं का वास

माता भागासिद्ध मंदिर परिसर में माता रानी के साथ-साथ अन्य देवी-देवता भी विराजमान हैं, जो कि मंदिर परिसर में स्थापित हैं। इन देवी-देवताओं में श्री फुंगणी माता, भालठी नारायण, भगवान शिव शंकर महादेव, कृष्ण भगवान, पंचमुखी हनुमान, श्री नाड़ा देवता यानी देवता वीर नाथ, 18 पेड़े देवता, पंडिर देवता, लक्ष्मी-नारायण, थान देवता, माता काली, शनि देवता ओर श्री विश्व कर्मा विराजमान हैं और अपने भक्तों के कष्टों का निवारण करते हैं। एक स्थान में इतने देवी-देवताओं के साथ दर्शन करना भी भक्तों के लिए दुर्लभ एहसास है।

### मंदिर परिसर में होता है तीन दिवसीय मेले का आयोजन

बीस भादो को माता भागासिद्ध मंदिर के परिसर में तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है, जहां पर हजारों की संख्या भक्त माता रानी के दर्शनों के साथ मेले में भी भाग लेते हैं। इस अवसर पर डुगिलग में स्थित माता भागासिद्ध भी खलाडा नाला में आने देवलुओं के संग तीन दिवसीय मेले का हिस्सा बनती हैं तथा उपस्थित भक्तों की मनोकामना को पूर्ण करती हैं। इसके साथ ही सावन महीने में माता के मंदिर में खीर भंडारे का भी आयोजन किया जाता है।

### बोल न पाने में असमर्थ बच्चे भी बोलने लगे

पुरोहित रवि शर्मा ने बताया कि माता रानी के दरबार से कोई भी खाली हाथ नहीं लौटता। इस मंदिर में कई माता-पिता अपने ऐसे बच्चों को लेकर आए, जो कि बोल पाने में असमर्थ थे मगर माता रानी के आशीर्वाद से वो बच्चे अब साफ-साफ बोलने लगे हैं और इसी तरह से सैकड़ों भक्तों की मनोकामना को माता रानी ने पूरा किया है और सैकड़ों भक्तों की शारीरिक और मानसिक तकलीफों का समाधान भी माता के आशीर्वाद से होता है, बस भक्तों को माता रानी पर विश्वास रखना होता है।



### हर साल होती सैकड़ों शादियां

माता भागासिद्ध मंदिर में हर साल सैकड़ों लोग विवाह के पवित्र बंधन में बंधने के लिए पहुंचते हैं और माता को साक्षी मान कर विवाह के पवित्र बंधन में बंध जाते हैं। हर साल दशहरे से कुछ समय पहले यहां पर सबसे ज्यादा शादियां होती हैं। माता रानी के मंदिर में माता के आशीर्वाद से नव विवाहित जोड़े अपने वैवाहिक जीवन के सुखद होने की कामना करते हुए नए जीवन की शुरुआत करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क धंसने से मनाली-केलांग मार्ग रहा बंद

**मनाली।** दूसरी ओर सिस्सू में स्नो प्वाइंट के पास बारिश से सड़क धंसने से मनाली-केलांग मार्ग घंटों बंद रहा। मनाली सहित लाहौल घाटी में रातभर भारी बारिश हुई। बारिश के चलते आधी रात को सिस्सू के पास सड़क धंस गई। सुबह पता चलते ही बीआरओ सड़क बहाली में जुटा। दोपहर 12 बजे तक बीआरओ ने सड़क यातायात के लिए बहाल कर दी। सिस्सू चौकी प्रभारी सीता राम ने बताया कि हिमखंड गिरने से कोई नुकसान नहीं हुआ है। चंद्रभागा नदी का बहाव रुक गया था, जो कुछ घंटे बाद सामान्य हो गया। बारिश होने से सिस्सू के पास सड़क धंस गई थी, जिसे बीआरओ ने बहाल कर दिया।



जिला मुख्यालय कुल्लू स्थित महिषासुर मर्दिनी माता के मंदिर में अष्टमी के अवसर पर भजन-कीर्तन कर झूमती महिलाएं।

# मनाली का जंस्कार से कटा संपर्क

## दारचा में रोके वाहन, बारालाचा दर्रे में एक फुट बर्फबारी, अभी एक तरफ हो रही वाहनों की आवाजाही

**अनंत ज्ञान, केलांग**

कुल्लू व लाहौल में जहां मंगलवार को सुबह के समय धूप खिली रही। वहीं, दोपहर बाद हल्की बारिश हुई। उधर, जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की जबकि शिंकुला व बारालाचा दर्रे में एक फुट से अधिक बर्फबारी हुई है।

हिमपात होने के चलते मनाली का जंस्कार से संपर्क कटा गया है। मौसम के हालात देखकर लाहौल-स्पीति पुलिस ने दारचा में वाहन रोक दिए। बीआरओ ने डेढ़ सप्ताह पहले बाया शिंकुला व जंस्कार होते हुए कारगिल व लेह को मनाली से जोड़ दिया था। हालांकि अभी एक तरफ ही वाहनों की आवाजाही हो रही है, लेकिन पिछले तीन दिन से बर्फबारी होने के चलते आवाजाही फिलहाल ठप है। मंगलवार को भी रोहतांग दर्रे सहित कुंजम, बारालाचा व शिंकुला दर्रे में बर्फबारी हुई है। बर्फबारी कि बीच हालांकि बीआरओ की सड़क बहाली के कार्य जारी है, लेकिन हिमपात ने मनाली जंस्कार के बीच वाहनों की आवाजाही बाधित कर दी है। मनाली से जंस्कार जा रहे वाहन चालक तेंजिन ने बताया कि वह तीन दिन से मनाली में रुके हैं। शिंकुला दर्रे में एक फुट से अधिक बर्फ जमा है। वह भी सड़क बहाली का इंतजार कर रहे हैं। बीआरओ योजक परियोजना के निदेशक कर्नल विकास गुलिया ने कहा कि बर्फबारी से मनाली जंस्कार मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद है।



शिंकुला व बारालाचा दर्रे में बर्फबारी के दारौन मस्ती करते पर्यटक।

### अग्निवीर की ऑनलाइन परीक्षा 22 अप्रैल से सात मई तक

**कुल्लू।** भर्ती निदेशक आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस मंडी हिमाचल प्रदेश कर्नल डीएस सामंत ने कहा कि अग्निवीर की ऑनलाइन परीक्षा 22 अप्रैल से 7 मई तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी उम्मीदवारों से आग्रह किया कि वे अपने दिए हुए परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने के लिए अच्छी गुणवत्ता वाला एडमिट कार्ड का प्रिंट लेकर अवश्य लाए। परीक्षा केंद्र का नाम और परीक्षा का समय उम्मीदवार के एडमिट कार्ड में दिया हुआ होता है। अपनी यूजर आईडी के द्वारा अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवार डाउनलोड सीईई एडमिट कार्ड टेब स्क्रीन के निचे बाईं तरफ दिखाई देता है। डाउनलोड सीईई एडमिट कार्ड टेब पर क्लिक करने पर एक नया विंडो खुलता है उसमें अपना रोल नंबर और जन्म तारीख भर कर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। जेआईए रोल नंबर पेमेंट रिसीप्ट में लिखा हुआ होता है, जो कि पेज पर हिस्ट्री ऑफ एप्लीकेशन में जाकर डाउनलोड किया जा सकता हैं।

# कंगना बताए कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या किया : भुवनेश्वर

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के गत दिनों मनाली में रैली के दौरान बड़ी-बड़ी बातें करने व कांग्रेस को कोसने पर मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कंगना पर पलटवार किया है।

भुवनेश्वर गौड़ ने मनाली में मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्हें खुशी है कि कंगना ने बॉलीवुड में बहुत नाम कमाया है। मनाली को अपना दूसरा घर बताने वाली कंगना ने इतना बड़ी स्टार बनने के बाद भी मनाली के लिए कुछ नहीं किया। वह मुंबई में बैठकर हिमाचल व मनाली के सौंदर्य का मात्र गुणगान ही कर देती तो मनाली को पर्यटन की दृष्टि से लाभ पहुंचता। इतने लंबे समय से मनाली में रहने वाली कंगना को बाढ़ के समय यहां के लोगों का दुख-दर्द नजर नहीं आया।

रैली में बड़ी-बड़ी बातें करने वाली कंगना सबसे पहले यह बताए कि उन्होंने आज तक मनाली के लिए क्या किया।

### जनता जानती है सही क्या और झूठ क्या

गौड़ ने कहा कि मनाली विधानसभा की जनता जानती है कि सही क्या है और झूठ क्या है। जनता कंगना के झूठे झांसे में आने वाली नहीं है। मनाली के लोग जानते हैं कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आपदा के समय कैसे हजारों पर्यटकों को सुरक्षित उनके घर भेजा। उस समय कंगना को मनाली वासियों की याद आई होती और कुछ मदद की होती तो आज मनाली वासी कंगना के ऋणी होते। भाजपा जितना मर्जी प्रचार कर ले जनता कांग्रेस को ही अपना वोट देगी।

**कहा-प्राकृतिक आपदा के समय मुंबई से तमाशा देखती रहीं**

### गौड़ लाइफलाइन एनजीओ के संरक्षक

**मनाली।** जिला कुल्लू में गत वर्ष आई आपदा के समय मनाली में फंसे सैकड़ों लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा करने के मकसद से बनाई गई लाइफलाइन एनजीओ के मुख्य संरक्षक की जिम्मेदारी मनाली विधानसभा विधायक भुवनेश्वर गौड़ को दी गई।

एनजीओ द्वारा मनाली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक भुवनेश्वर गौड़ को मुख्य संरक्षक बनाने के साथ-साथ शहर से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के बारे में भी अवगत करवाया गया और एनजीओ की ओर से मनाली में चलाए जा रहे अनेक कार्यों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि आने वाले पर्यटन सीजन के दौरान एनजीओ प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगी, ताकि पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं दी जा सके।

# क्षेत्र की समस्याओं को हल करवाने वाले को देंगे वोट

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

पहली बार मतदान करने वाले युवा-युवतियां मतदान करने को लेकर काफी उत्सुक दिख रहे हैं। युवाओं का कहना है कि पहले अपने घर और आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करके मतदान केंद्र ले जाएंगे, उसके बाद खुद मतदान कर अपना अधिकार और कर्तव्य निभाएंगे।

युवाओं का कहना है कि क्षेत्र की बहुत सी समस्याएं हैं, जो प्रत्याशी उन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की बात करेगा और बिना भेदभाव के विकास कार्य करवाने का वादा करेगा उसे ही वोट देंगे। इसके अलावा प्रत्याशी ईमानदार, शिक्षित व मृदुभाषी होना चाहिए, चाहे वह किसी भी पार्टी से संबंधित हो या फिर आजाद प्रत्याशी हो। युवाओं के अनुसार लोकसभा चुनाव में इस बार पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में मतदान और प्रत्याशी के चयन को लेकर अनंत ज्ञान की प्रतिनिधि ने युवा मतदाताओं से चर्चा की। (अनंत ज्ञान)

### चुनाव के बाद नहीं देता कोई ध्यान



महिलाओं को अधिकार दिलाने और उनकी सुरक्षा के लिए चुनावों के दौरान सभी राजनीतिक दल लंबी चौड़ी बातें करते हैं, लेकिन चुनाव के बाद इस ओर कोई ध्यान नहीं देता। महिलाओं की आवाज बुलंद करने वाले प्रतिनिधि को ही वोट दूंगी।

**स्नेहा नेगी, टकोली।**

### ईमानदार प्रत्याशी पहली पसंद



पहली बार मतदान करने का मौका मिल रहा है, इसके लिए उत्सुक हूं। युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी पहली पसंद है, खुद तो मतदान करने के साथ ही दोस्तों को भी मतदान की महत्ता समझाकर मतदान बारे जागरूक करूंगा।

**अभिनव कश्यप, कलैहली।**

### महापर्व में मैं भी निभाऊंगी भूमिका



परिवार व गांव के लोग हर बात मतदान करने जाते थे, इस बार मैं भी मतदान करके मतदान के महापर्व में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाऊंगी। जो प्रत्याशी क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की बात करेगा, बिना भेदभाव के विकास कार्य करवाने का वादा करेगा उसे ही वोट दूंगी।

**मानवी, पूईद।**

### रोजगार देने वाले को मिलेगा वोट



इस बार लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने का अवसर मिल रहा है। अपने दोस्तों के साथ मिलकर गांव के लोगों को मतदान बारे जागरूक कर रही हूं। युवाओं को रोजगार मुहैया करवाने की बात करने वाले प्रत्याशी को वोट दूंगी।

**सोनम, शीशामाटी।**

### आज निकाली जाएगी जगन्नाथ की शोभायात्रा

**कुल्लू।** कुल्लू में पहली बार रामनवमी के पावन अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ की शोभायात्रा का आयोजन होने जा है। भगवान श्री जगन्नाथ की शोभायात्रा कुल्लू में पहली बार आयोजित होने जा रही है। बुधवार को कुल्लू के टिकरा बाउडी से लेकर ढालपुर स्थित रथ मैदान तक भव्य शोभायात्रा का आयोजन होने जा रहा है। शोभायात्रा के दौरान भगवान श्री जगन्नाथ भव्य रथ पर विराजमान होंगे और इस दौरान सैकड़ों भक्त भगवान श्री जगन्नाथ की शोभायात्रा में भाग लेकर पुण्य कमाएंगे। इस शोभायात्रा के दौरान मधुर हरिनाम संकीर्तन, नाटिका, वैष्णव गीत एवं श्री भगवान जगन्नाथ कथा भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे। शोभायात्रा टिकरा बाउडी से ठीक 11 बजे रवाना होगी।

# कांग्रेस की नीयत में खोट, 1500 देने की नहीं इच्छा : नरोत्तम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू विधानसभा क्षेत्र से 2022 के प्रत्याशी नरोत्तम ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी महिला विरोधी है। यदि कांग्रेस की नीयत सही होती तो पहले से सरकार बनते ही यह प्रति माह 1500 रुपए महिलाओं को कांग्रेस सरकार देना शुरू कर देती पर उनकी नियत ही साफ नहीं थी, उनकी नियत में खोट थी इसलिए जब वह सत्ता में आए तो उनका किया गया वादा की पहली कैबिनेट में ही हम 1500 रुपए महिलाओं को देना शुरू कर देंगे वह आज तक पूरा नहीं हो पाया।



### हर वर्ग को ठगने निकली कांग्रेस की फौज

नरोतम ने बताया कि अब एक बार फिर कांग्रेस की ठगों की फौज प्रदेश के हर वर्ग को ठगने निकली है। जब विधानसभा का चुनाव हुआ था, तब एक ब्लू फॉर्म भी इन्हीं नेताओं ने भरवाया था। उसके बाद भी 1500 रुपए प्रति माह महिलाओं को नहीं मिले थे। अगर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की नियत साफ होती, तो जब हिमाचल का बजट सत्र चल रहा था, तो बजट में यह 1500 रुपए देने का प्रावधान करती, पर उन्होंने एक रुपए का प्रावधान भी नहीं किया और जैसे ही बजट सत्र का अंत हुआ उसके बाद इन्होंने घोषणा कर दी कि महिला को 1500 देंगे पर वह घोषणा भी अजीब है।

## आयोजन — कुल्लू में अग्निशमन सेवा दिवस को अग्निशमन सप्ताह के रूप में मनाया

# जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल में की मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कुल्लू जिले में अग्निशमन विभाग के द्वारा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस को अग्निशमन सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। मंगलवार को अग्निशमन विभाग कुल्लू के कर्मचारियों ने आगजनी की अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए बंदरोल में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में मॉकड्रिल कर स्कूल के छात्रों को जागरूक किया।

इस अवसर पर जवाहर नवोदय स्कूल के करीब 530 विद्यार्थियों व 50 शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आगजनी की घटना के दौरान किस तरह से आग से बचाव करना है और आपातकालीन परिस्थितियों में किस तरह के उपायों को अपनाना है इस बारे में विस्तार के साथ जानकारी दी। राष्ट्रीय अग्निशमन सप्ताह को पूरे देश में अग्निशमन विभाग के द्वारा मनाया जाता है। इस बारे में अग्निशमन विभाग के एसडीओ कुल्लू प्रेम ने बताया कि 14 अप्रैल 1944 में मुंबई में एक भयंकर अग्निकांड हुआ था और ये घटना मुंबई बंदरगाह पर माल वाहक जहाज फोर्ट स्टीफन में अचानक से लगी आग के कारण घटित हुई। उन्होंने बताया कि जहाज में लगी आग इतनी भीषण थी कि इस आग कर काबू करने में जुटे 66 दमकल कर्मी शहीद हो गए और इस दौरान करीब 800 लोग मारे गए थे और करीब 2500 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस अग्निकांड में करीब 80 हजार लोग बेघर हो गए थे और इसी अप्रिय घटना की स्मृति में हर साल 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।



बंदरोल में अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मॉकड्रिल कर जागरूक करते हुए।

रविवार को अग्निशमन विभाग के कार्यालय में मुंबई अग्निकांड में शहीद हुए दमकलकर्मियों को याद किया और 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। अग्निशमन विभाग किसी भी अप्रिय घटना के लिए सदैव तैयार रहता है और आगजनी की घटना के दौरान जल्द घटना स्थल पर पहुंच कर आग को काबू कर लोगों की जान व माल को बचाने के लिए हमेशा तैयार रहता है।




# सुरक्षाकर्मी कर रहा मरीजों का इलाज

## घुमारवीं अस्पताल में तैनात सुरक्षाकर्मी रोगियों को लगा रहे ग्लूकोज के ड्रिप

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

प्रदेश की सरकारें बेशक सरकारी अस्पतालों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य उपचार देने के दावे करती हों, लेकिन धरातल पर इन दावों की हकीकत धरातल पर कुछ और है। ऐसा ही एक मामला सिविल अस्पताल घुमारवीं में उस समय देखने को मिला जब अस्पताल का एक सुरक्षाकर्मी आपातकालीन अवस्था में भर्ती किए गए मरीज का इलाज करता हुआ पाया गया।

हालांकि इस सारे मामले की शिकायत सचिव स्वास्थ्य एवं जन कल्याण विभाग शिमला को भेज कर इस मामले की इस जांच करने की मांग की गई है। मामला रविवार शाम करीब आठ बजे का है जब कुछ लोगों को नवरात्र के व्रत के दौरान फलाहार में खीर खाने से हुई फूड प्वाइजनिंग के चलते आपातकालीन अवस्था में घुमारवीं के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाना पड़ा। परंतु अस्पताल में जो व्यवस्था देखी गई उससे तो स्वास्थ्य विभाग की कार्य प्रणाली पर ही एक प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया। क्योंकि वहां उन मरीजों को उपचार के दौरान अस्पताल में तैनात सुरक्षाकर्मी द्वारा ग्लूकोज ड्रिप लगाना शुरू कर दिया। शिकायतकर्ता का कहना है इस पर जब मरीज के साथ आए सभी तीमारदारों ने विरोध किया तो उस सुरक्षाकर्मी का कहना था कि उसे अस्पताल में मौजूद चिकित्सक तथा नर्सों द्वारा ड्रिप लगाने के आदेश दिए गए हैं। सुरक्षा कर्मी का कहना था कि वह उन्हें आदेशों का पालन कर रहा है। वहीं, खंड चिकित्सा अधिकारी, घुमारवीं डॉ. आशुतोष शर्मा


मरीज को ड्रिप लगाता हुआ सुरक्षाकर्मी।

ऐसी शिकायत हमारे पास आई थी, जिसके बाद हमने इस मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी बनाई है। जांच के बाद ही मामले का पता चल पाएगा। दो दिन में रिपोर्ट आ जाएगी इसके बाद इस रिपोर्ट को मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंप दिया जाएगा तथा अगली कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### मोबाइल पर व्यस्त दिखी नर्सें

**जब** तीमारदारों ने इसका विरोध किया तथा इसकी शिकायत लेकर वह चिकित्सक के कमरे में पहुंचे। तो उन्होंने वहां मौजूद नर्सों को मोबाइल पर व्यस्त पाया। लेकिन शिकायत करने पर उन्होंने जल्द ही वार्ड में आने का आश्वासन दिया। परंतु आधे घंटे तक कोई भी वार्ड में इन मरीजों को देखने नहीं पहुंचा। इसके बाद इन लोगों द्वारा स्थानीय खंड चिकित्सा अधिकारी से फोन पर इसकी शिकायत की तो उन्होंने उस समय अस्पताल में मौजूद स्टाफ को मरीजों के पास जाने को कहा इसके बाद चिकित्सक तथा नर्स वार्ड में भर्ती किए गए मरीजों को देखने पहुंचे।

# घुमारवीं में खीर खाने से 50 लोग बीमार

## नवरात्र के उपवास के दौरान फलाहार में खीर खाना लोगों को पड़ा महंगा, फूड पॉइजनिंग के हुए शिकार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं में नवरात्र के उपवास के दौरान फलाहार में खीर खाने के बाद कई लोग फूड प्वाइजनिं के शिकार हो गए। जिन्हें बाद में अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। मामला घुमारवीं के अलग-अलग क्षेत्रो से जुड़ा हुआ है जहां पर अलग-अलग जगह पर कही नवरात्र के भंडारे तथा कहीं पर अन्य कार्यक्रमों के चलते फलाहार का कार्यक्रम रखा गया था।

इस फलाहार को खाने के कुछ देर बाद ही कई लोगों को उल्टियां, चक्कर की शिकायत होने लगी। इसके बाद उन्हें सिविल अस्पताल घुमारवीं में भर्ती करवाया गया। इसके अलावा ऐसे ही मामले अन्य कहीं घरों में भी देखे गए। जिन्होंने व्रत के दौरान बाजार में मिलने वाले एक खाद्य पदार्थ काई से बनने वाली खीर खाई और जिसके बाद वह बीमार हो गए तथा उन लोगों को भी अस्पताल जाने की नौबत आ गई इन सभी मामलों में एक बात समान पाई गई कि इन सभी लोगों ने बाजार से व्रत में खीर बनाने के लिए एक खाद्य पदार्थ काई पाउडर खरीदा था, जिसको खाने के बाद या सभी लोग बीमार पड़ गए। जानकारी के अनुसार नवरात्र में ऐसी खीर खाने से करीब 50 से ज्यादा लोगों की तबीयत खराब हुई है। बताया जा रहा है की खीर खाने के बाद इन लोगों को उल्टियां, जी मिचलाना, पेट दर्द तथा चक्कर जैसी परेशानियां होने लगी। इसके बाद लोग अस्पताल की तरफ भागने लगे। अस्पताल में इलाज के दौरान इन लोगों की तबीयत में सुधार हुआ। इसके बाद लोगों को घर भेज दिया गया। ऐसे ही एक मामले में घुमारवीं निवासी मनोज ने बताया कि उन्होंने नवरात्र में परिवार के सदस्यों के साथ व्रत रखा हुआ था।

इसके लिए वह बाजार की एक दुकान से उपवास में प्रयोग होने वाली काई, जिससे खीर बनती है लेकर आए थे सुबह काम पर जाने से पहले उन्होंने तथा उनकी पत्नी ने खीर खाई। इसके बाद अपने काम पर चले गए। शाम करीब चार बजे जब वह कार चला रहा था तो उन्हें अचानक से चक्कर आना महसूस हुआ। इसके बाद उनके हाथ में पैरों में काफी कंपन शुरू हो गया तथा तबीयत इतनी ज्यादा बिगड़ गई कि उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। इलाज के दौरान उनकी पत्नी ने बताया कि उसकी भी तबीयत ऐसी ही खराब हो गई थी।


घुमारवीं अस्पताल का फाइल फोटो

### खाद्य पदार्थ की जांच की उठाई मांग

**घुमारवीं** में आयोजित दो अन्य कार्यक्रमों में भी करीब 50 लोगों के फलाहार के दौरान ऐसे ही खीर खाने से कई लोगों की तबीयत खराब हो गई थी। इसके बाद कुछ लोगो को अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। अब सवाल यह उठता है बाजार ऐसे खरीदी गई उस खाद्य सामग्री में ऐसी किस चीज की मिलावट की गई थी। उसे के खाने से सभी लोग बीमार पड़ गए हालांकि इस मामले की शिकायत खाद्य सुरक्षा विभाग को भी की गई है। इसमें इस खाद्य पदार्थ की जांच की मांग की गई है।

मामला ध्यान में आया है तथा इस बात की शिकायत भी आई है कि नवरात्र में आयोजित कार्यक्रमों में बाजार से व्रत के दौरान खाए जाने वाला एक खाद्य पदार्थ खरीद कर लाया गया। इसके बाद इस खाद्य पदार्थ को खाने के बाद कुछ लोगों की तबीयत खराब हुई है। विभाग जल्द ही सारे घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच करेगा।

**-केएस ठाकुर, खाद्य सुरक्षा निरीक्षक, बिलासपुर**

## न्यूज ब्रीफ

### बिलासपुर में बास्केटबाल ट्रायल 21 अप्रैल को

**बिलासपुर।** 26 से 28 अप्रैल में साई विजन पब्लिक स्कूल भरेड़ी हमीरपुर में होने वाली अंडर-19 पुरुष व महिला वर्ग की होने वाली राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला बिलासपुर बास्केटबॉल टीम के ट्रायल 21 अप्रैल को बास्केटबाल खेल स्टेडियम ब्वायज स्कूल बिलासपुर में सुबह नौ बजे होंगे। यह जानकारी देते हुए संघ के प्रधान डॉ. प्रवीण रनौत और कोषाध्यक्ष अभिषेक टेस्सू ने बताया कि पहली जनवरी 2006 के बाद जन्मे पुरुष और महिला खिलाड़ी इसमें भाग ले सकते है। उन्होंने बताया कि सभी खिलाड़ियों को अपना जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो के साथ-साथ अपने माता-पिता का आधार कार्ड लाना भी आवश्यक है। इस चयन प्रक्रिया में अश्वनी कुमार, संजय कुमार, विमल कुमार, विशाल शर्मा, राजकुमार राठौर सम्मलित होंगे।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन प्रक्रिया

**बिलासपुर।** आगामी 21 से 24 अप्रैल को मुंबई में होने वाली अंडर-12 बालक व बालिका की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की जाने वाली टीमों की चयन प्रक्रिया 16 अप्रैल मंगलवार यानी मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी में संपन्न हुए। चयन प्रक्रिया में 22 बालिकाओं व 18 बालकों ने भाग लिया। यह जानकारी चयन समिति की चैयरमेन व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल कोच व मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी की संचालिका स्नेहलता ने दी। उन्होंने बताया कि 21 से 24 अप्रैल तक मुंबई में होने वाली राष्ट्रीय अंडर-12 बालिका व बालक वर्ग की प्रतियोगिता के लिए दस-दस बालिका व बालक वर्ग टीम जाएगी। उस टीम का जल्द घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि चयन समिति में उनके साथ सुशील कुमार, दिनेश, कृष्ण कुमार रहे जिन्होंने बारीकी से चयन प्रक्रिया करवाई। उन्होंने बताया कि जल्द दस-दस बालक व बालिका खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी जाएगी। मुंबई में होने वाली प्रतियोगिता में ये टीमें बहग लेंगी। बता दें कि हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया द्वारा हिमाचल प्रदेश में हैंडबॉल को बढ़ावा देने के लिए एक तीन सदस्यीय हेडहोक कमेटी का गठन किया गया है। इसके चलते हिमाचल प्रदेश के कोने कोने से हैंडबॉल की प्रतिभा को बढ़ावा दिया जाएगा व दिया जा रहा है। इस अवसर पर ऊना हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष रिहान दुबे, कोच दिनेश, संजीव के साथ अन्य मौजूद रहे।

### पैसों और जेवरातों से भरा बैग लौटाया

**श्री नयना देवी।** हिमाचल प्रदेश के शक्ति पीठ श्री नयना देवी मंदिर के सुरक्षा प्रभारी होम गार्ड इंचार्ज पलटून कमांडर परमजीत सिंह और उनकी टीम ने अनोखी मिसाल पेश करते हुए पचतर सौ रुपए और कीमती जेवरातों से भरा बैग वापस लौटाया। वर्तमान में जहां ईमानदारी की चमक फीकी पड़ती जा रही है। वहीं, श्रीनयनादेवी मंदिर में तैनात सुरक्षा कर्मचारियों का पैसों से भरा बैग देखकर भी मन नहीं डोला। शक्ति पीठ श्रीनयना देवी मंदिर के सुरक्षा प्रभारी होम गार्ड इंचार्ज पलटून कमांडर परमजीत सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इस दौरान करीब बारह बजे गुफा की तरफ गए। जब पार्किंग में पहुंचे तब उनकी नजर रेत के ढेर पर एक बैग पर पड़ी। जब इन कर्मियों ने बैग खोलकर देखा तब उसमें पचतर सौ रुपए और कुछ कीमती जेवरात मिले। परमजीत सिंह ने इस बैग को मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर को सौंपा। वहीं, मंदिर अधिकारी ने जिन श्रद्धालुओं का ये बैग था। उनको फोन के माध्यम से बुलाया गया और छानबीन कर लक्ष्मी देवी जो कि हमीरपुर से दर्शनों के लिए मंदिर आए थे। उनको वापिस कर दिया।

### संकल्प पत्र में रखा हर वर्ग का ख्याल: गर्ग

**घुमारवीं।** भाजपा अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के घोषित संकल्प-पत्र को देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि इस संकल्प-पत्र में हर वर्ग से जुड़े हुए व्यक्ति का विशेष ख्याल रखा गया है। भाजपा ने इसमें गरीब वर्ग, युवा वर्ग, महिलाओं, बुजुर्गों तथा किसानों का ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इसमें जो भी वादे किए गए हैं, भाजपा सत्ता में आने पर उन्हें जरूर पूरा करेगी। गर्ग ने कहा कि भाजपा जो गारंटी देती है, भाजपा उसे हर हाल में पूरा करती है। पिछले संकल्प पत्र में बीजेपी ने जो वादे किए थे भाजपा ने उन सभी वादों को पूरा किया। ट्रिप्पल तलाक का मामला हो या फिर धारा 370 हटाने का मामला या कोई भी अन्य वादा जो संकल्प पत्र में किया था, भाजपा ने उसे पूरा करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले दस साल के कार्यकाल में देश विकास के पथ पर आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज देश एक मजबूत एवं शक्तिशाली राष्ट्र बना है। दुनिया भर में भारत का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संकल्प-पत्र में दोहराया है कि यदि भाजपा तीसरी बार सत्ता में आती है, तो पूरे देश में एक साथ चुनाव होंगे।

# दुर्गा अष्टमी पर नयनादेवी मंदिर में गूंजे जयकारे

## मां का आशीर्वाद लेने को मंदिर में सुबह से लगी श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें

**अनंत ज्ञान, श्रीनयनादेवी जी**

मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के शक्तिपीठ पर अष्टमी की धूम है माता श्रीनयनादेवी के दरबार में अष्टमी के दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं का कतारें लगी है। अष्टमी के इस पावन उपलक्ष्य पर जहां पर श्रद्धालु माता की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। वहीं पर माता जी के प्राचीन हवन कुंड में आहुतियां भी डाल रहे हैं। पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली, यूपी, बिहार और अन्य प्रदेशों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है।

अष्टमी पूजन का विशेष महत्व रहता है और कहते हैं की माता को अष्टमी का दिन सर्वप्रिय है। इसीलिए श्रद्धालु अष्टमी के दिन माता जी की पूजा-अर्चना करते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। मंदिर प्रभारी विपिन ठाकुर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशों से पुलिस एवं प्रशासन ने पुख्ता बंदोबस्त किए गए


दुर्गा अष्टमी के दिन माता नयनादेवी मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़। अष्टमी के पावन उपलक्ष्य पर हवन कुंड में आहुतियां डालते श्रद्धालु।

है और श्रद्धालुओं को छोटे-छोटे ग्रुपों में रोका जाता है और उन्हें लाइनों में ही माता के दरबार में दर्शनों के लिए भेजा जाता है। मंदिर में हर जगह-जगह पुलिस होमगार्ड के जवान एवं एक्स सर्विसमैन तैनात किए गए हैं, ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे और श्रद्धालुओं को दर्शनों में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### नयनादेवी में 20000 भक्तों ने नवाया शीश

**नयनादेवी।** मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के शक्तिपीठें माता श्रीनयनादेवी के दरबार में अष्टमी के दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगाा है। मंगलवार को लगभग 20000 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने अष्टमी पूजन किया। वहीं, सातवें नवरात्र पर मंदिर न्यास को चढ़ावे के रूप में 17 लाख 37 हजार 552 नकद, सोना 10 ग्राम 100 मिलीग्राम, चांदी एक किलो 977 ग्राम, विदेशी मुद्रा कुवेत 10 दीराम, आस्ट्रेलिया 60 डॉलर, इंग्लैंड 20 पाउंड प्राप्त हुए। वही डीएसपी विक्रांत ने बताया कि अष्टमी के दिन ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से सुचारु रही। वहीं, मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर ने बताया कि भक्तों ने हवन कुंड में आहुतियां भी डाली।

# विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा की पूर्व महामंत्री एवं विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कांग्रेस पार्टी पर धावा बोलते हुए कहा की महिला विरोधी तो केवल मात्र कांग्रेस पार्टी है। जहां उनके वरिष्ठ नेताओं के ब्यान इस बात का सबूत देते हैं और उनके मुख्यमंत्री एवं सरकार इस बात की पुष्टि करती है।



अगर उनकी नियत सही होती तो पहले से सरकार बनते ही यह प्रति माह 1500 रुपए महिलाओं को कांग्रेस सरकार देना शुरू कर देती पर उनकी नियत ही साफ नहीं थी, नियत में खोट था। जब वह सत्ता में आए तो उनका किया गया वादा की पहली कैबिनेट में ही हम 1500 रुपए महिलाओं को देना शुरू कर देंगे वह आज तक पूरा नहीं हो पाया। त्रिलोक ने कहा की अब एक बार फिर कांग्रेस की ठगों की फौज हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक वर्ग को ठगने निकली है, अनेकों प्रकार के फॉर्म भरे जा रहे थे जिसका लाभ एक रुपए का नहीं था। जब विधानसभा का चुनाव हुआ था तब एक ब्लू फॉर्म भी इन्हीं नेताओं ने भरवाया था। उसके बाद भी 1500 रुपए प्रति माह महिलाओं को नहीं मिले थे। चुनाव जीतने के लिए यह राशि कांग्रेस नेताओं ने अपने फोन से गूगल पे कर दी थी। अगर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की नियत साफ होती तो जब हिमाचल प्रदेश का बजट सत्र चल रहा था तो बजट में यह 1500 रुपए देने का प्रावधान करते पर उन्होंने एक रुपए का प्रावधान भी नहीं किया था। वहीं, जैसे ही बजट सत्र का अंत हुआ उसके बाद इन्होंने घोषणा कर दी कि प्रत्येक महिला को 1500 देंगे पर वह घोषणा भी अजीब है। इसमें यह पारदर्शिता ही नहीं है कि किसी महिला को 1500 रुपए मिलेंगे और किसको नहीं। इसलिए हमारा मानना यह है कि कांग्रेस पार्टी भाजपा को घोषणा बंद करें और अपने काम पर फोकस करें।

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में छाए शरण कॉलेज ऑफ एजुकेशन के होनहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

शिवा बीएड कालेज के स्टार प्रोग्राम न्यू ईरा वाईब्रेवशन 2024 के तीसरे व अंतिम दिन स्टेट लेवल इंटर बीएड कॉलेज डांस एंड डेक्लामेशन कॉन्टेस्ट के साथ सफलतापूर्ण संपन्न हुआ। प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में उत्तर क्षेत्रीय समिति राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद नई दिल्ली के सदस्य व हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में शिक्षा विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ. कुलदीप सिंह कटोच व कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में उत्तर क्षेत्रीय समिति राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद नई दिल्ली के पूर्व सदस्य व हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में शिक्षा विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ. सुरेंद्र कुमार शर्मा ने की। सर्वप्रथम स्थानीय कॉलेज के प्रशिक्षु छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इसके बाद शिवा ग्रुप के प्रबंध इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा कार्यकारी निदेशिका मधु शर्मा आयुष शर्मा व अदिति शर्मा ने मुख्यातिथि व अन्य


विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते गणमान्य।

गणमान्य व्यक्तियों का टोपी व शॉल व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इसके बाद कार्यक्रम अध्यक्ष प्रोफेसर सुरेंद्र शर्मा ने उपस्थित सभी युवाओं के लिए अपने जीवन में सही लक्ष्य चुनने का आह्वान किया व उन्होंने भविष्य के अध्यापकों को नई तकनीकी व राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2024 के साथ तालमेल बिठाने को कहा। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि प्रो. कटोच ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम में महत्व बताया।

उन्होंने भविष्य के अध्यापकों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए पाठ्यक्रम में इसकी आवश्यकता को अभिन्न रूप से अनिवार्य बताया।

### विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**वाद**-विवाद प्रतियोगिता में आठ महत्वपूर्ण विषयों पर प्रदेश भर से 14 कालेजों की टीमों ने भाग लिया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में शरण कॉलेज ऑफ एजुकेशन कांगड़ा ने प्रथम स्थान व नृत्य प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन शिमला ने प्रथम स्थान हासिल किया। सभी विजेता उपविजेता प्रतिभागियों वह उनके साथ आए टीम इंचार्ज को मुख्यातिथि ने सम्मानित किया। इसके बाद शिवा ग्रुप के प्रबंध निदेशक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा ने अपने संबोधन में कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का धन्यवाद दिया।

# अस्थायी दुकानें न हटाने से दुकानदारों में रोष

## ग्रीष्मोत्सव उत्सव के दौरान व्यापारियों ने लगाई थी दुकानें, सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं में आयोजित होने वाले ग्रीष्मोत्सव के दौरान शहर में बाहरी व्यापारियों द्वारा अस्थाई तौर पर लगाई गई दुकानों को मेले के समापन्न के एक सप्ताह बाद भी नहीं हटाए जाने के बाद घुमारवीं व्यापार मंडल मुखर हो गया है। मंगलवार को इसके विरोध में व्यापार मंडल पदाधिकारीयों संवेदना संस्था के सदस्यों द्वारा तहसीलदार घुमारवीं को एक ज्ञापन सोपा गया जिसमें एक दिन के भीतर इन सभी दुकानों को हटाए जाने की मांग की गई।

व्यापारियों ने इस ज्ञापन के जरिए प्रशासन के सामने अपना रोष प्रकट करते हुए बताया कि इस सारे आयोजन के दौरान प्रशासन का रवैया स्थानीय व्यापारियों के प्रति ठीक नहीं रहा है और अगर प्रशासन स्थानीय दुकानदारों का सहयोग नहीं करता है तो अगले साल होने वाले इस आयोजन में स्थानीय व्यापारी किसी भी तरह का सहयोग प्रशासन के साथ नहीं करेंगे। इस मौके पर व्यापार मंडल द्वारा प्रशासन को साफ तौर पर बताया कि व्यापार मंडल द्वारा ग्रीष्मोत्सव के शुरू होने से पहले ही प्रशासन को इस उत्सव के लिए सहयोग राशि देने के साथ ही एक ज्ञापन के जरिए मांग की गई थी कि इस उत्सव के समापन के तीन दिन के भीतर इन सभी अस्थायी दुकानों को हटाया दिया जाए। लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी प्रशासन ने इन दुकानों को हटाना उचित नहीं समझा। जबकि इन दुकानों के कारण स्थानीय दुकानदारों को अपने कारोबार में नुकसान उठाना पड़ रहा है।


तहसीलदार घुमारवीं को ज्ञापन देते व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

### प्रशासन भी बाहरी व्यापारियों का दे रहा साथ, जल्द मांगा समाधान

**व्यापारियों** का कहना है कि स्थानीय दुकानदार पहले ही गांव-गांव जाकर फेरी लगा कर सामान बेचने वाले बाहरी व्यापारियों के कारण आर्थिक नुकसान उठा रहे हैं और जब उन लोगों को व्यापारियों द्वारा रोकने की कोशिश की गई तो प्रशासन द्वारा स्थानीय व्यापारियों को ही समझौता करने के लिए मजबूर किया गया। उसके बाद अब शहर में आयोजित होने वाले ग्रीष्मोत्सव में भी प्रशासन बाहरी व्यापारियों का ही साथ दे रहा है। जबकि इस आयोजन में सभी व्यापारियों ने प्रशासन का हर प्रकार से सहयोग किया है।

# बिलासपुर में अंडर-19 क्रिकेट टीम का किया चयन, 29 खिलाड़ी किए सिलेक्ट


ट्रॉयल देने पहुंचे खिलाड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला में अंडर-19 क्रिकेट टीम का चयन किया गया। इसमें संभावित 29 खिलाड़ियों को स्थान दिया गया।

बिलासपुर क्रिकेट सचिव विशाल जगोता ने बताया कि चयन प्रक्रिया के विभिन्न दौर से गुजरते हुए चयन कर्ताओं ने 29 बच्चों को प्रशिक्षण शिविर के लिए सेलेक्ट किया है। इसके तहत आदित्या शर्मा, अपराजित शर्मा, ऋषभ ठाकुर, शैवर, अर्नव शर्मा, रिहान खान, हरीश ठाकुर, रोहित पंवर, आदित्य कटारिया, आदित्य भड़ोल, आकाश ठाकुर, चिराग पुंडीर, दिव्यांश राणा, अनुभव, संकेत शर्मा, आदर्श भड़ोल, ईशान चंदेल, अभय चंदेल, कुंदन, रूशल धीमान, सक्षम दता, गौरव चंदेल, अक्षित चैहान, सुमित, विनय ठाकुर, शिवांश चदेल, मन्नत भारद्वाज, कार्तिक व दिव्यांश शर्मा को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि चयन कर्ताओं में आरके रघु, उमेश गौतम, जितेंद्र ठाकुर, विनेंद्र डोगरा, प्रिंस गौतम शामिल रहे।

### तीन दिन तक चलेगी क्रिकेट प्रतियोगिता

16 से 26 अप्रैल तक बिलासपुर टीम का प्रशिक्षण शिविर लगेगा, जबकि बिलासपुर की टीम अपना पहला मैच ऊना में जिला चंबा के साथ खेलेगी। यह प्रतियोगिता तीन दिवसीय रहेगी।

**आस्था** — हरिद्वार और गंगा नदी के तट पर होने वाली महाआरती की तर्ज पर हुई आरती

# कसोल घाटी में सतलुज पूजा देखने उमड़े श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कसोल गांव में इस वर्ष भी ब्रह्मलीन संत शिरोमणि तपोनिष्ठ परम पूज्य श्रीश्री 1008 बाबा जमुना दास जी महाराज की तपोस्थली कसोल घाटी के सतलुज सागर के तट पर सतलुज पूजा व मेष संक्रांति स्नान एवं बैसाखी मेले का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया। कसोल विकास मंच एवं युवक मंडल कसोल द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय बैसाखी मेला कसोल कोल डैम में श्री श्री ट्रस्ट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष व श्री कृष्णा इंडिया कंपनी के निदेशक उदय तिवारी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने आयोजक सेवानिवृत्त उपनिदेशक कृषि डॉ. प्रकाश चंद ठाकुर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हरिद्वार और गंगा नदी के तट पर होने वाली महाआरती की तर्ज पर वातारवरण देखने को मिला। स्थानीय बच्चों के लिए सकारात्मकता सोच अपनाने और सही रास्तों को चुनने के साथ उनको मोटिवेट करने को लेकर इस तरह के इवेंट करवाने के लिए आयोजकों को बधाई दी।

आयोजक डॉ. प्रकाश चंद ठाकुर ने सभी को बैसाखी मेला कसोल की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बताया कि कोल डैम में धार्मिक दृष्टि से पर्यटन को बढ़ावा भी मिलेगा और आने वाले समय में स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के साधन भी होंगे। वहीं, सोमवार साढ़े पांच बजे से आध्यात्मिक शोभायात्रा मंदिर कसोल से सतलुज सागर तक की गई। सांय 6:30 सतलुज नदी किनारे मां सतलुज की कई संख्या दीपों के साथ आरती की गई। सुबह 5:30 से 6:30 बजे तक ग्राम परिक्रमा एवं आध्यात्मिक शोभायात्रा व भजन संध्या व जागरण का आयोजन भी हुआ। आयोजकों द्वारा कोल डैम तट को पूरी तरह से सजा दिया गया था, ताकि जलाशय में नौका चलाने और नौकायन के करतबों को लोग देख सकें। मुख्यातिथि ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।


सतलुज किनारे आरती करते भक्त


विजेताओं को सम्मानित करने का दौर

### रेस में पालक रघुवंशी ने जीता गोल्ड

**इनमें** साई एनटीपीसी वाटर स्पोर्ट्स सेंटर बरमाणा की खिलाड़ियों ने कयाकिंग की 500 मीटर की प्रतियोगिता में मनु ठाकुर ने गोल्ड, एंजलीना ने सिल्वर और मीनाक्षी ने ब्रांज जीता। वहीं, क्याक के टू 500 मीटर की रेस में मनु ठाकुर और साइना ठाकुर ने गोल्ड, आर्य ठाकुर और मीनाक्षी की जोड़ी ने सिल्वर तथा एंजलीनाऔर दृष्टि को ब्रॉन्ज़ हासिल कर पाई। कैनोइंगकी 500 मीटर की रेस में पालक रघुवंशी ने गोल्ड, सानिया ने सिल्वर और दिया को ब्रांज मिला। कब्बडी में कसोल विजेता रहा, रोप क्लाइंबिंग में शिवोम प्रथम और ऋषव दूसरे स्थान पर रहा। तैराकी में लड़कों के वरिष्ठ वर्ग में राकेश प्रथम, आदर्श दूसरा स्थान और कनिष्ठ वर्ग में पहले व दूसरे ग्रुप में क्रमसः अनीश, निखिल प्रथम कर्ण और सचिन द्वितीय स्थान पर रहे।

# महागौरी की उपासना को श्रद्धालु पहुंचे मां शूलिनी के दरबार


माता शूलिनी मंदिर में अष्टमी को दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर मां महागौरी की उपासना के लिए श्रद्धालु मां शूलिनी मंदिर में सुबह सवेरे ही माता रानी का आशीर्वाद लेने के लिए मंदिर पहुंचे। भक्तों ने मां को प्रसाद अर्पित किया और भजन-कीर्तन भी किया। पूरा सोलन शहर इन दिनों भक्ति के रस डूबा हुआ है। जहां मंदिर में भजन-कीर्तन माता को प्रसाद अर्पित किया जा रहा है, तो वहीं मंदिर परिसर के बाहर भी भंडारे आयोजित हो रहे हैं इसके साथ ही कांजिका पूजन के साथ आज नवरात्र व्रत भी पूरे होंगे। मंदिर में आए श्रद्धालुओं का कहना है कि नवरात्र का पावन पर्व चल रहा है। मां दुर्गा की कृपा पाने के लिए नवरात्र को सबसे शुभ अवसर माना जाता है। चैत्र नवरात्र के आठवें दिन आज मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा की जाती है। माना जाता है कुछ चीजों के बिना दुर्गा अष्टमी और नवमी की पूजा अधूरी मानी जाती है।

## त्रिलोकपुर मंदिर में 45 हजार ने लगाई हाजिरी

अनंत ज्ञान, नाहन

उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल महामाया श्री बाला सुंदरी मंदिर में सातवें नवरात्र के दिन 45 हजार श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता को 11 लाख 59 हजार 600 रुपए नकद अर्पित किए। साथ ही चांदी 1,624 ग्राम, सोना नौ ग्राम 800 मिलीग्राम भेंट किया। इन नवरात्र में अब तक पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों के लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन कर चुके हैं। वहीं, मंदिर न्यास तथा अन्य भक्तों ने मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की उचित व्यवस्था की है। जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए भंडारे आयोजित किए जा रहे हैं। महामाया श्रीबाला सुंदरी मंदिर न्यास त्रिलोकपुर द्वारा देश-विदेश के विभिन्न राज्यों से आने वाले भक्तों के लिए पार्किंग, ठहरने तथा भंडारे की उचित व्यवस्था की गई है।




# मेले हमारी समृद्ध-संस्कृति के प्रतीक

## डीसी ने जिला स्तरीय माता मनसा देवी मेले का किया शुभारंभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने जिला सोलन के धर्मपुर में मनसा देवी की पूजा-अर्चना कर तीन दिवसीय जिला स्तरीय माता मनसा देवी मेले का विधिवत शुभारंभ किया।

मनमोहन शर्मा ने समस्त क्षेत्रवासियों को माता मनसा देवी मेले की बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश में आयोजित होने वाले मेले हमारी समृद्ध-संस्कृति एवं परंपरा के प्रतीक हैं। माता मनसा देवी का यह मेला सभी की आस्था का भी प्रमुख केंद्र है। ऐसे मेलों के माध्यम से न केवल आपसी भाईचारे की भावना को बल मिलता है, बल्कि हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी यह अहम भूमिका निभाते हैं। हिमाचल प्रदेश के मेले एवं त्योहार अपने में अनूठे होते हैं और यह राज्य की समृद्ध-सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए हैं। हिमाचल में वर्ष भर उत्सव एवं त्योहार पूरे उत्साह के साथ मनाए जाते हैं। मेले और त्योहार लोगों में नव उर्जा का संचार करते हैं और हमें इनमें सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। डीसी ने कहा कि यह मेला जहां बाहरी राज्यों से आए पर्यटकों को हिमाचल की विशिष्ट देव संस्कृति से रू-ब-रू करवाता है, वहीं प्रदेश की आर्थिकी को भी संबल प्रदान करने में सहायक है। इस अवसर पर माता मनसा देवी मंदिर में डीसी द्वारा जागरण का भी शुभारंभ किया गया।


धर्मपुर में मनसा देवी मेले के शुभारंभ पर शीश नवाते डीसी मनमोहन शर्मा।

## न्यूज ब्रीफ

### महाष्टमी के अवसर पर बांटा खीर का प्रसाद



**अर्की।** अर्की मुख्यालय स्थित बस स्टैंड में महाकाली टैक्सी-मैक्सी ऑपरेटर यूनियन ने महाष्टमी के अवसर पर हलवा, चने और खीर के प्रसाद का वितरण किया। यूनियन के सचिव गोपाल चंद राजपूत ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से लगातार दुर्गा अष्टमी के दिन सभी लोगों को हलवा, चने और खीर के प्रसाद का वितरण करते आ रहे हैं।

### मतदाता जागरूकता अभियान से किया जागरूक



**बीबीएन।** नालागढ़ खंड के स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. नरेश कुमार की अध्यक्षता में लोगों को जागरूक करने के लिए सुव्यवस्थित निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत बाहा और कुंडलू पंचायत के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने कहा कि आने वाली लोकसभा चुनाव जो एक जून को हिमाचल में होने जा रहे हैं इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। स्वीप टीम के सदस्य देवेश शर्मा एवं रवि नंदन शर्मा ने लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हर एक व्यक्ति के मतदान की अहमियत है।

### कबड्डी में जियोंग कैथल की टीम रही विजेता

**बीबीएन।** दून हलके की भागुड़ी पंचायत के तहत शहीद नरेंद्र कुमार युवा मंडल बांध की ओर से एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि जिला भाजपा सचिव गुरमेल चौधरी ने शिरकत की, जबकि उनके साथ विशेषतौर पर दून भाजपा मंडलाध्यक्ष मान सिंह मेहता, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर व गोपाल चौधरी उपस्थित रहे। शहीद नरेंद्र कुमार युवा मंडल बांध के अध्यक्ष मुकेश वर्मा ने बताया के एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में जियोंग कैथल की टीम ने पट्टा महलोग को हराकर कबड्डी कप अपने नाम किया।।

### आज देईजी साहिब मंदिर में लगेगा भंडारा



**पांवटा साहिब।** श्री राम हनुमान सेवा समिति पांवटा साहिब की दशकों पुराने देईजी साहिब राम मंदिर में बैठक हुई, जिसमें रामनवमी के भंडारे व उत्सव के लिए चर्चा हुई। पार्षद मीनू गुप्ता ने बताया कि देईजी साहिबा मंदिर में भंडारे एवं रामनवमी के कार्यक्रम के लिए विस्तार से चर्चा की गई। मंदिर में 17 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी नगर वासियों से आग्रह किया कि रामनवमी के शुभ अवसर पर मंदिर में पधारे व भंडारा ग्रहण करें।

परवाणू में फैला डायरिया, मौसम में बदलाव के साथ अब जल जनित रोग बढ़ने की संभावनाएं बढ़ चुकी

# छह दिन में सामने आए 179 मामले

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

प्रदेश के प्रवेश द्वार परवाणू में डायरिया फैलने से लोग दहशत में हैं।



पिछले छह दिनों से क्षेत्र में 179 मामले सामने आ चुके हैं। मौसम में बदलाव के साथ-साथ अब जल जनित रोग बढ़ने की संभावनाएं भी काफी ज्यादा बढ़ चुकी हैं। ऐसे में चिकित्सकों ने पानी उबालकर पीने की सलाह दी है। जानकारी के मुताबिक बीते वीरवार से परवाणू में डायरिया के मामले सामने आए और विभाग ने भी तुरंत सतर्कता दिखाते हुए सभी स्वास्थ्य केंद्रों, उपस्वास्थ्य केंद्रों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए हैं, इसके साथ ही क्लोरिनेशन और सैंपलिंग का कार्य भी शुरू हो चुका है। स्वास्थ्य विभाग सोलन के स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमित रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि वीरवार से लेकर अभी तक डायरिया के 179 मामले सामने आ चुके हैं और अब स्थिति नियंत्रण में है।

### स्वास्थ्य विभाग लगातार कर रहा सैंपलिंग

स्वास्थ्य विभाग लगातार सैंपलिंग कर रहा है और वाटर क्लोरिनेशन भी जारी है अभी तक जितने भी मामले डायरिया के सामने आए हैं, उनमें से कोई भी मामला रेफर नहीं हुआ है और सभी का परवाणू अस्पताल में ही इलाज हो रहे हैं, जब मौसम में परिवर्तन होता है तो जल जनित रोग बढ़ने की संभावनाएं काफी ज्यादा बढ़ जाती है विभाग इसके लिए तैयार है और जो मामले परवाणू में सामने आए हैं उसको लेकर भी सैंपल जांच के लिए भेजे हैं, जैसे ही सैंपल की रिपोर्ट आ जाएगी तो वजह का भी पता चल जाएगा।

### डायरिया की रोकथाम के लिए उठाए जा रहे प्रभावी कदम : डीसी

**सोलन।** डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि जिले में जल जनित रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।



जिले के कुछेक क्षेत्रों में डायरिया के मामले सामने आने पर इसकी रोकथाम के दृष्टिगत सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। मंगलवार को प्रभावित क्षेत्रों में क्लोरिनेशन का कार्य जारी रहा और डायरिया के मामलों में भी कमी देखी गई है। औद्योगिक क्षेत्र परवाणू में डायरिया की रोकथाम के लिए अधिशाषी अभियंता हिमुडा को जल संसाधनों का क्लोरीनीकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष तौर पर जिन पेयजल भंडारण व स्रोतों के माध्यम से परवाणू और इसके आस-पास के क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति की जाती है, वहां विभागीय दलों की ओर से क्लोरिनेशन का कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग को डायरिया के दैनिक मामलों के संबंध में अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने विभाग को प्रभावित क्षेत्रों में ओआरएस पैकेट वितरित करने और आशा कार्यकर्ताओं की मदद से लोगों में जागरूकता फैलाने के भी निर्देश दिए।डायरिया की रोकथाम के लिए नगर परिषद परवाणू, कालका व अन्य निकटवर्ती स्थानों के माध्यम से परवाणू में पानी की आपूर्ति के लिए किराए पर लिए गए पानी के टैंकरों के पंजीकरण की भी जांच करवाई जा रही है। प्रभावित पंचायतों के सचिवों के सहयोग से डायरिया के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाने और डायरिया को फैलने से रोकने के लिए लोगों को अपने घरों में स्वच्छता और साफ-सफाई के लिए प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## कुमारहट्टी में ट्रक की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**सोलन।** थाना परवाणू के तहत कुमारहट्टी में एक व्यक्ति की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक पुनीत वर्मा निवासी गांव मुसलमाना, डाकघर धर्मपुर, तहसील कसौली, जिला सोलन ने शिकायत दर्ज करवाई कि लाल चंद निवासी सिहारड़ी मुसलमाना अपने बेटे से मिलने कुमारहट्टी गया था। अपने बेटे से मिलने के उपरांत पैदल अपने कमरे पर वापस आ रहा था, तो नौ बजे रात स्कूल कैंटीन के पास पहुंचा तो पीछे से ट्रक का चालक ट्रक को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए लाया तथा सड़क के किनारे पैदल चल रहे लाल चंद को टक्कर मार दी, जिससे ट्रक का आगे का टायर लाल चंद के शरीर के ऊपर से क्रास हो गया जिससे राम लाल की मौके पर ही मौत हो गई, जिस सदंर्भ में पुलिस थाना धर्मपुर में अभियोग अधीन धारा 279, 304 भारतीय दंड सहिंता में पंजीकृत कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। अभियोग में आगामी अंवेषण जारी है।

# 1500 के नाम पर 22 लाख महिलाओं का बनाया अप्रैल फूल : विनय गुप्ता

अनंत ज्ञान, नाहन

प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने 22 लाख महिलाओं के साथ धोखा किया है। यह आरोप सिरमौर भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता ने प्रेस वार्ता के दौरान सुक्खू सरकार पर लगाए।



सिरमौर भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

विनय गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव के दौरान जारी किए अपने घोषणा पत्र में पहली कैबिनेट में प्रदेश की 18 से 60 वर्ष की सभी महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह देने की घोषणा की थी। सरकार को बने 15 महीने से अधिक का समय हो गया है। मगर महिलाओं को 1500 रुपए नहीं मिल पाए हैं। अब लोकसभा चुनाव का दौर शुरू हो गया है, तो सुक्खू सरकार ने फिर से नीले रंग के फॉर्म भरवाने शुरू कर दिए हैं। उन्होंने हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रस्तुत किए अपने बजट में कहीं भी प्रदेश की महिलाओं के लिए 1500 रुपए दिए जाने के लिए बजट का प्रावधान नहीं किया।

बावजूद इसके मुख्यमंत्री ने पहली अप्रैल से प्रदेश की महिलाओं को 1500 रुपए देने की घोषणा कर दी। सरकार फिर से 1500 रुपए को लेकर जो फॉर्म भर रही है उसमें 10 से भी ज्यादा राइडर लगाए हुए हैं। यही नहीं जहां कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की सभी महिलाओं को 1500 रुपए देने का वादा किया था, अब उसकी जगह कैटेगरी बनाकर अन्य महिलाओं को उनके अधिकार से वंचित कर रहे हैं। शंका व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व में रही सरकार प्रदेश की पांच लाख महिलाओं को जो पेंशन दे रही थी मौजूदा सरकार ने उन्हीं महिलाओं के पैसे बढ़ाकर खाते में डाले हैं।

## एसएफआई ने मेडिकल कॉलेज नाहन में बांटे फल

**नाहन।** हिमाचल दिवस पर एसएफआई व भारत की जनवादी नौजवान सभा नाहन इकाई के द्वारा नाहन मेडिकल कॉलेज में विभिन्न वार्डों में दाखिल मरीजों को फल व जूस वितरित किया गया।

इस दौरान एसएफआई के अखिल भारतीय सचिवालय सदस्य व युवा नेता अमित ठाकुर, एसएफआई नाहन इकाई के सचिव अमृत सिंह, शिवांगी, निधि, पल्लवी, पलक और प्रशांत आदि लोग मौजूद रहे। आने वाले भविष्य में भी शहर के अंदर युवाओं व छात्रों की समस्याओं को लेकर तथा शहर की जनता के अलग-अलग मुद्दों को लेकर भारत की जनवादी नौजवान सभा शहर के विभिन्न संगठनों व बुद्धिजीवी लोगों से सलाह व सुझाव के अनुसार कार्य करती रहेगी।

# कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी पहले विधानसभा छोड़ें फिर लड़ें : विवेक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी पहले विधानसभा छोड़ें फिर लोकसभा लड़ें। हिमाचल में कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशियों का चयन हिजाब में फोटो खिंचाने जैसा प्रतीत हो रहा है।



मंडी लोकसभा सीट से कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह सरकार की विफलताओं व कार्यकर्ताओं के टूटे हुए उत्साह का व्याख्यान और भाजपा के संगठन की चर्चा मीडिया में कर चुकी हैं और वह यह भी कह चुकी हैं कि कांग्रेस के कार्यकर्ता अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं, जबकि उनके पुत्र उसी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। वह सरकार की कार्यप्रणाली पर नाराजगी दर्ज करते हुए मंत्रिमंडल से त्याग पत्र भी दे चुके हैं। अब विक्रमादित्य मंडी लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। आखिर कांग्रेस में कौन किसको निपटा रहा है यह राजनीतिक विद्यार्थियों के लिए शोध का विषय हो गया है। उधर, शिमला लोकसभा प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी जो आपदा के समय हवाई यात्रा में मुख्यमंत्री के साथ सेल्फियां लेते अपनी विधानसभा के ऊपर से उड़ रहे थे। उन्हें 15 महीने में दोबारा धरती पर उतरकर जनता का सामना करना होगा। ऐसी अपेक्षा उन्होंने भी नहीं की थी। शिमला लोकसभा क्षेत्र में 350 से अधिक संस्थान प्रदेश सरकार ने बंद किए हैं। जिन में स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, उपतहसील व पटवार सर्कल आते हैं, जिसका जवाब प्रत्याशियों को देव भूमि डोडराक्वार से गुरु भूमि पांवटा साहिब तक देना होगा।

# 105 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान, नाहन

श्री साईं हॉस्पिटल नाहन की ओर से जिला सिरमौर के नौरंगाबाद की गुर्जर कॉलोनी में मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 105 मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

इस दौरान नेत्र रोग एवं सामान्य रोग विशेषज्ञों ने मरीजों के स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ परामर्श की सेवाएं भी दीं। नेत्र जांच विशेषज्ञ ताहिरा खान ने मरीजों की आंखों की जांच की और आंखों की देखभाल के लिए जरूरी परामर्श दिया। साथ ही मेडिकल अफसर डॉ. यशपाल ने मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की। श्री साईं ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के निदेशक डॉ. दिनेश बेदी ने बताया कि हर ब्रांच में विभिन्न अनुभवी चिकित्सकों की ओर से निशुल्क शिविरों के माध्यमों से मुफ्त जांच एवं परामर्श सेवाएं दी जा रही हैं, ताकि सिरमौर के लोगों को किसी भी प्रकार की मेडिकल इमरजेंसी में सही मार्गदर्शन मिल सके। शिविर में मरीजों की शुगर व बीपी टेस्ट भी निशुल्क किए गए। साथ ही मरीजों को जरूरी दवाएं मुफ्त उपलब्ध की गईं। इसके साथ-साथ उचित दामों पर चश्में भी उपलब्ध करवाए गए हैं। श्री साईं अस्पताल में सभी इंश्योरेंस और सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है। डॉ. बेदी ने सिरमौरवासियों से आग्रह किया कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और नियमित जांच करवाते रहें, ताकि किसी भी गंभीर बीमारी से समय रहते बचा जा सके।

उचित दामों पर चश्में भी करवाए गए उपलब्ध

## घर में मतदान की सुविधा पर की चर्चा

**सोलन।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम (ना.) डॉ. पूनम बंसल ने डीसी कार्यालय भवन में बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) तथा बूथ स्तर अधिकारी पर्यवेक्षक के साथ 12डी फार्म के बारे में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में पात्र वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा बारे विस्तार से चर्चा की गई। बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र के 85 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के तथा दिव्यांग (40 प्रतिशत से अधिक) मतदाताओं की जानकारी एकत्रित करें, ताकि ऐसे मतदाताओं को पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।

# सुल्तानपुरी बताएं उनके पिता ने सिरमौर के लिए क्या किया : चंद्रमोहन

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब

भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री सिरमौर चंद्रमोहन ठाकुर ने जारी बयान में कांग्रेस पार्टी के नेता और कसौली के विधायक, जिनको शिमला संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है उनसे सवाल पूछा है कि आपके पिता को सिरमौर के लोगों ने भरपूर समर्थन देकर छह बार सांसद चुनकर लोकसभा भेजा पर सिरमौर की जनता के लिए इनका क्या योगदान रहा और कौन-कौन से विकास के कार्य उन्होंने अपने कार्यकाल में किए।

वो भी जनता के बीच में जरूर साझा करें, जब वो सिरमौर के प्रवास पर आएंगे तो लोग उनसे जरूर सवाल करेंगे। 1980 से 1998 तक स्वर्गीय केडी सुल्तानपुरी लोकसभा के सांसद रहे।

### अंधकार में धकेला भविष्य

मैं सुल्तानपुरी से पूछना चाहता हूं कि उन्होंने 1967 से चली आ रही हाटी के जनजातीय मुद्दे के विषय पर कितनी बार वह केंद्रीय नेतृत्व में मिले। उनके पिता जी का योगदान हाटी के विषय पर शून्य रहा। विनोद सुल्तानपुरी ने एक बार भी आवाज नहीं उठाई जब सुक्खू सरकार हाटी की फाइल को दबाकर बैठ गई थी। सिरमौर के युवाओं का भविष्य इस कांग्रेस ने अंधकार में धकेलने का काम किया है। आज उन युवाओं का समय भी आ गया है।

# क्रिकेट में दाड़लाघाट ने जीती ट्रॉफी

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

अदानी समूह की ओर से उत्तर क्षेत्र क्रिकेट प्रतियोगिता में दाड़लाघाट टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। पंजाब के रोपड़ अंबुजा सीमेंट के सौजन्य आयोजित की गई प्रतियोगिता में करीब नौ टीमों ने हिस्सा लिया।

क्रिकेट प्रतियोगिता में विजय रही दाड़लाघाट टीम का वेज बोर्ड कॉलोनी में पहुंचने पर वेज बोर्ड की महिला क्लब की टीम ने स्वागत किया। इसके पश्चात वेज बोर्ड कॉलोनी से पैदल चलकर एक साथ ऑडिटोरियम में पुन: समस्त अंबुजा परिवार ने मालार्पण किया। इससे पहले विश्वेश्वर महाराज के मंदिर में जाकर विजेता खिलाड़ियों ने आशीर्वाद लिया। क्रिकेट मैच जितने के बाद सीएमओ मुकेश सक्सेना ने कहा इस प्रकार खेलकूद के आयोजन और अन्य अनेक प्रकार के कार्यक्रम होते रहेंगे और इसमें सभी भाग लें सकेंगे। स्थानीय लोगों के लिए भी सामाजिक कल्याण की योजना के तहत उद्योग और सरकार सांझा प्रयास करके सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम के दौरान समस्त खिलाड़ियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। इकाई प्रमुख राजेंद्र कुर्मी ने कहा कि खेल मैदान की समस्या जो है, उसके लिए शीघ्र खेल मैदान के लिए आश्वासन दिया। राणा ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में यदि टीम वर्क हो तो हम बड़े से बड़े कार्य कर सकते हैं। सीएसओ पदम सिंह और प्रमुख कमर्शियल अवतार सिंह ने भी विजेता टीम को बधाई दी।


दाड़लाघाट की टीम ट्रॉफी के साथ।

**आयोजन** बैसाखी मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में खूब नाचे दर्शक, सुरेंद्र पूर्व न्यायाधीश हिप्र उच्च न्यायालय रहे मुख्यातिथि

# कुलदीप सिंह और गीता भारद्वाज के गानों पर नाचा राजगढ़

रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़

सिरमौर के राजगढ़ का प्रसिद्ध एवं पारंपरिक तीन दिवसीय जिला स्तरीय बैसाखी मेले के समापन अवसर पर अंतिम सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल के प्रसिद्ध कलाकार कुलदीप शर्मा, गीता भारद्वाज, अरुण जस्टा, रघुवीर ठाकुर, हेमंत शर्मा, वर्षा चौहान और राजेंद्र वर्मा ने अपनी मधुर एवं सुरीली आवाज से दर्शकों को खूब नचाया।

इससे पूर्व स्थानीय कलाकारों ने भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में सुरेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व न्यायाधीश हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। ठाकुर ने मेले की बधाई देते हुए कहा कि उत्सव, मेले और त्योहार हमारी प्राचीन समृद्ध-संस्कृति के द्योतक हैं। हमारी संस्कृति विशुद्ध संस्कृति है, जो भारतीय संस्कृति की पहचान है और विशेषकर सिरमौर की संस्कृति प्रदेश की संस्कृति से अलग है और इसकी अपनी अलग पहचान है।

उन्होंने सिरमौर की संस्कृति को संजोए रखने के लिए राजगढ़ वासियों सहित सिरमौर वासियों को भी बधाई दी। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने मेला समिति द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी किया। इससे पूर्व अध्यक्ष मेला कमेटी एवं एसडीएम राजगढ़ राज कुमार ने मुख्यातिथि सुरेंद्र सिंह का स्वागत करते हुए शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)


बैसाखी मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में नाटी किंग कुलदीप शर्मा प्रस्तुति देते।

## दिल्ली के रोहित ने जीता बड़ी माली का खिताब

**राजगढ़।** सिरमौर-सोलन व शिमला जनपद के प्रसिद्ध आराध्य देव शिरगुल महाराज के नाम पर लगने वाला तीन दिवसीय श्री शिरगुल देवता जिला स्तरीय बैसाखी मेला विशाल दंगल के साथ संपन्न हुआ। इस दंगल में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल के प्रसिद्ध अखाड़ों के पहलवानों ने भाग लिया। इस दंगल में दिल्ली के रोहित पहलवान ने बड़ी माली अपने नाम की प्रथम पुरस्कार के रूप में 27 हजार रुपए की नकद राशि मेला कमेटी की ओर से दी गई, जबकि उपविजेता रहे हरियाणा के राकेश पहलवान को 24 हजार रुपए पुरस्कार के रूप में दिए गए। इसी तरह सिरमौर जिले के मरयोग के बीर सिंह पहलवान ने छोटी माली अपने नाम की बीर सिंह को मेला कमेटी की ओर से 12 हजार रुपए तथा मरयोग के ही उपविजेता रहे मनू को नौ हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया।



अनंत ज्ञान
सुपर मॉल क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# विभिन्न मिलिट्री इंटेलिजेंस ट्रेनिंग स्कूलों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आर्मी ट्रेनिंग कमांड इंब्रेस्ट्रीचर सेरेमनी शिमला में आयोजित की गई। प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने वालों में मिलिट्री इंटेलिजेंस ट्रेनिंग स्कूल एंड डिपो, पुणे, आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एंड कॉलेज, लखनऊ, कोर ऑफ मिलिट्री पुलिस सेंटर एंड स्कूल, बैंगलोर, आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल ट्रेनिंग, पुणे, जूनियर लीडर्स एकेडमी, बरेली शामिल हैं।

वॉरगेमिंग डेवलपमेंट सेंटर, नई दिल्ली और स्पेशल फोर्स ट्रेनिंग स्कूल, बकलोह इन प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों ने भारतीय सेना के प्रशिक्षण मानकों को बढ़ाने और 21 वीं सदी के लिए एक मजबूत बनाने में असाधारण योगदान दिया है। शिमला में आयोजित समारोह में आर्मी कमांडर ने प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों की ओर से सूबेदार मेजर के साथ कमांडेंट को यूनिट की सराहना मिली। इसके अलावा, चार प्रशिक्षण संस्थानों में मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, महू, जूनियर लीडर्स एकेडमी, बरेली, कोर ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग, पुणे और वारगेमिंग डेवलपमेंट सेंटर, नई दिल्ली को वित्तीय उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। व्यक्तिगत श्रेणी में, मिलिट्री इंजीनियरिंग कोर, पुणे के लेफ्टिनेंट कर्नल जेके वर्मा, मिलिट्री कॉलेज ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिकंदराबाद की मेजर प्रीति मुडेला और मेजर टी इरोम, आर्मी एयरबोर्न ट्रेनिंग स्कूल, आगरा के मेजर अतुल पठानिया, मेजर गुरपाल सिंह मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन एंड इंजीनियरिंग, महू, नायब सूबेदार सुनील पाटिल, इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल इंजीनियरिंग स्कूल, वडोदरा और सिम्युलेटर डेवलपमेंट डिवीजन, सिकंदराबाद के सीएफएन राहुल परमार को उनके नवाचारों के लिए तकनीकी उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# कालीबाड़ी मंदिर में दुर्गा अष्टमी की धूम

## मंदिर में सुबह से दिनभर लगी रही लंबी-लंबी कतारें; कन्याओं का पूजन कर लिया मां का आशीर्वाद, हजारों भक्तों ने प्रसाद किया ग्रहण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में महा अष्टमी के अवसर पर कन्याओं का पूजन किया गया। शिमला स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ कालीबाड़ी मंदिर में अष्टमी के दिन मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी-लंबी कतारें दिखी। महाष्टमी के अवसर पर मंदिर में कन्याओं का पूजन किया गया और छोटी बच्चियों को कपड़े, चूड़ियां और मिठाई भेंट की गई। शहरवासियों से ज्यादा बाहरी राज्यों से शिमला घूमने आए सैलानी मंदिर में माथा टेकने पहुंचें।

**भक्तों ने कन्या पूजन करने के बाद खोले व्रत**

काली बाड़ी मंदिर शिमला में सुबह पांच बजे से श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर में मां की पूजा-अर्चना करने के बाद कंजक पूजन भी किया गया। भक्तों ने माता के दर्शन के साथ कन्याओं का पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं, कई श्रद्धालुओं ने मंदिर में नवरात्र पर रखे व्रत कन्या पूजन करने के बाद खोले। ऐसे में प्रसिद्ध शक्तिपीठ

कालीबाड़ी मंदिर व तारा देवी मंदिर में अष्टमी पर कन्या पूजन किया गया। कतारों में बैठी कन्याओं को श्रद्धालुओं ने भोजन करवाकर सुख-समृद्धि की कामना की।नवरात्र में मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा की जाती है।मान्यता है कि महाष्टमी के दिन मां महागौरी की विधि-विधान से पूजा करने से भक्तों के कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूरी होती हैं।



दुर्गा अष्टमी पर मंदिर में मां का आशीर्वाद लेते भक्त



कन्या-पूजन के लिए पहुंची बच्चीयां

### दुर्गा अष्टमी पर शिमला में जगह-जगह लगाई छबील

**नवरात्र** में अष्टमी को बहुत शुभ माना जाता है। इस अवसर पर शिमला में जगह-जगह छबील लगाई गई। हजारों श्रद्धालुओं ने मिलकर माता का प्रसाद ग्रहण किया। नवरात्र में कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं रहता है। इस नवरात्र में हिंदुओ को नववर्ष आने की खुशी होती है। इस दौरान पूरा दिन मंदिरों मे चलते रहे भजन-कीर्तन।

### ऊपर की और की चलेगा एस्कलेटर

**अष्टमी,** नवमी और हनुमान जयंती पर केवल एक दिशा में ऊपर की ओर ही चलाए जाएंगे। इसमें उपमंडल दंडाधिकारी शिमला शहरी भानु गुप्ता ने लिखित आदेश जारी किए हैं। 16,17 और 23 अप्रैल हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ होने की आशंका रहती है। इसके चलते मंदिर परिसर में लगे एस्कलेटर इन दिनों केवल ऊपर की ओर ही चलाए जाएंगे। ऊपर से नीचे की ओर आने के लिए भक्तों को पैदल मार्ग का उपयोग करना होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ठियोग में 35.8 ग्राम चरस सहित एक धरा

**ठियोग।** नशे के खिलाफ छड़ी गई महिम के तहत उपमंडल के रही घाट में गश्त के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति से 35.8 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस पार्टी रही घाट में रूटीन चेकिंग पर ठीक थी। इस दौरान खेम राज वर्मा उम्र 47 वर्ष पुत्र प्रेम सिंह वर्मा निवासी ग्राम जुगो ठियोग के कब्जे से 35.8 ग्राम चरस बरामद की गई। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस द्वारा धारा 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### किसी भी वादे को पूरा नहीं कर रही कांग्रेस सरकार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की वर्तमान सरकार ने अपने कोई भी वादे पूरे नहीं किए। वह केवल लोगों से झूठे वादे करके जीती है। भाजपा की पूर्व महामंत्री एवं विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि महिला विरोधी तो केवल मात्र कांग्रेस पार्टी है, जहां उनके वरिष्ठ नेताओं के बयान इस बात का सबूत देते हैं और उनके मुख्यमंत्री एवं सरकार इस बात की पुष्टि करती है। अगर उनकी नियत सही होती तो पहले से सरकार बनते ही यह प्रति महा 1500 रुपए महिलाओं को कांग्रेस सरकार देना शुरू कर देती। पर उनकी नियत ही साफ नहीं थी, नियत में खोट था इसलिए जब वह सत्ता में आए तो उनका किया गया वादा की पहली कैबिनेट में ही हम 1500 रुपए महिलाओं को देना शुरू कर देंगे वह आज तक पूरा नहीं हो पाया।

### भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता की ग्रहण

**रोहड़ू।** जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के उबादेश क्षेत्र की ग्राम पंचायत कलबोग से संबंध रखने वाले आशू कटोच (नहोरा), राजिंद्र(नहोरा), राजकुमार (रतनाड़ी-संदरनगर) ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आशू कटोच, राजिंद्र, राजकुमार का माला पहनाकर कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने सभी का कांग्रेस पार्टी पर विश्वास व्यक्त करने के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास दिलाया है कि सभी को कांग्रेस पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता नरेंद्र डोगरा, सुनील राजटा व हिमाचल प्रदेश के लोक गायक विक्की राजटा भी मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने हमेशा किया ठगने का कामः बिंदल




**रिकांगपिओ।** मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल किन्नौर दौरे पर रहे। भावानगर में आयोजित निचार मंडल भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में जनता को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कांग्रेस ने हमेशा जनता को ठगने का काम किया और उनका ठगने का काम अभी भी जारी है। अगर किसी को झूठ बोलना सीखना है तो कांग्रेस के नेताओ से सीख लेना चाहिए। बिंदल ने कहा की केंद्र में कांग्रेस का दस साल का कार्यकाल दुशासन और भाजपा का दस साल का कार्यकाल सुशासन के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि जन सेवा भाजपा की प्रतिबद्धता है। आयुष्मान भारत और हिम केयर से हिमाचल के लाखों लोगों को बड़ा फायदा मिला है और अब आने वाली भाजपा भाग-3 केंद्र सरकार में इस योजना का दायरा भी बढ़ाया जाएगा। भाजपा के पास एक राष्ट्र-एक चुनाव योजना को लेकर सकारात्मक सुझाव आए हैं। अगर हम इस रिपोर्ट को लागू कर पाए तो देश को बहुत फायदा होगा।

### अधिकारी ईमानदरी से करें अपनी ड्यूटीः अवस्थी

**शिमला।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष मुख्य संसदीय सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चुनाव वॉर रूम के अध्यक्ष संजय अवस्थी ने वॉर रूम के सभी पदाधिकारियों से अपने अपने दायित्व का पूरी ईमानदारी से निर्वाह करने का आग्रह करते हुए कहा है कि उन्हें फील्ड में डटे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पूरा समन्वय बना कर हर रोज इसकी जानकारी उन्हें देनी होगी, जिससे किसी भी कमी को समय रहते दूर किया जा सकें। वॉर रूम के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक में उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी दिशानिर्देश अक्षरशः लागू किए जाएं। संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी जिला अपने अपने ब्लॉकों के साथ हर बूथ की निगरानी करते हुए बूथ एजंटों से पूरा तालमेल रखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वॉर रूम के अपने अपने प्रभारियों के संपर्क में रहेंगे।

# शिमला में ग्रीन फीस वसूलने के लिए अभी लगेगा और टाइम

## नगर निगम को सालाना होगी 12 करोड़ रुपए की आय, तैयारियां जोरों पर

**आशिम वैरागी, शिमला**

राजधानी शिमला में ग्रीन फीस लेने के लिए अभी और समय लगने वाला है। नगर निगम शिमला को ग्रीन फीस से लगभग 12 करोड़ की इनकम हो सकती है। नगर निगम ने शहर में बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों से ग्रीन फीस वसूलने का फैसला लिया था। निगम को इससे सालाना 12 करोड़ रुपए के लगभग आय होने की उम्मीद थी।

पहले निगम ने इसे लागू कर दिया था, लेकिन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से सड़कों पर बैरियर लगाने की अनुमति न मिलने के कारण ये योजना बंद करनी पड़ी थी। अब निगम ने इसे एप के माध्यम से लागू करने की तैयारी की थी। इसके लिए एक कंपनी ने निगम को प्रस्ताव भी दिया था। कंपनी की ओर से इस सप्ताह निगम के अधिकारियों को एक प्रस्तुति ऐप की, लेकिन इसमें फिलहाल सभी वाहनों से ग्रीन फीस वसूलना मुश्किल है, जो शहर में किसी होटल या पार्किंग में नहीं जाएंगे। इसलिए निगम के अधिकारियों ने कंपनी को निर्देश दिए हैं कि वे पूरी तरह से फूलप्रूफ ऐप तैयार करें, ताकि हर वाहन से ऑनलाइन फीस ली जा सके। कंपनी को अब फिर से ऐप तैयार करना होगा। (अनंत ज्ञान)

### जल्द होगा नया प्लान तैयार

**शिमला** शहर में पहले एक बार ग्रीन फीस वसूलने के लिए बैरियर लगाए गए। इससे ग्रीन फीस तो एकत्रित की जा रही थी लेकिन लोकल लोगों को इससे परेशानी आई। इसकी वजह से ग्रीन फीस का प्लान फेल हो गया। उसके बाद नया प्लान तैयार किया जा रहा है।



नगर निगम शिमला का फाइल फोटो

> अभी कंपनी को एप पर और काम करना होगा। इसमें काफी खामियां हैं। कंपनी इसे अपडेट करती है तो बाद में फिर से प्रस्तुति देखी जाएगी।बिना बेरियर ग्रीन फीस लेना मुश्किल होता है। शिमला में एंटर होने के लिए नहीं बल्कि अनेक रास्ते है इसलिए थोड़ी मुश्किलें नजर आ रही है।
>
> **-भूपेंद्र अत्री, आयुक्त, नगर निगम, शिमला**

# रोहड़ू में एक हजार गन लाइसेंस होल्डरों ने जमा नहीं करवाए हथियार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहड़ू**

रोहड़ू उपमंडल के 2200 गन लाइसेंस धारक है। इसमें संबंधित थानों के मालखाने में अब तक 1200 गन (हथियार) ही जमा हुए है। जबकि देश में चुनाव आचार संहिता को लागू एक माह का समय होने जा रहा है। कहीं न कहीं अब रोहड़ू में भी किन्नौर जैसे हादसे की आशंका रोहड़ू में हो गई है।

नियम के मुताबिक चुनाव आचार संहिता लागू होते ही लोगों को तुरंत प्रभाव से अपने हथियार पुलिस थानों के मालखाने में जमा करने का आदेश जारी होता है। इसका पालन करना पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी का अहम हिस्सा भी है। वहीं, पुलिस ने इस लेटलतीफी के चलते उन सभी गन होल्डरों पर मुकदमा दर्ज करने की चेतावनी जारी कर दी है। इसके पास लाइसेंस है। पुलिस के मुताबिक उन्होंने गन लाइसेंस धारकों को हथियार जमा करने के निर्देश ग्राम पंचायतों के माध्यम से दी है। अपने बीट कांस्टेबल के माध्यम से हथियार जमा करने के निर्देश जारी किए है। इसके अलावा भी प्रचार के हर माध्यम से लोगों को बार बार आग्रह किया जा रहा है। हथियार जमा नहीं करेंगे तो पुलिस में मामला दर्ज करने के सिवाय कोई मार्ग शेष नहीं रहेगा। लेकिन इसके बावजूद भी लोग अपने पास रखे हथियार को जमा नहीं कर रहे है।

### हथियार जमा न करवाने पर अब होगा केस दर्ज

**अतिरिक्त** थाना प्रभारी रोहड़ू पंकज शर्मा ने बताया कि रोहड़ू में 2200 गन होल्डर पंजीकृत है। इसमें 1200 गन होल्डर ने अपने लाइसेंस जमा करवाए है। जिन्होंने अपने हथियार जमा नहीं किए है, उनके खिलाफ अब पुलिस थाना में मामला दर्ज कर दिया गया है।

# कचरे के ढेरों से मिली राहत, डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्शन के आने लगे परिणाम

**सपना सूद, नेरवा चौपाल**

नगर पंचायत नेरवा में नगर पंचायत द्वारा छेड़ी गई स्वच्छता मुहिम धीरे धीरे अपना रंग दिखने लगी है। नगर पंचायत की इस मुहिम से नगरवासियों को नेरवा बाजार और शालवी नदी के किनारे कचरे के ढेरों से राहत मिल रही है। नगर पंचायत द्वारा पिछले दस महीने से घर द्वार से कूड़ा उठवाने के परिणाम भी सामने आने लगे है।

इससे लोगों को नेरवा में कूड़े की समस्या से छुटकारा मिलने की आस बंधी है। घरों से कूड़ा उठाने के आलावा नगर पंचायत ने कचरे के निस्तारण की गंभीर समस्या को लेकर भी कुछ गंभीर कदम उठाए है। पूर्व में लोग शालवी नदी के किनारे और शहर में लगे कूड़े के ढेरों को लेकर अपनी परेशानी को प्रशासन के समक्ष उठाते आए है। नेरवा की इस गंभीर समस्या को देखते हुए नगर निगम ने स्वच्छता को लेकर योजना के तहत कार्य शुरू कर दिया है। नगर पंचायत द्वारा डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्रित करवाने के बाद अब लोगों द्वारा बाजार व गलियों में फेंके जाने वाले कचरे में भी काफी हद तक कमी आई है। नगर पंचायत अध्यक्ष बबिता तंगड़ाइक ने बताया कि नगर पंचायत में पहले सचिव का पद रिक्त था, जिस वजह से नगर पंचायत के कई महत्वपूर्ण कार्य लटके पड़े थे। इस पद पर एक महीना पहले ही नियुक्ति हुई है, परंतु इसके बाद आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण नए कार्यों के टेंडर आदि लगाने के कार्य भी रुक गए है। आचार संहिता हटने के बाद नए कार्यों के टेंडर लागाए जाएंगे।

कूड़ा-कर्कट निस्तारण के लिए नगर पंचायत द्वारा जगह का चयन कर लिया गया है। इस स्थान पर शेड बना कर कचरे को एकत्र करने के बाद बायोडीग्रेबल और नॉन बायोडीग्रेबल कचरे को अलग कर इसका निस्तारण किया जाएगा। इस कार्य के लिए भी अलग से टेंडर लगाए जाएंगे।

बबिता तंगड़ाइक ने कहा कि नगर पंचायत द्वारा न केवल डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्रित करने की व्यवस्था की गई है तथा साथ ही नगर पंचायत बनने से पूर्व शालवी नदी और बाजार में इधर-उधर लगे कूड़े कचरे के ढेरों को भी एकत्रित करवाया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)




नगर पंचायत नेरवा में एकत्रित किया हुआ कूड़ा।

### नगरवासियों से नहीं लिया जा रहा कोई शुल्क

**उन्होंने** बताया कि बाजार व घरों से सूखा व गीला कचरा अलग-अलग एकत्रित करने के लिए नगर पंचायत ने पिच्यानवे हजार मासिक पर ठेका दिया गया है। नगर पंचायत द्वारा इस कार्य को शुरू किए दस माह हो चुके है एवं अधिकांश लोग इस कार्य में सहयोग कर रहे है। कूड़ा एकत्रीकरण के लिए फिलहाल नगरवासियों से कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है।

> **सभी** नगरवासी घरों से कूड़ा एकत्र करने वालों को सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग देकर नेरवा को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।
>
> **-बबिता तंगड़ाईक**
> **नप अध्यक्षा, नेरवा**



**सुन्नी।** एसजेबीएन फाउंडेशन के सौजन्य से खैरा और चैवड़ी के ग्रामीणों के नेत्री की जांचा करवाई गई तथा आंखों के ऑपरेशन करवाए गए। चैवड़ी के प्रधान चविंद्र पाल ने बताया की इस नेत्र जांच कार्यक्रम के दौरान लगभग 390 ग्रामीणों के नेत्रों की जांच की गई और 21 ग्रामीणों के आंख के ऑपरेशन किए गए। उन्होंने बताया की फाउंडेशन की और से पालमपुर के मरंडा स्थित मेला माल रोटरी आई हॉस्पिटल में निशुल्क ऑपरेशन और जांच करवाई गई ।

# आवश्यक सेवाओं से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी पोस्टल बेल्ट सुविधा से कर सकेंगे मतदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोकसभा चुनाव के आते ही पूरे देशभर में तैयारी चली हुई है। राजधानी शिमला के उपायुक्त कार्यालय में मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने बचत भवन में निर्वाचन विभाग द्वारा बैठक का आयोजन किया।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान आठ विभागों के आवश्यक सेवाओं से जुड़े अधिकारी व कर्मचारियों के लिए मतदान की पोस्टल बेल्ट सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। आठ विभागों के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, एंबुलेंस सेवा, परिवहन विभाग से ड्राइवर तथा कंडक्टर, जल शक्ति विभाग से पंप ऑपरेटर तथा टर्नर, विद्युत बोर्ड से इलेक्ट्रीशियन तथा लाइनमैन, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत मीडिया कर्मी, मिल्क फेडरेशन के दूध वितरण सेवा से संबंधित कर्मचारी, जेल स्टाफ तथा अग्निशमन विभाग के कर्मचारी स्वेच्छा से पोस्टल बेल्ट के माध्यम से मतदान की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।



बैठक के दौरान अधिकाररियों से बातचीत करते उपायुक्त।

### डुप्लीकेट फॉर्म भरकर देना अनिवार्य

**छह** विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव होने हैं वहां के लिए डुप्लीकेट फॉर्म 12 डी भरकर देना होगा, ताकि उसके लिए अलग से पोस्टल बैलट की सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। अनुपम कश्यप ने नोडल अधिकारियों को सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पत्र व्यक्ति सूचि में शामिल होने से छूटे न।

# लोकसभा चुनाव के लिए वॉर रूम का किया गठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने लोकसभा चुनाव के लिए वॉर रूम का गठन किया है। कांग्रेस सचिव व प्रशिक्षण विभाग के अध्यक्ष हरि कृष्ण हिमराल को इसका उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राजीव शुक्ला, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कुलदीप राठौर, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव गोकुल बुटेल, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी, मीडिया सलाहकार नरेश चौहान का आभार व्यक्त किया है। हाईकमान द्वारा चुनी गई पूरी टीम संगठन के अनुभवी और समर्पित पदाधिकारी हैं। हिमराल 2022 के विधानसभा चुनावों में संगठन को अपनी प्रभावी और ईमानदार जिम्मेदारियां दे चुके हैं। 2021 के 3 विधानसभा सीटों और एक लोकसभा सीट के लिए हुए उपचुनावों में वॉर रूम का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया है।

**बैठक** | बैठक के दौरान फोरलेन के लिए फेस-1 की निर्माणाधीन टनल को लेकर डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# कंपनी करे ब्लास्टिंग मैटीरियल का सही रखरखावः उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आज यहां राष्ट्रीय उच्च मार्ग-पांच पर कैथलीघाट से शकराल गांव तक लगभग 18 किलोमीटर निर्माणाधीन फोरलेन पर फेस-1 में कैथलीघाट शुंगल से गोरोकवां तक मैसर्स सैमन इंफ्राकॉर्प द्वारा निर्मित की जा रही टनल में ब्लास्टिंग एवं कंपन से होने वाले दुष्प्रभाव से निपटने के लिए बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि कैथलीघाट से शकराल गांव तक लगभग 18 किलोमीटर निर्मित की जा रही फोरलेन शिमला शहर से कुछ ही दूरी पर निर्मित की जा रही है जिस कारण स्थानीय पंचायत क्षेत्र में धूल, मिट्टी तथा पर्यावरण की समस्या होने के साथ-साथ शिमला शहर व आसपास का क्षेत्र भी प्रभावित हो सकता है, इसलिए टनल का निर्माण निर्धारित मापदंडों के तहत किया जाना अनिवार्य है।

उन्होंने कंपनी अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियम 92 एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत टनल के निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले ब्लास्टिंग मैटीरियल का सही रखरखाव, संरक्षण एवं भंडारण सुनिश्चित करने के साथ-साथ निर्माण कार्य में लगे कामगारों/इंजिनियरों की प्रतिदिन सभी शिफ्टों की ड्यूटी का पंजीकरण, फोटो एवं विडियोग्राफी, सायरन बजाना, पर्यावरण नियंत्रण, अग्निशमन उपकरण व्यवस्था करना, काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा जूते, हेल्मेट आदि जैसे सुरक्षा उपकरण प्रदान करना तथा आपातकाल के समय कंपनी द्वारा प्राथमिक चिकित्सा सुविधा प्रदान करना, जिसमें एम्बुलेंस की व्यवस्था भी शामिल हो, सही मापदंडों एवं अनुमोदित प्लान के तहत अनिवार्य है, जिसकी निगरानी एवं समय-समय पर निरीक्षण के लिए उपायुक्त ने एडीएम कानून एवं व्यवस्था, एसडीएम शिमला ग्रामीण तथा खनन अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप।

### बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद

**इस** अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रोटोकॉल ज्योति राणा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कानून एवं व्यवस्था अजीत भारद्वाज, उपमंडलाधिकारी शिमला शहरी भानू गुप्ता, उपमंडलाधिकारी शिमला ग्रामीण कविता ठाकुर, मैसर्स सैमन इंफ्राकॉर्प के अधिकारी व अन्य अधिकारी रहे मौजूद।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल से लिया अनिश्चितकालीन ब्रेक



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने बल्लेबाजी में अपनी खराब फॉर्म के चलते इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से अनिश्चितकालीन 'मानसिक और शारीरिक' ब्रेक लेने का फैसला किया है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को आरसीबी के मैच के लिए मैक्सवेल को अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया था। इसका कारण मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच के दौरान लगी ऊंगली की चोट बताया गया था, लेकिन बाद में मैक्सवेल ने खुद को टीम से बाहर करने की बात स्वीकार कर ली।

### पाउला बडोसा का स्टुटगार्ट पोर्शे ग्रां प्री में मुकाबला आर्यना सबालेंका से



**स्टुटगार्ट (जर्मनी)।** पाउला बडोसा ने डायना श्नाइडर पर 6-3, 6-4 की जीत से स्टुटगार्ट पोर्शे ग्रां प्री टेनिस प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया जिसमें उनका सामना दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से होगा। सबालेंका स्टुटगार्ट में पिछले तीन साल से उपविजेता रही हैं। वह 2021 में फाइनल में क्रमशः पूर्व नंबर एक एश्ले बार्टी तथा 2022 और 2023 के फाइनल में मौजूदा नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक से हार गई थीं।

### विजडन ने कमिंस और ब्रंट को विश्व के अग्रणी क्रिकेटरों में किया नामित

**नई दिल्ली।** विजडन क्रिकेटर्स अलमनैक के मंगलवार को प्रकाशित 2024 संस्करण में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस और नैट साइवर-ब्रंट को विश्व के अग्रणी क्रिकेटरों में नामित किया गया है, जबकि ट्रैविस हेड ने विजडन ट्रॉफी जीती है, जो पिछले कैलेंडर वर्ष के दौरान टेस्ट मैच में किसी पुरुष या महिला द्वारा उत्कृष्ट व्यक्तिगत प्रदर्शन के लिए प्रदान की जाती है। हेड को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारत के खिलाफ उनके 163 रन के लिए विजडन ट्रॉफी दी गई है, जबकि हेली मैथ्यूज को दुनिया की अग्रणी टी-20 क्रिकेटर नामित किया गया है।इसके अलावा टॉप-5 क्रिकेटर्स की सूची भी जारी की गई है जिसमें मिशेल स्टार्क, उस्मान ख्वाजा, एश्ले गार्डनर, हैरी ब्रूक और मार्क वुड शामिल हैं।

### पुलिस का खुलासा
## सलमान के घर की तीन बार रेकी, पांच बार की फायरिंग



**मुंबई।** मुंबई में अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए दोनों लोगों ने घटना से पहले तीन बार इस जगह की 'रेकी' की थी। बिहार निवासी विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) रविवार को तड़के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में खान के घर के बाहर गोली चलाने के बाद से फरार थे। गुजरात पुलिस की मदद से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों आरोपियों ने सलमान खान के घर की एक या दो बार नहीं, बल्कि तीन बार रेकी की थी, जिसके आधार पर अभिनेता के घर के बाहर फायरिंग करने का प्लान बनाया गया। पुलिस के मुताबिक, मुंबई में आरोपी जिस घर में ठहरे हुए थे, वहां किराए के लिए दस हजार रुपए जमा कराए थे, जबकि घर का किराया मात्र 35,00 रुपए था। वहीं दिनों आरोपितों को मंगलवार को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 10 दिनों तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। आज इन दोनों को पुलिस मुंबई लाई और जेजे अस्पताल में मेडिकल जांच करवाकर दोनों को मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में पुलिस ने इन दोनों की 14 दिनों के लिए पुलिस हिरासत की मांग की लेकिन कोर्ट ने सिर्फ 10 दिन तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

### गृह मंत्रालय के नॉर्थ ब्लॉक के दूसरे तल पर लगी आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में गर्मी के बीच आग लगने की घटनाएं हर रोज सामने आ रही है। इसी बीच गृह मंत्रालय के नॉर्थ ब्लाक में मंगलवार सुबह अचानक आग लग गई, जिसके चलते हड़कंप मच गया। आग दूसरे तल पर लगी थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि आग से कार्यालय में रखे फर्नीचर, फोटोकॉपी मशीन, एसी और पंखे जल गए।

### केजरीवाल के शुगर लेवल की जांच की मांग पर ईडी को नोटिस

नई दिल्ली। तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शुगर लेवल की नियमित जांच की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर राऊज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया है। राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मामले की अगली सुनवाई 18 अप्रैल को करने का आदेश दिया।

### पटना में भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

**पटना।** राजधानी पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के रामलखन पथ पर विषण सड़क हादसा हुआ। इस सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। पटना के न्यू बायपास स्थित राम लखन पथ एनएच- 30 पर यात्री लेकर जाती एक ऑटो अनियंत्रित होकर मेट्रो का काम कर रही हाइड्रा क्रेन से टकरा गई। ऑटो में कुल आठ लोग सवार थे, जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई। दो बच्चों सहित युवक और महिलाओं की मौत हुई है। घटना के बाद ऑटो चालक फरार हो गया। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। पुलिस ने सातो शवों को पीएमसीएच पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि निजी अस्पताल में इलाजरत मुकेश कुमार साहनी 29 वर्षीय मोतिहारी के रहने वाले हैं जो अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ ऑटो में सवार थे।

---

**आईपीएल-2024**

### कैपिटल्स को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए कमियों में सुधार करना होगा

# गुजरात के खिलाफ लय हासिल करने उतरेगी दिल्ली

**एजेंसी, अहमदाबाद**

**निरंतरता** हासिल करने की कोशिश में जुटी गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स दोनों ही टीम बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में बेहतर प्रदर्शन कर एक-दूसरे को पराजित करने के इरादे से मैदान में उतरेंगी। पछले दो चरण की तरह गुजरात टाइटंस अभी तक एकजुट होकर शानदार प्रदर्शन नहीं कर सकी है, हालांकि उनके पास अपनी कमियों को पूरा करने का अब भी काफी समय है।

गुजरात टाइटंस ने तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 10 अप्रैल को अंतिम गेंद में जीत हासिल की थी और अगर उसे अपने अभियान में जान फूंकनी है तो उसे ऐसा ही प्रदर्शन करने की जरूरत है। टीम अपने पहले छह मैच में केवल दो में ही जीत सकी है और अभी आठ मैच बाकी हैं तो शुभमन गिल की अगुआई वाली टीम के पास चीजों का रुख बदलने के लिए काफी समय है।

मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति हालांकि उसके लिए नुकसानदायक रही है लेकिन उन्हें अपने सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध गेंदबाजों का सही इस्तेमाल करना होगा। उमेश यादव ने अभी तक सात विकेट झटके हैं, लेकिन प्रति ओवर 10 से ज्यादा रन लुटाए हैं। उनके नई गेंद के जोड़ीदार स्पेंसर जॉनसन और अनुभवी मोहित शर्मा भी अपने इकोनोमी रेट में सुधार कर सकते हैं।

स्टार स्पिनर राशिद खान ने अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की है, लेकिन वह अपने खाते में और विकेट डालना चाहेंगे। पिछले मैच में उनकी बदौलत गुजरात टाइटंस रोमांचक जीत हासिल करने में सफल रही और टीम भी उनसे बल्ले से इससे अधिक रनों की उम्मीद करेगी। वहीं दिल्ली कैपिटल्स की बात की जाए तो टीम फॉर्म और फिटनेस मुद्दों के कारण अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ अंतिम एकादश जुटाने में असफल रही है। पांच मुकाबलों में चार हार के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स पर मिली जीत से टीम का मनोबल बढ़ा, लेकिन अगर उन्हें प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए खुद को दौड़ में बनाए रखना है तो अपनी कमियों में सुधार करके मुकाबले जीतने होंगे।

फिट होकर वापसी करने वाले कुलदीप यादव की मौजूदगी से काफी बड़ा अंतर पड़ा। इस गेंदबाज ने लखनऊ सुपर जायंट्स के तीन विकेट लेकर उसकी बल्लेबाजी पर लगाम कसी। गुजरात टाइटंस के लिए उनका सामना करना, विशेषकर उनकी गुगली को खेलना मुश्किल हो सकता है।

जैक फ्रेजर मैकगुर्क के रूप में दिल्ली कैपिटल्स को तीसरे नंबर पर अच्छा खिलाड़ी मिल गया है और टीम उम्मीद कर रही होगी कि यह ऑस्ट्रेलियाई अपने पहले आईपीएल मैच की सफलता के बूते आगे बढ़े। मुकेश कुमार ने पांच मैच में 10 रन प्रति ओवर दिए हैं और वह लखनऊ के खिलाफ मैच में भी काफी खर्चीले रहे।




**संभावित टीमें**

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियम्सन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा।

**दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत ( कप्तान ), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी शॉ, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नोर्त्जे, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिशेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स।

### हम पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी करना चाहते हैं : हेड



**बेंगलुरु।** सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बार-बार रिकॉर्ड स्कोर बनाकर टी-20 बल्लेबाजी को एक अलग ही स्तर पर पहुंचा दिया है और ट्रेविस हेड का कहना है कि उनकी रणनीति का मुख्य हिस्सा पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन जुटाना रहा है।

हेड ने कहा कि उनकी कोशिश पावरप्ले के अंदर अर्धशतक जड़ने की रहती है। यह दूसरी बार है जब हेड ने पहले छह ओवर के अंदर ही पचास पूरा कर लिया हो।

### विश्व कप विजेता होलजेनबीन का निधन

**फ्रैंकफर्ट (जर्मनी)।** पश्चिम जर्मनी की 1974 विश्व कप जीत के दौरान नीदरलैंड्स के खिलाफ फाइनल में महत्वपूर्ण पेनल्टी दिलाने वाले फुटबॉलर बर्नड होलजेनबीन का निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। होलजेनबीन के पूर्व क्लब एंट्राक्ट फ्रैंकफर्ट ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उनका सोमवार को निधन हो गया, वह अपने परिवार के साथ थे। हालांकि इसमें इससे ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है।

## कैंडिडेट्स शतरंज में नेपोमनियाच्ची से गुकेश ने ड्रॉ खेला, संयुक्त बढ़त बरकरार

**एजेंसी, टोरंटो**



भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 10वें दौर में रूस के इयान नेपोमनियाच्ची से ड्रा खेलकर इस खिलाड़ी के साथ संयुक्त बढ़त कायम रखी। भारतीयों के बीच हुए मुकाबले में आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती ने भी अंक बांटे जबकि फैबियानो कारुआना ने फिरोजा अलीरेजा को और हिकारू नाकामूरा ने निजात अबासोव को पराजित किया।

अब साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में महज चार राऊंड बचे हैं। गुकेश और नेपोमनियाच्ची के समान 6-6 अंक हैं जबकि प्रज्ञानानंदा, कारूआना और नाकामूरा इनसे आधा अंक पीछे हैं। गुजराती के छह अंक हैं, जिससे वह अकेले छठे स्थान पर काबिज हैं जबकि अलीरेजा 3.5 अंक और अबासोव दो अंक लेकर दौड़ से बाहर हो गए हैं। नेपोमनियाच्ची काले या सफेद मोहरों से ज्यादा जोखिम नहीं ले रहे हैं।

### चीनी सुपर लीग की पहली महिला रेफरी बनीं झी

**शंघाई ।** चीनी सुपर लीग-2024 में शंघाई पोर्ट और शेडोंग ताइशान के बीच मैच की जिम्मेदारी संभालने के बाद, झी लिजुन चीन में शीर्ष स्तर के पुरुष फुटबॉल मैच में रेफरी बनने वाली पहली महिला बन गईं हैं। 35 वर्षीय झी, एशियाई फुटबॉल परिसंघ के लिए एक विशिष्ट सहायक रेफरी हैं।

उन्होंने 2022 महिला एशियाई कप और 2024 अंडर-20 महिला एशियाई कप फाइनल के साथ-साथ कई फीफा खेलों में अंपायरिंग की। वह 2023 महिला विश्व कप में मैदान पर एकमात्र चीनी रेफरी थीं।

## राज राजेश्वरी कॉलेज के छात्रों ने जीता राज्यस्तरीय वॉलीबाल टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

शिवा कालेज ऑफ एजुकेशन घुमारवीं में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम न्यू ईरा वाइब्रेशन-2024 के तहत आयोजित राज्य स्तरीय इंटर बीएड कॉलेज वॉलीबाल चैंपियनशिप मंगलवार को संपन्न हो गई। प्रो. अजय कुमार अत्री डीन एवं अध्यक्ष डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन एचपी यूनिवर्सिटी शिमला ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

पुरुष वर्ग का फाइनल राज राजेश्वरी कालेज ऑफ एजुकेशन भोटा व अभिलाषी कॉलेज ऑफ एजुकेशन नेरचैक मंडी के बीच हुआ जिसमें राज राजेश्वरी कालेज ऑफ एजुकेशन भोटा विजेता रहा। महिला वर्ग में स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ एजुकेशन तरक्वाड़ी ने वेंकटेश कालेज ऑफ एजुकेशन सोलन को फाइनल मैच में हराया।



वॉलीबाल टूर्नामेंट जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ खुशी मनाते खिलाड़ी।

## हिमाचल में कांग्रेस से नहीं संभल रहा अपना कुनबा : अनुराग ठाकुर



ऊना में जनसभा के दौरान सेल्फी लेते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी जहां 400 सीटों के लिए लड़ रही है वहीं कांग्रेस 40 सीटों के लिए संघर्ष कर रही है। 2014 और 2019 में भी हमारी पूर्ण बहुमत की सरकार बनी थी और 2024 में भी हम प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे। हिमाचल की चारों की चारों लोकसभा सीटें भी इसमें शामिल होंगी।

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेसी विधायकों को भाजपा द्वारा तोड़े जाने के आरोपों पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस अपना कुनबा नहीं संभाल पा रही है तो इसका ठीकरा दूसरों पर फोड़ना उचित नहीं है। जिन झूठे वादों के बदौलत कांग्रेस हिमाचल में सत्ता में आई उसमें से एक भी पूरा नहीं कर पाई। उनके खुद के विधायक उनके खिलाफ मोर्चा खोले रहते हैं। आम लोग आक्रोशित हैं। कांग्रेस द्वारा अभी तक हिमाचल प्रदेश की लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी न दिए जाने को उनका आंतरिक मामला बताते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा की चुनाव विकास और विचारधारा पर होता है। चुनाव में हम अपने विकास के ट्रैक रिकॉर्ड और विचारधारा को लेकर जाएंगे और भारी बहुमत से जीतेंगे।

## अमेरिकी अधिकारी का खुलासा-आर्थिक तंगहाली में भी पाकिस्तान ने बढ़ाए परमाणु हथियार

**एजेंसी, वाशिंगटन**



अमेरिका के एक शीर्ष खुफिया अधिकारी ने संसद को बताया कि आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद पाकिस्तान ने पिछले साल अपने परमाणु आधुनिकीकरण के प्रयासों को जारी रखा और भारत के साथ उसके विवादास्पद संबंध उसकी रक्षा नीति को आगे बढ़ा रहे हैं।

चीन के संबंध में हुई बैठक के दौरान रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस ने यह टिप्पणियां कीं। क्रूस ने सांसदों को बताया कि पाकिस्तान ने कश्मीर को लेकर भारत के साथ अपने विवाद सुलझाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और विभिन्न देशों से समर्थन मांगा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच नियंत्रण रेखा पर फरवरी 2021 से एक असहज युद्धविराम कायम है।

क्रूस ने शीर्ष अमेरिकी सांसदों को बताया कि भारत के साथ पाकिस्तान के विवादास्पद रिश्ते उसकी रक्षा नीति को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, फरवरी 2021 में युद्धविराम के बाद से दोनों देशों के बीच सीमा पार हिंसा में कमी आई है।

**केजरीवाल ने जेल से भेजा संदेश**

### 'मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं आतंकवादी नहीं हूं'

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शराब घोटाला मामले में जेल जाने के बाद से उनकी रिहाई को लेकर मुखर हैं। वह अपने नेता के जेल से दिए संदेश को सार्वजनिक कर रहे हैं । पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और देश की जनता के लिए बेटे और भाई की तरह काम किया। जेल में अरविंद केजरीवाल के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने जनता के लिए संदेश भेजा है, 'मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं आतंकवादी नहीं हूं।'

### पूजा हेगड़े ने मुंबई में खरीदा 45 करोड़ का घर



**मुंबई ।** सुपरस्टार ऋतिक रोशन की फिल्म मोहनजोदड़ो से हिंदी सिनेमा में कदम रखने वालीं अभिनेत्री पूजा हेगड़े किसी अलग पहचान की मोहताज नहीं हैं। बहुत कम समय में बतौर एक्ट्रेस पूजा ने खुद का खास मुकाम बनाया है। पूजा हेगड़े को लेकर इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि उन्होंने मायानगरी यानी मुंबई में एक नया घर खरीद लिया है और जल्द ही वह इसमें शिफ्ट होने वाली हैं। इस घर की किमत 45 करोड़ बताई जा रही है।

### चुनावी वादे करने के बाद भूल जाने में कांग्रेस माहिर : सीतारमण

**जयपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सिर्फ चुनाव के लिए वादे कर जनता को गुमराह करना और वोट लेकर भूल जाने में कांग्रेस माहिर है।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने सरकारी कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना (एनपीएस) की जगह पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने के लिए भी राजस्थान की गत अशोक गहलोत सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि राज्य की पिछली कांग्रेस सरकार ने एक गलत और नामुमकिन तरह का वादा किया, लेकिन जब उसे लागू करने की कोशिश की तो उसकी पार्टी के ही लोगों ने इसका विरोध किया।

उन्होंने कहा कि राजस्थान की तत्कालीन अशोक गहलोत सरकार ने नई पेंशन योजना की जगह पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की घोषणा की और इसे लागू भी किया, लेकिन इसकी नकल कर कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल के चुनाव में भी यही वादा किया और चुनाव जीत गई।

---

**कारोबार**

### ईरान और इसराइल के बीच बने तनाव का असर सर्राफा बाजार पर पड़ा

# चेन्नई में सोना 75 हजार के करीब पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ईरान और इसराइल के बीच बने तनाव का असर घरेलू सर्राफा बाजार पर भी पड़ा है। इस तनाव के कारण सुरक्षित निवेश के रूप में सोना और चांदी की मांग में इजाफा हो गया है, जिसकी वजह से इन दोनों चमकीली धातुओं में तेजी आ गई है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 73,100 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर और 22 कैरेट सोना 67 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर कारोबार कर रहा है।



आज की तेजी के कारण चेन्नई में सोने के दाम में सबसे अधिक उछाल दर्ज की गई है। चेन्नई में 24 कैरेट सोना 75 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर के करीब पहुंच गया है, वहीं 22 कैरेट सोना 69 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच कर कारोबार कर रहा है। सोने की तरह आज चांदी के भाव में भी तेजी आई है। इस तेजी के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 86,100 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,310 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,210 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,160 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,060 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,950 रुपए प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,700 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

### कच्चा तेल 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब




**अंतरराष्ट्रीय** बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। कच्चे तेल का मूल्य 91 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए, डीजल 87.62 रुपए, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए, डीजल 92.15 रुपए, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपए, डीजल 90.76 रुपए, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपए और डीजल 92.34 रुपए प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

### घरेलू शेयर बाजार में गिरावट जारी



मिडिल ईस्ट में जारी टेंशन का असर घरेलू शेयर बाजार पर आज लगातार दूसरे दिन नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत एक बार फिर गिरावट के साथ हुई। हालांकि पहले घंटे के कारोबार के दौरान खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर बाजार को सहारा देने की कोशिश जरूर की। इसके बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी लगातार लाल निशान में ही बने रहे। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.47 प्रतिशत और निफ्टी 0.42 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

## ईरान के कब्जे से जल्द रिहा होंगे महिला सहित 17 भारतीय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हाल ही में नरेंद्र मोदी सरकार की सफल कूटनीति का नतीजा सामने आया, जब कतर में मौत की सजा पाए भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अफसरों की रिहाई संभव हो पाई। वह सुरक्षित स्वदेश लौट आए। इस सबके साथ ही अब ईरान और इसराइल के बीच जारी तनाव के दरम्यान इसराइल का एक मालवाहक जहाज इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है।

बता दें कि इसराइल के इस मालवाहक जहाज को ईरान ने कब्जे में लिया है। इस जहाज में कुल 25 लोग सवार हैं, जिनमें 17 भारतीय हैं और इसमें एक महिला भी है। अब इस मामले में भी भारतीय कूटनीति और भारतीय विदेश नीति की एक और बड़ी जीत देखने को मिल रही है। जहाज पर ईरान द्वारा पकड़े गए भारतीयों की सुरक्षित रिहाई के लिए भारत सरकार की तरफ से रास्ता तलाशा जा रहा है। ईरान की तरफ से हार्मुज जलडमरूमध्य के निकट एक इसराइली जहाज पर कब्जा किया गया है। इस जहाज पर 17 भारतीयों के होने की सूचना के बाद भारत का विदेश मंत्रालय एक्टिव हो गया और अब ईरान के विदेश मंत्री का भी इस मामले पर बयान आ गया।

अमीर-अब्दुलाहियन ने टेलीफोन पर भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर को यह जानकारी दी जबकि जयशंकर ने इस मालवाहक जहाज पर सवार चालक दल के भारतीय सदस्यों को रिहा करने के लिए कहा था।



**विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारतीय सदस्यों को रिहा करने के लिए कहा**